किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार • समाज जागरण • RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 3 अंकः 128 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 19 फरवरी 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

सीएम नीतीश की सुरक्षा में हुई चूक

समाज जागरण जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ पटना में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान आज कैमूर जाने के लिए जब मुख्यमंत्री आवास से रवाना हुए तो उनकी सुरक्षा में बड़ी चुकी हुई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दोनों प्रगति यात्रा पर सूबे के अलग-अलग जिलों में जा रहे हैं। ऐसे में आज सुबह जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैमूर के लिए सीएम आवास से रवाना हुए और एयरपोर्ट जाने के रास्ते में पटना जू के पास पहुंचे तो अचानक सीएम के कारकेड को रोकना पड़ गया। इसके बाद वहां मौजूद ट्रैफिक के अधिकारियों में भी अफरा तफरी मच गई कि आखिर इसकी वजह क्या है। बताया जा रहा है कि सीएम नीतीश कुमार का काफिला जब पटना के चिड़िया घर के पास पहुंचा तभी अचानक से सामने से एक कार आ गई जिसके बाद सीएम नीतीश कुमार के कार-केड को रोकना पड़ गया। इसके बाद अब इसे कम की सुरक्षा में बड़ी चूक बताई जा रही है। इसके बाद अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी द्वारा पहले से इस चीज का ध्यान क्यों नहीं रखा गया। आखिर सीएम का काफिला जब गुजर रहा था तो फिर अचानक से कोई कार बीच में कैसे आ गया। जबकि अमूमन एक मंत्री का भी काफिला गुजरता है तो कुछ देर के लिए आम लोगों को रोक दिया जाता है कि मंत्री के काफिले के बीच में नहीं रोकना पड़े और जब बात मुख्यमंत्री कि हो तो इनकी सुरक्षा का लेयर

काफी हाई होता है और छोटे से बड़े हर किसी को सीएम के मूवेमेंट के बारे में जानकारी दी जाती है और सीएम के निकलने से कुछ देर पहले ही उनके रूट को आम लोगों के लिए कुछ देर के बाद लिए बंद कर दिया जाता है। इस बीच यदि किसी आम लोगों की गाडी आती है तो यह खुद में एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। साल 2022 में जनवरी महीने में पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पंजाब के फिरोजपुर में रैली को संबोधित करने जा रहे थे।जहां अचानक रैली का कार्यक्रम रद्द हो जाने के चलते पीएम का काफिला वापस लौट रहा था। तभी हुसैनीवाला में दूसरी तरफ से प्रदर्शनकारी किसानों के अचानक आ जाने से पीएम का काफिला एक फ्लाई ओवर पर करीब 20 मिनट तक रुका रहा।जिसे पीएम की सुरक्षा में भारी चूक माना जा रहा है।

'बस बहुत हो गया' सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल अधिनियम को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं को किया खारिज!

समाज जागरण

नई दिल्लीः भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने पूजा स्थल अधिनियम 1991 को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं की लगातार आ रही बाढ़ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, "बस बहुत हो गया। अब इस पर रोक लगनी चाहिए।" कोर्ट ने अब स्पष्ट किया है कि आगे कोई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

नई याचिकाओं को खारिज करते हुए बेंच ने हस्तक्षेप याचिकाओं को अनुमति दी है, जो नए कानूनी आधार पेश करती हैं। पूजा स्थल अधिनियम 15 अगस्त, 1947 को पूजा स्थलों की धार्मिक प्रकृति में किसी भी तरह के बदलाव को प्रतिबंधित करता है, राम जन्मभूमि विवाद एकमात्र अपवाद है,

यह कानून कई कानूनी लड़ाइयों का विषय रहा है, खासकर वे जो अतीत में कथित रूप से ध्वस्त किए गए हिंदू मंदिरों को वापस पाने की मांग कर रहे हैं। अश्विनी कुमार

उपाध्याय ने अधिनियम को मूल चुनौती दायर की थी, लेकिन पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू समूहों द्वारा दायर 18 मुकदमों पर कार्यवाही रोक दी थी। इन मामलों में श-ाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद और संभल मस्जिद से जुड़े विवाद शामिल हैं।

चूंकि अदालत कानून की वैधता पर दलीलें सुन रही है, इसलिए इस मामले ने महत्वपूर्ण राजनीतिक रुचि पैदा की है। कांग्रेस और एआईएमआईएम सहित कई विपक्षी दलों ने अधिनियम के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, उनका तर्क है कि सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए इसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। दूसरी ओर, दक्षिणपंथी समूहों ने कानून का विरोध किया है और स्थलों को पुनः प्राप्त करने के अधिकार की वकालत की है।न्यूज एजेंसी

अयोध्या के राम मंदिर में 'गहरी साजिश'? पुलिस ने मंदिर के पास ड्रोन को मार गिराया

अयोध्याः पुलिस ने मंगलवार को एंटी-ड्रोन सिस्टम के ट्रायल के दौरान राम मंदिर मार्ग पर उड़ रहे एक ड्रोन कैमरे को रोका और उसे मार गिराया, अधिकारियों ने कहा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए कहा कि यह राम मंदिर में अराजकता पैदा करने की गहरी साजिश थी, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु मारे जा सकते थे। हालांकि, पुलिस ने आगे की जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि मामले की जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार, साजिशकर्ता की पहचान कर ली गई है और वह हरियाणा के गुरुग्राम का रहने वाला है।

इससे पहले, अधिकारियों ने कहा कि बम निरोधक दस्ते ने ड्रोन कैमरे की गहन जांच की और पुष्टि की कि कोई सुरक्षा खतरा नहीं है। राम जन्मभूमि पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया

25 फरवरी को बिहार दौरे पर आयेंगी राष्ट्रपति

समाज जागरण जिला संवाददाता: वेद प्रकाश

पटना/ भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 फरवरी को बिहार दौरे पर आ रही हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करना है, जो ज्ञान भवन में आयोजित होगा। इसके साथ ही, वे पटना के राजेंद्र नगर स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का भी दौरा करेंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा बिहार के लिए बेहद खास और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) बिहार और पूर्वी भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित अस्पतालों में से एक है। इस अस्पताल की स्थापना को 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य शताब्दी समारोह आयोजित किया

जा रहा है। करोड़ों की लागत से पुनर्निर्मित यह अस्पताल बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन समारोह में शामिल होकर बिहारवासियों को एक ऐतिहासिक सौगात देंगी। शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति दोपहर 12:15 बजे पहुंचेंगी और एक घंटे तक यानी 1:15 बजे तक उपस्थित रहेंगी। इस दौरान कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति भी समा-रोह में शामिल होंगे। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित अन्य विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। पीएमसीएच के शताब्दी समारोह में भाग लेने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पटना के राजेंद्र नगर स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का दौरा करेंगी। यह साइंस सिटी भारत के महान वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को समर्पित है। 82,900 वर्गमीटर में फैली यह साइंस सिटी विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। इसका उद्देश्य छात्रों, शोधकताओं और आम जनता को विज्ञान की खोज, कार्य प्रणाली और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक और प्रेरित करना है। बिहार की वैज्ञानिक विरासत को सहेजने और बढ़ावा देने के लिए इसे एक प्रमुख केंद्र के रूप में विक-सित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा बिहार के लिए कई मायनों में अहम है। एक ओर पीएमसीएच का शताब्दी समारोह बिहार की स्वास्थ्य सेव-ाओं को नई दिशा देगा, तो दूसरी ओर सा-इंस सिटी बिहार में विज्ञान और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी। इस दौरे से बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और राज्य के विकास को एक नई गति मिलेगी।

सड़क के ठेकेदार का अजब कारनामा! नई सड़क में उगी घास

समाज जागरण

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के सेमरा रजवाहा से निकली धनसीरिया माइनर में 3 महीने पूर्व नहर में काम लगाया गया था। जिससे पटरी की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी और जगह-जगह गड्ढे बन गए थे। नहर विभाग के ठेकेदार के द्वारा दोबारा से नई सड़क बनाया जा रहा है। लेकिन घटिया क्वालिटी के तरीके से सड़क का काम पूरा कर दिया गया। सड़क तो बना दिया गया लेकिन सड़कों में घास उगी हुई है। सड़कों में घास देखकर ग्रामीण हंस रहे हैं। सड़कों की कुटाई किए बिना ही घटिया क्वालिटी का सामान लगाकर गिट्टी डालकर सड़क बना दिया गया। यह सड़क कितने दिन चलेगी देखने वाली बात होगी। ठे-केदार के द्वारा जल्दबाजी में काम को पूरा किया गया है। जिले की अधिकारी भी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं कभी भी मौके का मुआयना नहीं करते हैं। जिससे ठेकेदार मनमाने तरीके से सड़क बनाकर चले जाते हैं और जल्द ही सड़के

खराब होने लगती है। नहर की पटरी पर 5 किलोमीटर की नई सड़क बन रही है लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण रात में काम को पूरा किया गया। अभी एक हफ्ते पूर्व ही ग्रामीणों ने इसी सड़क की शिकायत की थी लेकिन मात्र सौ मीटर की दूरी की सड़क बनी लेकिन सड़क में घास उगी हुई है। बाकी भगवान भरोसे। बनने के बाद सड़क पर गिट्टीया उखड़ने लगी।क्षतिग्रस्त सड़क पर ही नई गिट्टी डालकर सड़क बनाया जा रहा है। मनमाने तरीके से सड़क निर्माण में घटिया क्वालिटी का मटेरियल लगाकर कोरम पूरा किया गया है। लेकिन सड़क के दोनों तरफ घास में ही सड़क का निर्माण कर दिया गया। जिससे दोनों तरफ चलने पर घास ही घास दिखाई दे रही है। 10 दिन पूर्व ही बनी सड़क की गिट्टीया उखड़ने लगी इसके अलावा ट्रैक्टर गुजरने से सड़क क्षतिग्रस्त। लापरवाही और घटिया क्वालिटी का सामान लगाकर किया गया कोरमपुरा जांच के नाम पर अधिकारी कुछ नहीं करते।

दिल्ली में यमुना के वासुदेव घाट पर शाम की आरती की गई

नई दिल्ली, 18 फरवरीः राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी के तट पर वासुदेव घाट पर मंगलवार को भव्य शाम की आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए एकत्रित हुए।

भजनों के उच्चारण और तेल के दीयों की रोशनी के बीच श्रद्धालुओं ने नदी के कायाकल्प के लिए ईश्वर से आशीर्वाद मांगा।

विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने कहा, "मेरा मानना है कि दिल्ली के इंद्रप्रस्थ बनने का समय आ गया है। योगियों का शासन शुरू होने वाला है और मैं आदरणीय उपराज्यपाल का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके प्रयासों से यह सुंदर स्थान संभव हो पाया है।"

2025 में सोने की कीमतें 8,300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक बढ़ सकती हैं,

चूँकि सोने की कीमतें 8,300 रुपये प्रति 10 ग्राम या 11% तक बढ़ गई

हैं, इसलिए शीर्ष आभूषण ब्रांड बिक्री को बढ़ावा देने के लिए किश्तों या व्यवस्थित निवेश योजना के रूप में भुगतान विकल्प दे रहे हैं।

ममता बनर्जी के बयान पर संत समाज में आक्रोश

महाकुम्भ को 'मृत्यु कुंभ' बताने पर भड़के संत, बयान पर जताई नाराजगी

महाकुम्भ सनातन की दिव्यता का प्रतीकः महंत जमुना पुरी

ममता बनर्जी अपने प्रदेश का आत्मचिंतन करें: स्वामी अरुण गिरी

कुम्भ का अपमान सनातन का अपमानः महंत राजेंद्र दास

संत समाज ने ममता बनर्जी से स-ार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की

महाकुम्भ नगर, 18 फरवरः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुम्भ को "मृत्यु कुम्भ" कहे जाने पर संत समाज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। संतों ने उनके बयान को सनातन धर्म और महाकुम्भ की पवित्रता का अपमान बताया। संत समाज ने एक सुर में ममता बनर्जी से अपने शब्दों पर खेद प्रकट करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है।

महाकुम्भ अमृत पर्व है, ममता को संयम रखना चाहिए

श्री पंचायती अखाड़ा महा निवार्णी के राष्ट्रीय सचिव श्री महंत जमुना पुरी जी ने कहा कि ममता बनर्जी जिस जिम्मेदार पद पर हैं, वहां से ऐसा बयान देना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा, "प्रयागराज महाकुम्भ अमृत पर्व है, जिसकी दिव्यता और भव्यता पूरे विश्व ने देखी है। ममता बनर्जी को मह-ाकुम्भ के नाम के साथ ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।"

ममता बनर्जी अपने प्रदेश का आत्मचिंतन करें

पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी ने ममता बनर्जी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, "पश्चिम बंगाल हिन्दू सनातनियों के लिए मृत्यु प्रदेश बनता जा रहा है। हजारों सनातनियों का नरसंहार हो रहा है और चुनाव के समय लाखों हिंदुओं को पलायन करना पड़ता है। ममता बनर्जी को उत्तर प्रदेश की नहीं, अपने प्रदेश की चिंता करनी चाहिए।" उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को वैश्विक पहचान दिलाई और भव्य आयोजन से नया इतिहास रचा।

ममता बनर्जी को माफी मांगनी चाहिए

अयोध्या हनुमान गढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने ममता बनर्जी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को अपने शब्दों के लिए माफी मांगनी चाहिए। इसी तरह, अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, "संत समाज ममता बनर्जी के बयान की कड़ी निंदा करता है। महाकुम्भ सनातन संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक है।"

धार्मिक विषयों में राजनेता टिप्पणी न ही करें तो उचित

गोवर्धन मठ पुरी के स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ ने कहा, "ममता बनर्जी को स्वयं प्रयागराज महाकुम्भ आकर उसका अवगाहन करना चाहिए । जिस अमृत कुम्भ में 50 करोड़ से अधिक सनातनियों ने पुण्य अर्जित कर दिव्य अनुभूति का अवगाहन किया उसे मौत का कुम्भ कहना अत्यंत निंदनीय है। धार्मिक विषयों में राजनेता टिप्पणी न ही करें तो उचित होगा।

महाकुम्भ का अपमान सनातन का अपमान

निमोहीं अनी अखाड़ा के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास ने ममता बनर्जी के बयान को सनातन धर्म का अपमान बताया। उन्होंने कहा, "प्रयागराज महाकुम्भ ने सनातन की दिव्यता को शीर्ष पर स्थापित किया है। ममता बनर्जी महाकुम्भ का आंकलन नहीं कर सकतीं क्योंकि उन्होंने हमेशा सनातन और उसके प्रतीकों का अपमान किया है। ऐसे बयान देकर वे भी अरविंद केजरीवाल की राह पर चल रही हैं और उनका भी हश्र वही होगा।"

ममता बनर्जी सनातन विरोधी

महामंडलेश्वर ईश्वर दास महा-राज ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान सनातन धर्म के खिलाफ उनकी मानसिकता दशार्ता है। उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी हमेशा सनातन का विरोध करती आई हैं। वह बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं।"

महाकुम्भ के महाआयोजन से उत्तर से दक्षिण भारत तक सनातन का उत्साह चरम पर

महाकुम्भ में पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण बोले यह दिव्य समागम

महाकुम्भनगर, 18 फरवरी : दुनिया के सबसे बड़े समागम को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्य और नव्य महाकुम्भ की संकल्पना को साकार कर दिखाया है, जिसे लेकर उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक के लोगों का उत्साह चरम पर है। ये बातें महाकुम्भ में मंगलवार को पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने संगम की रेती पर कहीं। उनका यह भी कहना था कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन में कुछ लोग नेगेटिव बातें भी कर रहे, लेकिन आम आदमी उनकी सच्चाई समझते हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद ने संगम में पवित्र स्नान किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि भारत का सनातन धर्म बहुत प्रबल है। श्रद्धालुओं के अपार जनसमूह को व्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद ने योगी सरकार की सराहना की।

सनातन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक घटना केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान किया और इस अद्वितीय अनुभव को भारतीय सनातन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक घटना बताया। जोशी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस विशाल आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाएं अद्भुत और अकल्पनीय हैं। उनके अनुसार करोड़ों श्रद्धालुओं का संगम तक पहुंचना इस आयोजन को एक विशेष स्थान देता है। जो भारत के सनातन धर्म की ताकत को प्रदर्शित करता है।

सनातन धर्म की ताकत से दुनिया प्रभावित है

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत का सनातन धर्म श्रद्धा रखने वाले लोगों के लिए एक अलौकिक अनुभव है। देशभर से रोज लाखों करोड़ों लोग संगम तक पहुंच रहे हैं, जो भारतीय सनातन धर्म की ताकत का प्रतीक है। जोशी ने यह भी कहा कि भारत दुनिया के सबसे अच्छे देशों में से एक है, जहां लोग सुख-शांति के साथ रहते हैं। इस महाकुम्भ के आयोजन ने इस धारणा को और भी सशक्त बनाया है।

राष्ट्रीयता एवं स्वाभिमान के प्रतीक थे छत्रपति शिवाजी

इतिहासकारों, विशेषकर अंग्रेज इतिहासकारों ने भारत के जिन महापुरुषों के साथ अन्याय किया है, उनमें छत्रपति शिवाजी भी हैं। उनके जिन गुणों एवं विशेषताओं को आदर एवं सम्मान के साथ वर्णन किया जाना चाहिए था, उनकी लगभग उपेक्षा ही की गई है। विश्व के इस श्रेष्ठ इतिहास पुरुष को मात्र हिन्दवी स्वराज या हिन्दू पद पादशाही के नेता के रूप में चित्रित किया गया है तथा सर्व धर्म समभाव तथा सभी जातियों के प्रति सम्मान, सद्भाव एवं आदर के उनके गुण एवं विशेषताओं को ज्यादा महत्व नहीं दिया गया है। राष्ट्रीयता एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान के उनके अभूतपूर्व संघर्ष को हिन्दू-मुस्लिम संघर्ष निरूपित किया गया। यहां तक कि कुछ अंग्रेज इतिहासकारों तथा मुगलिया इतिहास लेखकों ने उन्हें एक लुटेरा-शासक निरूपित करने की हीन हरकत तक की है।

वस्तुतः शिवाजी का संपूर्ण जीवन ही भारत में राष्ट्रीयता एवं स्वाभिमान को विकसित करने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने हिन्दू संस्कृति की रक्षा करने का प्रयास किया,पर इसके साथ ही उन्होंने दूसरे धर्मों को भी सम्मान दिया। यही कारण था कि शिवाजी ने यह नियम बना दिया था कि उनके सैनिक, धार्मिक एवं पवित्र स्थानों, मस्जिदों, स्त्रियों और कुरान शरीफ को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुंचायेंगें और न इनका अपमान करेंगे। कुरान की कोई प्रति जब उन्हें मिल जाती थी तो वे उसका पूरी तरह आदर एवं सम्मान करते थे। किसी हिन्दू या मुस्लिम स्त्री को जब बंदी बना लिया जाता था तो शिवाजी उस समय तक उसकी देखरेख करते थे, जब तक कि वह स्त्री उसके परिजनों को सौंप नहीं दी जाती थी। कई मुस्लिम स्त्रियों को उन्होंने मां के संबोधन से संबोधित किया था। उन्होंने मकबरों तथा धार्मिक स्थानों को अनुदान देने की प्रथा को पुनः लागू किया था। यही कारण था कि उनकी सेना में कई मुस्लिम अधिकारी थे, जिसमें मुंशी हैदर, सिद्दी सम्बल,सिद्दी मिसरा दरिया, सारंग, दौलत खां, सिद्दी हलाल और नूर खां के नाम उल्लेखनीय हैं। ये सभी शिवाजी के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं आस्था रखते थे। शिवाजी ने पहली बार भारत में सुव्यवस्थित जलसेना की स्थापना की थी। इस जलसेना का सेनापति भी एक मुस्लिम दौलत खां था।

सर्वधर्म समभाव के साथ-साथ शिवाजी ने हिन्दू धर्म में व्याप्त जाति प्रथा के आधार पर भेदभाव की भावना को समाप्त करने का भी प्रयास किया था। उनकी धारणा थी कि व्यक्ति का सम्मान जाति के आधार पर नहीं होना चाहिए। इसलिए जहां उन्होंने ब्राह्मण विद्वानों को सम्मान एवं आदर दिया, वहीं उन्होंने मल्लाह, कोली, बाघर, संधर, एवं अन्य उपेक्षित जातियों को संगठित करके उन्हें भी अपनी सेना में स्थान दिया।

अंग्रेज इतिहासकारों ने शिवाजी के जिस संघर्ष को हिन्दू-मुस्लिम संघर्ष का नाम दिया, वस्तुतः वह धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध सर्वधर्म समभाव का संघर्ष था। औरंगजेब ने दिल्ली में सत्ता सम्हालते ही जो आदेश जारी किए थे, उनसे हिन्दू ही नहीं अपितु मुसलमानों का स्वाभिमान एवं धार्मिक भावनाएं आहत हो रही थीं। उसने राज दरबार में उपस्थित होने वाले हिन्दुओं द्वारा मस्तक पर तिलक लगाना रोक दिया था, होली के उत्सव एवं जुलूस बंद कर दिए थे, नये मंदिरों के निर्माण पर पाबंदी लगा दी थी, सैकड़ों पुराने मंदिरों को तोड़ दिया गया था।

बैठकी भारत के भविष्य की धूरी-"धर्म या राष्ट्रवाद"

दैनिक समाज जागरण

सरजी,मेरा भतिजा मास्टर डिग्री का विद्यार्थी है।कल मैंने उससे पूछा कि भारतीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में धर्म को महत्व देना चाहिए या राष्ट्र को!! तो उसका जबाब था --"राष्ट्र"। क्या ये उत्तर सही है!!--उमाकाका बैठते हीं मुद्दा रख दिये।

काकाजी !धर्म,राष्ट्र की आत्मा होती है। बिना धर्म के राष्ट्र जीवित नहीं रह सकता और बिना राष्ट्र के व्यक्ति का अस्तित्व नहीं। महात्मा गांधी ने इस बिंदु पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि "वास्तव में जितने व्यक्ति होते हैं, उसके उतने धर्म होते हैं, किंतु राष्ट्र एक होता है और राष्ट्रीयता की भावना भी एक होती है। यही भावना राष्ट्र की ताकत है। राष्ट्रीयता जाति, भाषा,पंथ, मजहब, परम्पराओं, संस्कृतियों के साथ एक निश्चित भौगोलिक सीमा में रहने वाले नागरिकों के लिए समान होती है"।

महात्मा गांधी की ऐसी सोंच,एक आदर्श हो सकता है लेकिन भारत हीं नहीं विश्व की ऐतिहासिक एवं



वर्तमान परिस्थितियों का आंकलन करेंगे तो गांधी का ये आदर्श,भारतवासियों को खासतौर पर हिंदूओं को मूर्ख बनाने का इस्लामिक अस्त्र,"अलतकिया" था जो धार्मिक आधार पर भारत विभाजन के साथ हीं स्पष्ट हो चूका था और आज हमारे देश में भी तुष्टीकरण के रूप में जाहिर हो चूका है।--मैं चुप हुआ।

काकाजी !आक्रांताओं और अंग्रेजों की गुलामी के पश्चात विभाजित भारत की शिक्षा व्यवस्था वैसे कांग्रेसी शिक्षा मंत्रियों के हाथों दशकों तक रही जो कट्टर इस्लाम परस्त एवं वामपंथी विचारधारा के रहे।

जिसने स्वतंत्र भारत में ऐसी शिक्षा नीति एवं शिक्षा व्यवस्था बनायी जिसने,हिंदुओं की गौरवशाली सनातन संस्कृति और इतिहास को उपहास का पात्र बना दिया ताकि हिंदू पीढ़ियां,अपने धर्म,संस्कृति एवं संस्कार से दूर होती जाय। हिंदूओं की पीढ़ियों को धर्मनिरपेक्षता के साथ साथ पाश्चात्य संस्कृति की अफीम पिलाई जाती रही ताकि विभाजित भारत का भी इस्लामीकरण किया जा सके। इसी के मद्देनजर कांग्रेस ने एक ओर संवैधानिक कानून बनाकर हिंदुओं के धार्मिक शिक्षा पर प्रतिबंध लगाया दुसरी ओर मुसलमानों और ईसाईयों को धार्मिक शिक्षा की छूट दे रखी। दशकों के कांग्रेस शासन ने,सनातन के विरुद्ध ऐसा परिवेश बना दिया जिसमें, यदि काकाजी का भतीजा,धर्म की जगह, राष्ट्र को अहमियत दे रहा तो कोई आश्चर्य नहीं। यही उत्तर, देश के 99 प्रतिशत हिंदू नौजवानों का होगा जो देश के भौगोलिक भविष्य को पुनः संकट में डालने वाला है।--मास्टर साहब मुंह बनाये।

मास्टर साहब! हमनी के मानेनी जा जे--"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी"। हमनी के देश के श्रेष्ठ मानतानी जा तबे नु "भारत माता की जय", "वंदेमातरम्,कहेनी जा!!--मुखियाजी खैनी मलते हुए।

ठीक कहते हैं मुखियाजी! राष्ट्र हमारे लिये माता समान है जो हमारा भरण पोषण करती है लेकिन राष्ट्र बिना धर्म के जीवित नहीं रह सकता। राष्ट्र बनते बिगड़ते हैं लेकिन राष्ट्रों का निर्माण धर्म हीं करता है। जैसे जैसे सनातन धर्म सिकुड़ता गया अखंड भारत,10 से भी अधिक टुकड़ों में विभाजित होता गया। अगर राष्ट्र महत्वपूर्ण होता तो अखंड भारत से--अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बंगलादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, तिब्बत, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड आदि देशों का निर्माण कैसे हो गया!!--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.....

हमारे देश में हिंदुओं को मूर्ख बनाने के लिए "प्रथम राष्ट्र" की दुहाई दी जाती है। मुसलमानों के संदर्भ में देखा जाय तो उनके लिए देश, जमीन का एक टुकड़ा मात्र होता है और इस्लाम पंथ हीं सबकुछ होता है। इसका प्रमाण है कि सन 610 के पहले इस्लाम के नाम पर एक गांव नहीं था लेकिन आज 58 इस्लामिक देश हैं। इतना हीं नहीं विश्व में जिन देशों में ये आज,अल्पसंख्यक भी हैं वहां-वहां धार्मिक उन्माद फैलाकर,उस देश के इस्लामीकरण के चक्कर में रहते हैं या फिर विभाजन के राष्ट्रवादिता, ऐसे व्यवहार के लक्षण नहीं।--सुरेंद्र भाई हाथ चमकाये।

मुखियाजी! मनुस्मृति के अध्याय 8 का 15 वां श्लोक है --

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत।।

अर्थात,जो धर्म को छोड़ते हैं या जो धर्म को लोप करते हैं उसे धर्म नाश कर देता है और जो धर्म की रक्षा करता है,उसकी धर्म भी रक्षा करता है। इसलिए धर्म का हनन नहीं करना चाहिए ताकि नष्ट धर्म हमें न नष्ट कर दे।

बंगलादेश, पाकिस्तान की बात छोड़िये आज के भारत में हीं देखिये जिस भौगोलिक क्षेत्र में हिंदू अल्पसंख्यक है उसे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ रही है जैसे कश्मीर, मणिपुर, केरल, बंगाल, आदि राज्यों में।--डा. पिंटू मुंह बनाये।

याद है न!!1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में

भारतीय सेना की मुस्लिम बटालियन, हथियारों के साथ पाकिस्तान के पक्ष में चली गई थी और भारत के हीं विरुद्ध लड़ी थी। आपलोगों ने कभी मुस्लिम नेताओं को या कांग्रेस के विपक्षी दल के नेता, राहुल गांधी को "भारत माता की जय" या "वंदेमातरम" कहते सुना है!! नहीं न! क्यों! क्योंकि उनके लिये ये इस्लाम के विरुद्ध है। तो प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि भारत में रह रहे मुसलमानों की निगाह में राष्ट्र बड़ा या धर्म!! सबने देखा है, जहां इनका धार्मिक स्वार्थ सधता है वहां संविधान की दुहाई देते हैं और जहां संविधान या सुप्रीम कोर्ट का फैसला, इनके शरिया कानून के अनुरूप नहीं होता, शरिया की दुहाई देते हुए विरोध करते हैं। तुष्टीकरण की राजनीति,पुनः हमारे देश को विभाजन की ओर ढकेल रहा है, जिसके लिए तथाकथित महात्मा और कांग्रेस ने धर्म पर देश का विभाजन तो करवा दिया लेकिन पुनः विभाजन का प्लेटफार्म अर्थात कारण, यथावत रहने दिया। पुनः सनातन सिकुड़े और विभाजन की प्रक्रिया तीव्र हो इसके लिए कांग्रेस ने संविधान का सहारा लिया और मूल संविधान को इस्लामिक संविधान बना डाला। --मास्टर साहब गंभीर लगे ।

जिस तरह भारत में मुसलमानों द्वारा जनसंख्या विस्फोट किया जा रहा है और बंग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की देश में भरमार होती जा रही है उससे देश की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। देश में सत्ता की लोलुप राजनीतिक अपेक्षायें,लचर नागरिकता कानून एवं न्याय व्यवस्था, बहुसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध एवं कट्टरपंथियों के पक्षपाती संवैधानिक नियम, आदि,डेमोग्राफी बदलने में भरपूर मदद हीं नहीं कर रहे बल्कि सनातन धर्म पर नाना प्रकार के कुठाराघात भी कर रहे हैं।इसके चलते निकट भविष्य में राष्ट्र को महत्व देने वालों का कमजोर पड़ना स्वाभाविक है। इसके उलट धार्मिक कट्टरवाद बलवती होता जा रहा है जिसके चलते अंततः,पुनः राष्ट्र विभाजन आवश्यम्भावी हो जायेगा।--मैं चुप हो गया।

ठीक कह रहे हैं सरजी! यूरोपीय देश, राष्ट्र पर कट्टरपंथियों के खतरे को समझ चूकें हैं इसीलिए 17 यूरोपीय देशों ने इन्हें देश से निष्कासित करने का प्रक्रम शुरू कर दिया है।मोदी सरकार आने के बाद राष्ट्र विभाजन की शक्तियां कुछ कमजोर पड़ीं हैं और अपने धर्म के प्रति सनातनियों में जागृति बढ़ी है। इसे प्रयागराज के महाकुंभ में अभी तक,54 करोड़ से भी अधिक स्नानार्थियों की उपस्थिति सिद्ध करती है।लेकिन भारत को पुनः मुगलिया सल्तनत के रूप में विभाजित करने को तत्पर अस्त्र,"वक्फ बोर्ड" को कुंद करने के मोदी प्रयास के विरुद्ध, विपक्षी दलों के हिंदू सांसदों की जमघट, हिंदू धर्म या सनातन के कमजोर होने का लक्षण सिद्ध करता है। जब राष्ट्रवाद और धर्म दोनों में परस्पर तारतम्यता रहेगी तभी राष्ट्र और देशवासी सुरक्षित रह सकते हैं। कमजोर पड़ता और सिकुड़ता सनातन,भारत के टुकड़े टुकड़े होने का संकेत है, इसमें दो मत नहीं। ईश्वर,सनातन संस्कृति को समृद्ध रखें ताकि देश सुरक्षित रहे। अच्छा अब चला जाय।--कहकर सुरेन्द्र भाई उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!

प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

खबरें बहुत सी हैं इस बेखबर देश में

जी हाँ ! मैं सच कह रहा हूँ। इस बेखबर देश में खबरें तो बहुत सी हैं लेकिन आपके मतलब की कोई खबर नहीं हैं। आपके मतलब की खबर इसलिए नहीं बनती क्योंकि किसी को आपसे कोई मतलब नहीं है ,आप तो केवल कुम्भ स्नान कीजिये,अपने पाप धोइये और मोक्ष की कामना कीजिये। आपके लिए एहि श्रेयस्कर है। आपको क्या लेना सियासत से ? आपको क्या लेना भारतीयों के मान-अपमान से ? व्यवस्था से ?

आप सोच रहे होंगे कि ये कैसा आलेख है जिसका आगाज ही उत्तेजना,निराशा और डाट-फटकार के साथ हो रहा है। तो आइये आपको आज की खबरों से वाकिफ करता हूँ। आज की सबसे बड़ी और पहली खबर ये है कि देश को नए कानून के तहत एक नया मुख्य चुनाव आयुक्त मिल गया है। नए चुनाव आयुक्त का नाम है ज्ञानेश कुमार है । नए मुख्य चुनाव आयुक्त बनने से देश खुश हो या न हो लेकिन ज्ञानेश जी के परिजन खुश हैं। ज्ञानेश जी एक बेटी डीएम तो दूसरी भा रा से की अधिकारी है और दोनों दामाद भी आईएएस हैं। यानि खानदानी नौकरशाह हैं ज्ञानेश जी । सबसे बड़ी बात ये है कि वे आगरा के हैं। उस आगरा के जो प्रेम के प्रतीक ताजमहल के लिए जाना जाता है। नए मुख्य चुनाव आयुक्त केंचुआ साबित होंगे या शेषनाग अभी कहना कठिन है।

दूसरी खबर बंगाल में चक्रवाती तूफान के डेरे की है ,बंगाल में चक्रवात तो बनना ही है क्योंकि बंगाल जीतने के लिए आरएसएस के प्रमुख डॉ मोहन भागवत पिछले 9 दिनों से वहां डेरा डेल हुए हैं। बंगाल की सत्ताहासिल करना संघ और भाजपा का बहुत पुराना सपना है। ये सपना बार-बार टूट जाता है। आजादी के बाद से बंगाल में बंगाल कांग्रेस,भारतीय राष्ट्रिय कांग्रेस ,कम्युनष्ट पार्टी और तृणमूल कांग्रेस की सत्ता बन गयी लेकिन भाजपा की सत्ता नहीं बनी । भाजपा अब 45 वे साल में प्रवेश कर चुकी है लेकिन बंगाल की सत्ता से मीलों दूर है।

तीसरी खबर है राजद के पुराने और बूढ़ा चुके सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की । लालू जी ने 144 साल वाले महाकुम्भ को फालतू बताकर रार पैदा कर दी है। अब देश भर के भाजपा नेता उनके ऊपर चड्डी गाँठ रहे हैं। दुनिया जानती है कि लालू जी पक्के हिन्दू ही नहीं ,पक्के सेक्युलर भी हैं। वे जो कहते हैं रौ में आकर कहते है। उनके लिए कुम्भ फालतू ही होगा क्योंकि प्रयागराज और नयी दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ में सबसे ज्यादा लोग उनके अपने बिहार के मरे हैं। चौथी खबर राशिफल की है ,जो कभी सच नहीं होती।

पांचवीं खबर है कांग्रेस के अमरीकी नेता सेम पित्रोदा और राहुल गांधी की । सेम अंकल ने बैठे -बैठाये कह दिया कि - चीन भारत का दुश्मन तो नहीं है । इधर सेम अंकल ने चीन की हिमायत की और उधर संयोग से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने चीन में बना ड्रोन उड़ा दिय। बस भाजपा आग बबूला हो गई । भाजपा के लिए वैसे भी राहुल गाँधी एक भूत जैसे हैं और सेम अंकल राहुल गाँधी की कांग्रेस के महाभूत। सब राशन - पानी लेकर सेम और राहुल पर हमलावर है। अब कोई ये बताने को राजी नहीं है कि चीनी राष्ट्रपति जी शिन पिंग को साबरमती के तट पर झूला झुलाने वाले को क्या कहा जाये ? चीन का दुश्मन या दोस्त ? पिछले दस साल में क्या किसी ने चीन को अपना 56 इंच का सीना या राजीवलोचन दिखाया।?

छठवीं खबर अंतर्राष्ट्रीय है ,भारत की जनता का इस खबर से कोई लेना -देना नहीं है। खबर है की अमेरिका ने रूस और यूक्रेन के बीच जंग समाप्त करने के लिए विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाई लेकिन यूक्रेन को ही नहीं बुलाया। डोनाल्ड ट्रम्प साहब हैं। वे कुछ भी कर सकते है। वे सिखों की पगड़ी उतार सकते है। उन्हें हथकड़ियां लगाकर भारत भेज सकते हैं। वे भारत के अवैध प्रवसियों को भेजने के लिए अमरीकी फौजी विमान भारत भेज सकते हैं और भारत भी यूक्रेन की तरह उनका विरोध नहीं कर सकता । गरीब की जोरू जो हो गया है भारत।

सातवीं खबर दिल्ली में यमुना की सफाई की है । विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के सफाये के बाद यमुना की सफाई की खबर आपको सुकून जरूर दे सकती है ,लेकिन दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा ये खबर अभी तक किसी ने नहीं दी है। है न ये जुर्म ? आखिर दिल्ली की जनता ने जब 8 फरवरी को भी जनादेश दे दिया तो दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने में दस दिन क्यों लगा दिए भाई ! इस बीच दिल्ली काँप भी चुकी है। दिल्ली वालों को भूकंप के झटके लग चुके हैं। आने वाले दिनों में सियासी भूकंप के झट-के भी आते ही रहने वाले हैं।

सातवीं खबर प्रयागराज से है। यूपी सरकार के कहने पर रेल मंत्रालय ने आगामी 28 फरवरी तक संगम स्टेशन ही बंद कर दिया है। यूपी की सरकार ने पहले तो देशभर के हिन्दुओं को ' चूल ' [सपरिवार]निमंत्रण दे दिया और अब भीड़ देखकर होश उड़ रहे हैं। खबर है कि संगम रेलवे स्टेशन (दारागंज) को बंद करने के लिए डीएम ने मंडल रेल प्रबंधक को एक पत्र लिखा जिसमें महाकुंभ में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या में आने के कारण सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवागमन हो सके इसलिए इस रेलवे स्टेशन को बंद करने के लिए कहा गया। दरअसल, इस सगम रेलवे स्टेशन (दारागंज)मेला क्षेत्र के सबसे करीब का रेलवे स्टेशन है। टेशन बंद करने से भारतीय रेल को कितना नुक्सान होगा ये कोई नहीं बताना चाहता।

खबरें तो और भी हैं लेकिन आपके मतलब की नहीं हैं इसलिए खबरों का खुलासा बंद करना ही उचित लगता है। आपके मतलब की खबरें जब बनतीं हैं तब मैं आपको उसने रूबरू करता ही हूँ। मैंने चाहे कोविडकाल हो या अमृतकाल अपना काम एक दिन के लिए भी बंद नहीं किया। क्योंकि मैं बिना झोली का फकीर हूं। जो दे उसका भला और जो न दे उसका भी भला।

@ राकेश अचल

माता शबरी तपस्या कर हुई व्यक्त...!

आदिवासी समाज की आराध्य माता भक्त,
शिरोमणि माँ शबरी तपस्या कर हुई व्यक्त।
भीलनी परम तपस्विनी का एक ही ध्येय,
अछूत कहते ऋषि-मुनि दूरी रखते जाय।
ऋषि मतंग ये कह गए आएंगे प्रभु श्रीराम,
तुम्हें संसार से मुक्त कर लगाएंगे विराम।

आदिवासी समाज की आराध्य माता भक्त,
शिरोमणि माँ शबरी तपस्या कर हुई व्यक्त।
सामाजिक समरसता की प्रतीक हुई प्रतीत,
तपस्या हुई फलित कुटिया में मन ललित।
भगवान की भक्ति में सदा ही रहती लीन,
प्रतिक्षा करती थी जिसकी आने वाला दिन।

आदिवासी समाज की आराध्य माता भक्त,
शिरोमणि माँ शबरी तपस्या कर हुई व्यक्त।
मयार्दा पुरूषोत्तम को हुआ जब वनवास,
वन में भटक-भटक भये हुआ था संत्रास।
शबरी की कुटिया में हुआ सुखद अहसांस,
जूठे बेर का मीठा स्वाद भी हुआ है खास।
शबरी माता की जयंती रामायण आभास।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

आईएएस एवं पीसीएस 2024 की मुख्य परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत मॉक साक्षरता का किया जा रहा है आयोजन

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 18 फरवरी 2025 जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि आईएएस एवं पीसीएस 2024 की मुख्य परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 37, नोएडा स्थित डा० भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय सेक्टर 37, नोएडा में मॉक साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मॉक साक्षात्कार हेतु जो भी प्रतियोगी छात्र-छात्रा आवेदन करना चाहते है वो दिपांशु सिंह कोर्स को-आर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना गौतमबुद्धनगर के मोबाईल नम्बर 8800770498 व सारांश श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक समाज कल्याण के मोबाइल नम्बर 8860517148 तथा सेक्टर 37 नोएडा स्थित डा० भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय अभ्युदय योजना केन्द्र में दिनांक 22.02. 2025 तक सम्पर्क कर सकते है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

पंचायत उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत शमशमनगर में मतदान हेतु विकास भवन से पोलिंग पार्टी हुई रवाना

19 फरवरी 2025 को होगा मतदान एवं 21 फरवरी 2025 को होगी मतगणना

गौतम बुद्ध नगर 18 फरवरी 2025: जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला

मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत अधिसूचना में उल्लेखित कार्यक्रम अनुसार पंचायत उप निर्वाचन फरवरी 2025 के अंतर्गत विकासखंड जेवर की ग्राम पंचायत शमशमनगर में ग्राम प्रधान पद हेतु 19 फरवरी 2025 को मतदान किया जाएगा, जिसके लिए आज सूरजपुर स्थित विकास भवन से मतदान दलों की रवानगी की गई। पंचायत उप निर्वाचन फरवरी-2025 के तहत ग्राम पंचायत शमशमनगर में प्रधान पद हेतु निर्वाचन के लिए 01 मतदान केंद्र एवं 02 मतदेत स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना 21 फरवरी 2025 को विकासखंड जेवर मुख्यालय पर होगी।

उन्होंने बताया कि मतदान दलों को रवानगी से पूर्व सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दल में जिला कृषि अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर विनोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आलोक रंजन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश शर्मा एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

किसानों को कराया गया जैविक खेती का भ्रमण

समाज जागरण

मीरजापुर।। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत विकास खंड सीखड़ के

खानपुर गांव में आज रामगढ़ के किसानों को जैविक खेती का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम खानपुर के जैविक किसान योगेंद्र कुमार सिंह के फार्म पर कराया गया, इन्होने किसानों को जीवामृत, बीजामृत, डी-क्पोजर, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि के बारे में जानकारी दिया तथा किसानों को अपने खेत में खेती के नये तकनीक को दिखाया।फसलो में मुख्य रूप से टमाटर, मिर्च, रंग-विरंगी गोभी, लहसुन, मटर, गेहूं, परवल इत्यादि फसलो को दिखाया। हरिदेव प्रजापति ने रसायनिक खेती से हो रहे मिट्टी में दुष्प्रभाव तथा इंसानो में हो रहे अनेको प्रकार के रोग तथा जैविक खेती के लाभ और बाजार में जैविक उत्पाद के बढ़ते मांग के बारे में भी किसानों को बताया। प्रदीप यादव द्वारा किसान भाइयों को फसलो मे लगने वाले किटो के प्रकोप से बचाने के लिए निमास्त्र एवं ब्रम्हास्त्र बनाने तथा प्रयोग के सुझाव दिये। भ्रमण कार्यक्रम का संचालन कुशल पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में जगदीश सिंह,राम हुलास सिंह,सुरेश सिंह, अवधेश सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

"योगी नहीं तुमसा" विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

स्वामी दयानन्द का जीवन प्रेरक रहा-आचार्या विमलेश बंसल

गाजियाबाद,मंगलवार, 18 फरवरी 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में "योगी नहीं तुमसा" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 701 वाँ वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल ने कहा कि महर्षि देव दयानंद सरस्वती वास्तव में योगियों में योगी, ऋषियों में ऋषि,संतों में संत,गुरुओं में गुरु,शिष्यों में शिष्य,तपस्वियों में तपस्वी,वैराग्यवानों में वैराग्य वान, ज्ञानियों में ज्ञानी इत्यादि विलक्षण प्रतिभाओं को लिए बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे।उनका पूरा जीवन हमारे लिए संजीवनी बूटी का काम करता है।दूसरे शब्दों में कहें तो महर्षि देव दयानंद सरस्वती का पूरा जीवन हमें ऐसे दिव्य चक्षु प्रदान करता है जिनको प्राप्त कर हम अपने जीवन को धन्य कर अन्यों के भी प्रेरक बन सकते हैं उनका व्यक्तित्व और कृतित्व चुंबकीय था। जिधर भी दृष्टि जाती उधर की ही धारा बदल जाती।जिसने भी एक बार उन्हें देखा सुना उनका दीवाना हो गया।चाहे गुरुदत्त हो या मुंशीराम या फिर अमीचंद मेहता न जाने कितनों का भी जीवन हीरा बन गया। इसके लिए उन्होंने न जाने कितने पत्थर खाए विष पिया किंतु समस्त मानव जाति को अमृत पिलाया। जिधर भी मुड़े उधर से ही ढोंग पाखंड अंधविश्वास कुरीतियां रूढ़ियां छुआछूत मिटता चला गया। न आंधी देखी न तूफान सबको चीरता हुआ एकमेव लक्ष्य-सत्य की खोज कर ईश्वर की ओर बढ़ते और बढ़ाते चले गए।सत्य में जिए,सत्य ही परोसा,सत्य के ही प्रेरक बन सत्य में मिल गए।जन्मोत्सव और बोधोत्सव दोनों ही नजदीक हैं उनकी समस्त कृतियों-अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि,ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका आदि बहुमूल्य पुस्तकों से अपने जीवन को रंग अन्यों के कल्याणार्थ आर्ष वैदिक पुस्तकें वितरित करते हुए सच्चे रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित करने चाहिएं।

बोर्ड परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

जिलाधिकारी ने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बोर्ड परीक्षा-2025 जनपद के 61 परीक्षा केंद्रों पर होगी संपन्न

परीक्षा के कुशल संचालन हेतु कंट्रोल रूम की, की गई है स्थापना

परीक्षा में लगाए गए समस्त अधिकारीगण समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंचकर अपने दायित्वों का करें निर्वहन : डीएम

दैनिक समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 18 फरवरी 2025: 24 फरवरी से 22 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा-2025 को जनपद में नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम हॉल में प्रशासन एवं पुलिस कि संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। बैठक में 61 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, वाहय केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं में नकल की कोई भी गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। परीक्षा के पूर्व परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों के द्वारा शत प्रतिशत निरीक्षण करा कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण में किसी भी केंद्र पर कोई खामी नजर आती है तो समय रहते उसको भी दुरुस्त करा लिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल माफिया और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि वह किसी भी प्रकार से परीक्षा को प्रभावित नहीं कर सकें। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की स्थापना की जाए एवं उसकी 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी रखी जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी सक्रिय रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा-2025 को लेकर अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं सभी अधिकारी गण समय से अपने-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्माण करें। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ साफ सफाई एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहनी चाहिए, इसके लिए संबंधित अधिकारी गण समय से अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा शासन से निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय द्वारा बोर्ड परीक्षा में विभिन्न दायित्व हेतु लगाए गए संबंधित पुलिस व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बैठक में अवगत कराया कि सभी 61 परीक्षा केदो पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है और शीघ्र ही पुलिस अभिरक्षा में प्रश्न पत्र संबंधित केन्द्रों पर पुलिस अभिरक्षा में प्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों/ प्रधानाचार्यो से कहा कि परीक्षा के संचालन में यदि कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो उसकी सूचना तत्काल अपर जिलाधिकारी प्रशासन/जिला विद्यालय निरीक्षक/जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करायें। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड परीक्षा 2025 को सकुशल संचालन करने के उद्देश्य से जनपद में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है, जिसके प्रभारी डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे को नामित किया गया है।

इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रवि शंकर निम, एसीपी पुलिस, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

तनिष्क

टाटा का प्रमुख आभूषण ब्रांड तनिष्क अपने उत्पादों को 10

महीनों के लिए 2,000 रुपये प्रति माह की न्यूनतम किस्त पर दे रहा है, जिसमें पहली किस्त के भुगतान पर 75% तक की विशेष छूट दी जा रही है।

इसके लिए खरीदार को तनिष्क वेबसाइट पर ऑनलाइन गोल्डन हार्वेस्ट खाता खोलना होगा।

कोई भी व्यक्ति 2,000 रुपये की न्यूनतम राशि से तनिष्क गोल्डन हार्वेस्ट खाता खोल सकता है। वेबसाइट के अनुसार, 10 महीनों के लिए एक निश्चित किस्त का नियमित भुगतान करने पर खरीदार को पहली किस्त के भुगतान पर 75% तक की विशेष छूट मिल सकती है।

सैकड़ो स्कूल वाहन संचालक बच्चों की जिंदगी से कर रहे हैं खिलवाड़!

दैनिक समाज जागरण

लोनी गाजियाबाद परिवहन विभाग के नियमों को धता बताते हुए सैकड़ो स्कूल वाहन संचालक बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं । इन बसो में बच्चों को भेड बकरियों की तरह भरकर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।ए आर टी ओ और पुलिसकर्मी सब कुछ जानते हुए भी इस ओर से अंजान बने बैठे हैं। लोनी क्षेत्र में जिन वाहनों को स्कूल बस के रूप में प्रयोग किया जा रहा है उनमें से अधिकांश वाहन परिवहन विभाग के मानकों कों पूरा ही नहीं करते । परिवहन विभाग के अधिकारियों व पुलिस कर्मियों से स्कूल संचालकों की साठ गांठ के चलते सैकड़ो स्कूल बसे व ई रिक्शा सड़कों पर फराटे भरते नजर आते हैं लेकिन अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है नियम तोड़ने वाले स्कूली वाहन इधर से उधर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में फरार्टे भरते हुए नजर आते हैं। लोनी क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में खुले स्कूलों में बच्चों के आवागमन के लिए चल रही बसे बिना कागजों की फिटनेस, परमिट वह बकाया टैक्स होने के बावजूद भी इधर-उधर फरार्टे भर रही हैं ऐसा नहीं है कि पुलिस कर्मियों को उक्त वाहन दिखाई नहीं देते लेकिन अवैध वसूली के चलते हुए पुलिसकर्मी भी इस औरसे अंजान बने हुए हैं

बालश्रम,बालविवाह, बालभिक्षावृत्ति आदि रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड सिरसिया ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा ग्राम संतलिया जोखवा बाजार में बालश्रम, बालविवाह, बालभिक्षावृत्ति एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बालश्रम करना व करवाना दंडनीय अपराध है

कार्यक्रम में बालश्रम बालविवाह बालभिक्षावृत्ति व मानव तस्करी आदि रोकने का प्रयास करना चाहिए यह कानूनन अपराध है इसे करने व कराने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जा सकता है जागरुकता कार्यक्रम के दौरान उपर्युक्त अपराधों के रोकथाम हेतु वूमेन पावर लाइन 1090 आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर1930/155260, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि विभिन्न हेल्फ लाइन नंबरो की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक एवं ग्रामीण कोऑर्डिनेटर राजकुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही

योजनाओं के बारे में जानकारी दिया और कहा कि जानकारी के अभाव से गरीब जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है कार्यक्रम में राम अधार सोनकर,छोटकऊ, अवधेश गुप्ता, टीपू दूबे, शिवकुमार सोनकर, भूरे,बबलू गुप्ता, पट्टे दूबे, गुड्डु,राम प्रसाद, सन्तोष, प्रवेश,खेलावन,भड्डन,कनकन, सर्वेश, भण्डारी, छांगुर,अन्जू,निबरे, संतराम, सुमिरन, सिपाही, शोभा के साथ-साथ 25 प्रतिभागी मौजूद रहे

ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती बाल रक्षा भारत के द्वारा संचालित ड्रीम एक्सीलेटर प्रोजेक्ट के तत्वाधान में ब्लॉक -जमुनहा के रामपुर गाँव में बाल परिषद के बच्चों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया । बाल विकास परियोजना अधिकारी विवेक कुमार शाही की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा अपने अधिकारों के संबंध में चर्चा किया गया और इसके उपरांत ही मेडिकल टीम के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण में बीएमई, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच, एवं दवा भी वितरित किया गया और डॉ दिवाकर के द्वारा व्यक्तिगत साफ -सफाई के

बारे में जागरूक किया गया तथा डॉ विजय भारत और सुनील मिश्रा के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सवालों का जवाब देते हुए बच्चों के विभिन्न शंकाओं का निराकरण किया और बाल विकास परियोजना अधिकारी जमुनहा के द्वारा सभी बच्चो को पोषण परामर्श दिया गया साथ ही करियर काउंसिलिंग किया इस दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों मेडिकल टीम द्वारा बच्चो के विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया गया आज के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम , बाल रक्षा भारत की टीम और सम्मानित व्यक्ति उपस्थिति रहे।

किशोरियों को मुख्य धारा मे लाने हेतु कराया एक्सपोजर विजिट

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल परियोजना के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में विद्यालयों की मूल भूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ साथ एस एम सी,ग्राम प्रधान,किशोरियों,महिलाओं को जागरुक कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने व हाशिए पर रह रहे किशोर किशोरियों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने पर कार्य कर रही है इसी क्रम में विकास खंड जमुनहा व सिरसिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की किशोरियों को जनपद के मुख्यालय भिनगा स्थित महिला थाना , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का एक्सपोजर विजिट कराया गया जहां किशोरियों ने महिला थाना प्रभारी पुष्प लता जी से मुलाकात कर महिलाओं किशोरियों के लिए कौन कौन सी सहायता व

किस प्रकार से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकती है जाना साथ ही मिशन शक्ति कार्यक्रम व शासन की योजनाओं व अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी और साथ ही कार्य व दयित्व के बारे में जाना उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जा कर बी0 एस0 ए0 सर से मुलाकात कर शिक्षा विभाग के कार्यों के बारे में जानकारी ली अपर जिलाधिकारी महोदय से संवाद किया और अपने सवालों को रखा और अपने भविष्य को लेकर कई सवाल सर से पूछे जिसपर अपर जिलाधिकारी सर द्वारा सभी के प्रश्नों के उत्तर दिए गए और अपने जीवन की बात भी किशोरियों को विस्तार से बताया उपरोक्त गतिविधि में थाना प्रभारी महोदया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, वार्डन शशि किरन जी ,एक्शन एड से गुलिस्ता आरा तारिक अहमद प्रेरक दिनेश कुमार यादव,सहित 50 किशोरियां व शिक्षिका उपस्थित रहीं

तरुण यादव बने गौतमबुद्ध नगर का जिला सचिव

समाज जागरण नोएडा

नोएडा 18 फरवरी 2025। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों की कार्यकारिणी बैठक संपन्न। बैठक में भरत राम ग्लोबल स्कूल के शारीरिक शिक्षक तरुण यादव को पेफी का जिला सचिव नियुक्त किया गया। सभा में पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर पीयूष जैन और उत्तर प्रदेश चैप्टर की कॉर्डिनेटर

श्रीमती नंदिनी रावत उपस्थित रहे। सभा में मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवॉर्डी डॉक्टर अजय कुमार बंसल भी उपस्थित थे।

कंप्यूटराइजेशन समितियो के सुदृढ़ीकरण व सुगम संचालन की दिशा मे बड़ा कदम :महेश कुमार बंका

सहायक आयुक्त सहकारिता ने बीपैक्स कंप्यूटराइजेशन की की समीक्षा

दैनिक समाज जागरण

वाराणसी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता वाराणसी महेश कुमार बंका की अध्यक्षता मे जिला सहकारी बैंक मुख्यालय तेलियाबाग में बी-पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के कार्य तथा फीडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलिंद कुमार द्वारा बताया गया कि द्वितीय चरण हेतु चयनित 20 बीपैक्स मे कनियर, खोचवाँ, बेलवाँ , जाल्हूपुर, गरथमा समेत अठारह बी-पैक्स मे बाउचर फीडिंग का कार्य पूर्ण हो गया है।इसके आगे की दैनिक फीडिंग हेतु सभी समितियाँ स्थानीय स्तर पर कंप्यूटर आपरेटर से कार्य लेना सुनिश्चित करें।

सचिव संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकुमार सिंह ने बैठक मे समितियो की खराब आर्थिक स्थिति की

बात उठाई और कहा कि पहले ही सचिवो को अपने वेतन के लाले पड़े हुए है, ऐसे मे कंप्यूटर आपरेटर का खर्च वहन कर पाना बीपैक्स की क्षमता के बाहर है।

सहायक आयुक्त महेश कुमार बंका ने कहा कि कंप्यूटराइजेशन समितियो के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और सुगम संचालन का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि रोज के कार्य मे कंप्यूटर का प्रयोग समय और श्रम की बचत करेगा ।कैशबुक और बैलेसशीट हमेशा अद्यतन रखने मे आसानी होगी। अनुभाग अधिकारी संग्रह नायब सिंह ने कहा कि बीपैक्स को उनकी वर्तमान खराब स्थिति से उबारने मे यह कंप्यूटराइजेशन संजीवनी का कार्य करेगा।कार्य के पहले ही काल्पनिक कारणो से संदेह मे रहना हमारे नतीजो पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इस अवसर पर एडीसीओ रजनीश पांडेय, विकास राय, सीओ प्रदीप मौर्य , कन्हैया लाल मौर्य समेत कंप्यूटराइजेशन हेतु चयनित सभी बीपैक्स के सचिव उपस्थित रहे।

एसडी सदर व यंग्स बॉयज टीम ने जीते अपने अपने हॉकी लीग मुकाबले।

मेरठ,18 फरवरी। सनातन धर्म इंटर कॉलेज सदर मैदान पर चल रहे 15 वर्षीय 7-ए साइड हॉकी लीग प्रतियोगिता में आज दो हॉकी लीग मुकाबले खेले गए दिन का पहला मुकाबला एसडी सदर एवं 7 स्टार टीम संग खेला गया रोमांचक खेल गए मुकाबले मैच में एसडी सदर टीम ने 7 स्टार टीम को 4-2 से पराजित कर जीत हासिल की।

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला विजन एकेडमी एवं यंगस बॉयज टीम संग खेला गया यह मैच यंग्स बॉयज टीम ने 2-0 से जीत लिया।जब कि पराजित टीम कोई गोल नही कर पाई। हॉकी प्रतियोगिता में पहुंचे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व राज्यमंत्री, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने विजेता टीम को मेडल ट्रॉफी देकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है,खेल भाईचारा सिखाता है।अपना लक्ष्य बनाकर जुनून के साथ हॉकी खेलो कामयाबी तुम्हारे कदम चूमेगी। इस दौरान प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना व खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि हमारे इन्हीं बच्चों में एक से एक प्रतिभाएं छुपी हुई है,बस उन्हें उबारने की आवश्यकता है। साथ साथ ही विजय कौशिक ने हॉकी कोच जोगेंद्र सिंह की सराहना भी की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार गर्ग , रविंद्र पाल विहान, हॉकी प्रशिक्षक जोगिंदर सिंह,मोनू सिंह मौजूद रहे।

रिटर्न गिफ्ट:टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ रुपए तक होंगे फ्री में इलाज और ऑपरेशन

खास बातें

यह पैसा न तो सरकार, न ही माइनोरिटी विभाग का: कुलाधिपति श्री सुरेश जैन

अब हड्डी विभाग में एक करोड़ रुपए के फ्री ऑपरेशन एवम् इलाज की घोषणा

गर्भवती महिलाओं के लिए दो करोड़ रुपए की चल रही है कल्याणकारी योजना

सर्जरी एवम् बाल रोग विभाग में भी 50-50 लाख की ये योजनाएं लागू

हड्डी विभाग की ओर से जोड़ प्रत्यारोपण पर भी विशेष छूट का ऐलान

दैनिक समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन का व्यक्तित्व सच्चे लोकोपकारी के रूप में उभरा है। श्री जैन न केवल समाज को उच्च शिक्षा के लिए संकल्पित हैं, बल्कि समाज के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसी सेवा भाव के संकल्प और समर्पण के चलते श्री जैन ने हाल ही में एक के बाद एक टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ रुपए की जनकल्याणकरी सेवाओं का अनमोल तोहफा दिया है। टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग की ओर से कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने अब एक करोड़ रुपए के फ्री ऑपरेशन एवम् इलाज की घोषणा की है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, यह पैसा न तो सरकार, न माइनोरिटी विभाग की ओर से आया है और न ही कहीं दीगर सोर्स से प्राप्त हुआ है। यह धनराशि सिर्फ और सिर्फ टीएमयू हॉस्पिटल और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की है, जो ये चैरिटी के रुप में खर्च कर रहे हैं। इससे पूर्व श्री जैन स्त्री एवम् प्रसूति रोग विभाग के लिए 02 करोड़, सर्जरी विभाग एवम् बाल रोग विभाग के लिए 50-50 लाख रुपए की निःशुल्क इलाज योजनाओं की भी घोषणा कर चुके हैं।

टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग के एचओडी डॉ. अमित सराफ कहते हैं, इस योजना के तहत एक करोड़ रुपए खर्च होने तक हड्डी रोग विभाग में आपॅरेशन और इलाज की निःशुल्क सुविधा मिलेगी। विभाग की ओर से हाथ और पैर की हड्डियों में स्क्रू रॉड और प्लेट लगाना, हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज और दवाइयां फ्री मिलेंगी। भर्ती पेशेंट के लिए बेड, आईसीयू, वेंटीलेटर के संग-संग अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन एवम् सभी तरह की खून की जांचे निःशुल्क की जाएंगी। जोड़ प्रत्यारोपण पर विशेष छूट दी जाएगी। घुटने का प्रत्यारोपण मात्र 65 हजार और कूल्हे का प्रत्यारोपण मात्र 80 हजार में किया जाएगा, जिसमें बेड चार्ज, जांचें, ऑपरेशन, दवाइयां एवम् इंप्लांट का खर्चा शामिल है। बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. बीके गौड़ कहते हैं, इस योजना के तहत लंबी खांसी, सूखा रोग, दिमागी बुखार, टायफाइड, दमा, मिर्गी के दौरे आदि का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। उल्लेखनीय है, इसी तर्ज पर हॉस्पिटल में दो करोड़ रुपए तक की महिलाओं के लिए भी एक योजना चल रही है, जिसमें महिलाओं की डिलीवरी से लेकर इलाज, दवाइयां, जांचें, रहने-खाने आदि की बिल्कुल निःशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला और बच्चे के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने पर चार हजार रुपए का चेक भी दिया जा रहा है, ताकि जच्चा-बच्चा को उचित पोषण मिल सके। इसके अलावा सर्जरी विभाग की 50 लाख रुपए की योजना के तहत हर्निया, अपेंडिक्स, आंतों का उलझना, आंतों का फटना, पेट की रसौली, पित्त की थैली में पथरी, भगन्दर, बवासीर, फिसर आदि के ऑपरेशन के संग-संग पित्ती की नलियों की एडवांस सर्जरी आदि दूरबीन विधि से निःशुल्क की जा रही है। इसमें पेशेंट के रहने-खाने के संग-संग एनस्थिसिया, दवाइयां, खून की जांचें, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, वैन्टीलेटर आदि की व्यवस्था भी निःशुल्क है।

चोटी वाले मियां साहब का उर्स कल से होगा शुरू

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूं। शहर के मोहल्ला वैदों टोला चक्कर सड़क स्थित हजरत शाह नसीरउद्दीन हुसैन, हसनी हुसैनी, रहमतुल्लाह अलैह, चोटी वाले मियां साहब का उर्स कल गुरुवार से शुरू होगा। 24 फरवरी दिन सोमवार शाम बाद

नमाज अस्त्र मोहल्ला फरशोरी टोला में शाहिद हुसैन, साजिद हुसैन नसीरी के घर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चादर दरगाह जाएगी। 25 फरवरी सुबह कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स में शहर के अलावा दूर दराज से अकीदतमंद उर्स में शामिल होते हैं। यह जानकारी दरगाह के मुरीद शाहिद हुसैन के पोत्र और साजिद हुसैन नसीरी के पुत्र मोहम्मद अरशद नसीरी और राशिद हुसैन नसीरी ने दी है।

किसान दिवस का आयोजन 19 फरवरी को होगा

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूँ। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 19 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

असमोली ब्लॉक क्षेत्र के गांव इटायला माफी में राज्यपाल के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी।

दैनिक समाज जागरण। मौ० अली नकवी

असमोली ब्लॉक क्षेत्र के गांव इटायला माफी में स्थित पीएम श्री विद्यालय में राज्यपाल के आगमन को लेकर मंगलवार को डीएम, सीडीओ, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी गांव पहुंचे। अधिकारियों ने गांव और विद्यालय का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हों ग्राम प्रधान और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को राज्यपाल के



दौरे के दौरान विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने विद्यालय की इमारत, आस-पास की साफ-सफाई, और अन्य बुनियादी सुविधाओं की जांच की, ताकि कार्यक्रम के दिन सब कुछ तैयार रहे राज्यपाल कल्कि धाम के स्थापना दिवस के अवसर पर इटायला माफी के पीएम श्री विद्यालय का दौरा करेंगी। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षक और स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलने की संभावना है।इस आयोजन को लेकर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है, और पूरा गांव इस कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयार है। प्रशासन का लक्ष्य है कि राज्यपाल का दौरा सुचारू रूप से हो और गांव में विकास की नई दिशा तय हो।

चन्दपुरा : प्रधान उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बिसौली बदायूं। विकास क्षेत्र बिसौली के गांव चन्दपुरा के ग्राम प्रधान की मृत्यु होने से रिक्त हुई ग्राम पंचायत चन्दपुरा के प्रधान पद पर बुधवार को होने वाले उपचुनाव के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार के नेतृत्व में पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। मंगलवार को विकासखंड कार्यालय से ग्राम पंचायत चन्दपुरा में उपचुनाव कराने के लिए आर.ओ. सुजीत पाल सिंह ने तीन पोलिंग बूथ के लिए मतपत्र, मत पेटिका सहित चुनाव के आवश्यक दस्तावेजों के साथ पोलिंग पार्टिया रवाना की। सभी पोलिंग पार्टियों पोलिंग सेंटर पर पहुंच गई है। जो बुधवार को मतदान संपन्न करा कर मत पेटिका ब्लॉक मुख्यालय पर जमा करेगी। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर विशाल प्रताप सिंह, एआरओ सुनील कुमार, एआरओ संदीप श्रीवास्तव रिजर्व पार्टी के पीठासीन अधिकारी राम अवतार उपस्थित रहे।

लेखपाल एवं ग्राम प्रधान पति की दबंगी को लेकर एसडीएम से की शिकायत।

किसानों द्वारा एसडीएम से जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

दैनिक समाज जागरण/प्रवेश कुमार यादव

विकासखंड पवांसा के ग्राम पवांसा के जंगल में स्थित काशी कुंड के चकरोड की दूसरी बार पैमाइश होने के बाद मंगलवार की सुबह नौ बजे रोजगार सेवक के साथ मनरेगा मजदूर चकरोड पर कार्य करने पहुंचने पर ग्रामीणों के विरोध के बाद मनरेगा मजदूर और रोजगार सेवक बिना कार्य के ही दूसरी बार वापस लौटकर अपने घरों को चले गए। मंगलवार को ग्राम प्रधान धर्मावती के पति एव लेखपाल के द्वारा दबंगई के बल पर सांठ-गांठ कर ग्रामीणों की पकी हुई फसल को बर्बाद करने के मामले में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की निरपक्ष जांच की मांग की है। जबकि सोमवार की देर शाम तक राजस्व विभाग की टीम ने काशी कुंड के रास्ते पर चकरोड की पैमाइश कर ग्रामीणों की मौजूदगी में चिन्हांकित किया गया था। गांव पवांसा निवासी जयदीप राघव ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि काशी कुंड गाटा संख्या 338 में स्थित है। वहां जाने के लिए गाटा संख्या 485 का चकरोड बहुत ही नजदीक है। 485 गाटा संख्या पर पूर्व प्रधान राजबाला के पति का चक है जिस कारण मौजूदा प्रधान पति, लेखपाल , कानूनगो एवं पूर्व प्रधान पति हम साज होकर दूसरी चकरोड जोकि गाटा संख्या 458 पर है खोलने को आमादा है। ग्रामीणों को कहना है सभी चकरोड खोले जाएं उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि चकरोड की पैमाइश से पहले ग्राम प्रधान के द्वारा ना कोई कार्य योजना बनाई गई न ही ग्राम पंचायत समिति के द्वारा कोई प्रस्ताव पास किया गया है ।और न ही ब्लॉक से कोई मस्टरोल पास हुआ है। सोमवार की की पैमाइश में लेखपाल, ग्राम प्रधान पति और कानूनगो की मिली भगत से ग्रामीण के एक ही खेत में चकरोड वना रहे हैं ।जो कि गलत है। ग्रामीणों की गेहूं, पीली सरसों और आलू की पकी हुई फसल को ग्राम प्रधान पति और लेखपाल दबंगई करते हुए खेत में खड़ी फसल को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे है ।लेखपाल से सही तरीके से पैमाइश करने को कई बार कहा गया। मगर लेखपाल अपनी दबंगई में ग्रामीणों की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है ।जबकि पूर्व प्रधान पति के निजी नलकूप से प्राचीन काशी कुंड को सीधा रास्ता जा रहा है। मगर लेखपाल और वर्तमान प्रधान पति इसी चकरोड को दबंगई के बल पर कार्य करना चाहतेहैं। जबकि गांव के पूर्व प्रधान ,वर्तमान प्रधान और लेखपाल ,कानूनगो एक राय होकर अनदेखी कर रहे हैं जबकि ग्रामीणों को धमकियों और प्रताड़ित कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जंगल की सभी चकों की पैमाइश कर सभी चकरोड़ों को खोला जाए। वहीं ग्रामीणों का आरोप है वर्तमान ग्राम प्रधान और पूर्व प्रधान के पूर्व में भी ग्राम समाज की भूमि को लेकर आतंक रहा है। गांव में स्थित तालाब, श्मशान घाट, खेल मैदान और सिंचाई विभाग सिर्फ अभिलेखों में दर्ज हैं। मौके पर किसी का कोई पता नहीं है। इन सभी पर अवैध कब्जा बना हुआ है। इसे कब्जा मुक्त कराया जाए। इस दौरान प्रवीण सिंह, जयदीप राघव,विकास राघव, प्रसन्न कुमार, सुमित राघव,योगेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अंकुश पाल, आदि मौजूद रहे।

धुरैटा मैं वाल्मीकि समाज ने शमशान घाट की मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की सिकायत

दैनिक समाज जागरण/प्रवेश कुमार यादव

विकासखंड पवांसा क्षेत्र के गांव धुरैटा में वाल्मीकि समाज के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट गांव में नहीं होने को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर मंगलवार को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर गांव पवांसा के वाल्मीकि समाज के शमशान घाट में मौके पर तालाब की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में अगर वाल्मीकि समाज में किसी की मौत हो जाए तो अंतिम संस्कार कैसे हो पाएगा। वाल्मीकि समाज में अगर दुर्भाग्यबस अगर कोई मौत हो जाए तो अंतिम संस्कार करने के लिए गांव में शमशान घाट भी नहीं है। बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में चकबंदी भीम के दौरान अधिकारियों से शिकायत कर शमशान घाट की भूमि चिन्हित करने की मांग की गई थी मगर गांव में चकबंदी निरस्त होने से शमशान घाट की भूमि भी नहीं मिल सकी। गांव धुरैटा निवासी मुकेश वाल्मीकि ने बताया कि गांव में वाल्मीकि समाज के करीब बीस परिवार है। जिसमें कुछ परिवार अन्य राज्य में और कुछ गांव में रहकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। मगर गांव में वाल्मीकि समाज के किसी परिवार में अगर मौत हो जाए तो अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट भी नहीं है ऐसे में इधर-उधर अंतिम संस्कार करने को मजबूर होते हैं। समाज के लोगों को सबसे बड़ी परेशानी बरसात के मौसम में अगर मौत हो जाए तो अंतिम संस्कार करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि गांव में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान समाज के लिए ग्राम समाज की शमशान घाट के लिए भूमि की मांग अधिकारियों से की गई थी मगर गांव की चकबंदी प्रक्रिया निरस्त होने से शमशान घाट के लिए भूमि भी चिन्हित नहीं हो सकी। अब मंगलवार को समाज के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर शमशान घाट की भूमि चिन्हित कर अंत्येष्टि स्थल की निर्माण की मांग की है। जिससे कि समाज के लोगों की शमशान घाट की समस्या का समाधान हो सके। इस दौरान गंगा सरन वाल्मीकि, फूलवती वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, इच्छा राम वाल्मीकि, शांति वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

निपुण चैंपियन मेला: छात्रों में कौशल विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने की अनूठी पहल

दैनिक समाज जागरण। मौ० अली नकवी

असमोली, सम्भलः विकास खंड असमोली के प्राथमिक विद्यालय असमोली प्रथम में बेसिक शिक्षा विभाग एवं इन्वाल्व फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार के मार्गदर्शन में निपुण चैंपियन मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों की कौशल अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना था। इस मेले में विकास खंड के 21 विद्यालयों के शिक्षकों एवं निपुण चैंपियनों ने अपनी गतिविधियों के साथ सहभागिता की। उन्होंने अपने हाथ से निर्मित टी.एल.एम., सौर ऊर्जा से जुड़े प्रोजेक्ट्स एवं नवाचार आधारित विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इन प्रयोगों ने यह दिखाया कि सीमित संसाधनों में भी नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से शिक्षा को रोचक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है मेले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने मेले का गहन अवलोकन करते हुए निपुण चैंपियनों की रचनात्मकता, शिक्षण कौशल और आत्मनिर्भरता की सराहना की। उन्होंने कहा "यह पहली बार है जब मैंने किसी सरकारी विद्यालय में इतना सुव्यवस्थित एवं बाल-केंद्रित मेले का आयोजन होते देखा है, जिसमें शिक्षकों के बजाय छात्रों ने स्वयं नेतृत्व किया। इस प्रकार के आयोजन से न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनके समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।"उन्होंने इस पहल को पीयर लर्निंग (सहपाठी शिक्षण) का बेहतरीन उदाहरण बताया और सुझाव दिया कि ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखा जाना चाहिए ताकि छात्रों में सीखने की ललक, अभिव्यक्ति की क्षमता और नवाचार की भावना को और अधिक बल मिले इस मेले की खास बात यह रही कि सम्पूर्ण व्यवस्था - मुख्य अतिथि का स्वागत, एंकरिंग, टी.एल.एम. एवं प्रोजेक्ट्स की प्रस्तुति, तथा प्रश्नोत्तर सत्र झ सभी निपुण चैंपियनों के नेतृत्व में संपन्न हुए। यह दशार्ता है कि छात्र अब केवल शिक्षण का निष्क्रिय भाग नहीं, बल्कि शिक्षा प्रणाली के सक्रिय निमार्ता बन रहे हैं इस कार्यक्रम में इन्वाल्व फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी संदीप, विकास खंड के समस्त ए.आर.पी., शिक्षकगण एवं इन्वाल्व फाउंडेशन की टीम भी उपस्थित रही। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण बताया निष्कर्ष निपुण चैंपियन मेला एक नई शिक्षा संस्कृति की ओर बढ़ता कदम है, जो छात्रों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए और अधिक सक्षम बनेंगे।

खान मंत्रालय के सीसीए ने ई-बिल के उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया

खान मंत्रालय के मुख्य लेखा नियंत्रक (सीसीए) कार्यालय ने 14 फरवरी, 2025 को खान मंत्रालय के सीसीए की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में ई-बिल की कार्यक्षमता और लाभों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो बिल बनाने, इसे संसाधित करने और मान्य करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है। कार्यशाला में हितधारकों को बिलिंग प्रक्रिया में उन्नत दक्षता और पारदर्शिता के लिए ई-बिल के लाभों और व्यावहारिकताओं से परिचित कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला में मंत्रालय के अधिकारियों, विक्रेताओं और अन्य हितधारकों ने भागीदारी की। कुल 26 प्रतिभागियों ने सत्र में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया, जबकि 20 अन्य प्रतिभागी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। इस प्लेटफॉर्म पर ई-बिल बनाने, जमा करने और इसकी निगरानी करने के तरीके पर व्यापक जानकारी दी गई। सत्र में ई-बिल बनाने के लिए इसकी शुरूआत करने, बिल जमा करने के साथ-साथ

इसके सत्यापन की प्रक्रिया और डैशबोर्ड के माध्यम से अनुमोदन प्रक्रिया की निगरानी के तरीके भी शामिल थे। सत्र में ई-बिल प्रणाली के लाभों की जानकारी देते हुए बिल प्रस्तुतीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया को सरल और शीघ्र बनाने में इसकी भूमिका पर बल दिया गया तथा अन्य लाभों जैसे- बिल बनाने और संसाधित करने में लगने वाले समय में कमी, भुगतान प्रक्रिया में विलम्ब को न्यूनतम करने, बिलों पर निगरानी रखने, भौतिक कागजी कार्रवाई की आवश्यकता को न्यूनतम करने, कहीं से भी बिल और संबंधित दस्तावेजों तक पहुंच बनाने और सभी संबंधित पक्षों के लिए सुविधा में सुधार करने का भी उल्लेख किया गया। इस कार्यशाला में खान मंत्रालय के सीसीए ने सभी संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ई-बिल प्रणाली को व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यालय ने डिजिटल बिलिंग प्लेटफॉर्म पर आने वाले सभी उपयोगकताओं को समर्थन और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। कार्यशाला में उपस्थित गणमान्यों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ इसका समापन करते हुए ई-बिल प्रणाली की दक्षता और व्यावहारिकता में अपना विश्वास जताया।

सदस्य गौ सेवा आयोग ने ली अधिकारियों की बैठक, किया गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण

गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर मिलने पर गौ सेवा आयोग सदस्य ने व्यक्त किया रोष

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूँ। मा. सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने मंगलवार को सर्किट हाउस में गौ सेवा से संबंधित सदस्यों की बैठक ली। विकास भवन सभागार में समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत एवं पशु पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली तथा अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल खेड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण के दौरान कुछ गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर मिलने पर रोष व्यक्त किया। मा. सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने सर्किट हाउस में गौ सेवा से संबंधित सदस्यों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए गौ सेवा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आवहान करते हुए कहा कि गौसेवा प्रभु सेवा के समान है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में किसान सहभागिता योजना अंतर्गत निराश्रित गौवंश को लेकर उसकी सेवा करें। लाभार्थी के घर पर गोबर गैस का प्लांट बनवाया जाए जिससे वह गोबर का सदुपयोग गोबर गैस बनाने में कर सकें। मा. सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने विकास भवन सभागार में समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ आहूत बैठक में गोवंश सहभागिता व गोबर गैस प्लांट की महत्वता पर प्रकाश डाला। उन्होंने गोबर, गोमूत्र की उपयोगिता के संबंध में जानकारी भी दी। मा. सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल खेड़ा बुजुर्ग का निरीक्षण किया, जिसमें 47 गोवंश पाए गए। गोवंश को खाने के लिए हरा चारा रखा हुआ पाया गया। कुछ गोवंश का स्वास्थ्य कमजोर था जिस पर मा. सदस्य द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं ठीक ढंग से भरण पोषण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. समदर्शी सरोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्राचीन चामुंडा माता मंदिर के नजदीक में स्थित नूरी मस्जिद पर बिना परमिशन के निर्माण कार्य को लेकर हिंदू समाज ने पुलिस प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

दैनिक समाज जागरण/प्रवेश कुमार यादव

विकासखंड पवांसा के हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा में स्थित प्राचीन चामुंडा माता मंदिर के नजदीक में स्थित नूरी मस्जिद पर बिना परमिशन के निर्माण कार्य को लेकर हिंदू समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बिना परमिशन के मस्जिद पर कार्य करने को लेकर हिंदू समाज के लोगों में रोष है। हिंदू समाज के लोगों का कहना है कि गांव में स्थित दोनों धर्म स्थलों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा बिना परमिशन और बिना प्रशासन को सूचना दिए ही नूरी मस्जिद के मुख्य की चार दिवारी पर टाईल्स लगाई जा रही है। जिसकी सूचना मिलने के बाद तत्काल थाना पुलिस और एएसपी को तत्काल फोन के द्वारा सूचना दी दी गई थी इसके बाद भी थाना पुलिस के द्वारा अभी तक मामले में कोई जांच पड़ताल और कार्रवाई नहीं की गई है। जिसको लेकर हिंदू समाज के लोगों का रोष है। मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा नया निर्माण कार्य किए जाने से गांव का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। हिंदू समाज का कहना है प्रशासन को शीघ्र कार्य रुकवा कर सर्व समाज की सहमति से ही कोई कार्य किया जाए ताकि कोई कानून व्यवस्था भंग ना हो

एफ.आर. इंटर कॉलेज चंदौसी में छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण

चंदौसी। एफ.आर. इंटर कॉलेज, चंदौसी में छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी " उमंग" विदाई समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12 के छात्रों -छात्रों को समारोह पूर्वक विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 के छात्र अब्दुल्ला , कक्षा 11 की छात्रा लाइवाआजाद एवं अध्यापक एजाज अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत एवम् नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया । इस मौके पर बोलते हुए प्रधानाचार्य वसीम उद्दीन ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि छात्र जीवन एक अनमोल जीवन है जिसमें छात्रों को सीखने के अवसर प्राप्त होते हैं ,प्रतिभाओं को निखारने का सभी को मौका मिलता है । कक्षा 12 की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे सभी परीक्षार्थियों को अच्छे से परीक्षा देने के लिए प्रेरित करते हुए सफलता की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अशफाक भारती एडवोकेट ने करते हुए छात्रों को कहा कि विद्यार्थी मेहनत और लगन से परीक्षा में सम्मिलित हो और अपनी प्रतिभाओं को निखारने में अपने गुरु जनों का सहयोग ले । कार्यक्रम में हाजी अब्दुल जाहिद, हाजी वाहिद हुसैन, हाजी शफीक मियां, मोहम्मद नाजिर ,मोहम्मद यामीन, सलमान अहमद, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद माज, इकबाल अहमद, कु.खुशबू, राशि त्यागी, भावना गुप्ता, विमल, अब्दुल शारिक ,जुबेर आलम ,वाजिद अली, रोशन सलीम, शफीक अहमद,सय्यद अली आसिम, अकील अहमद, रिजवान अहमद खान, मोहम्मद गौस, हुमायूं शमसी, शाजिया खानम, नहींद जमाल, कमरुद्दीन, जफरुद्दीन, निसार अहमद, जावेद आलम, नाजिर हुसैन, मोहम्मद फैसल एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।

भारत-कतर की भावी साझेदारी स्थिरता, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और ऊर्जा के आधार पर बनी रहेगी: केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल

भारत आज स्थिरता, विश्वसनीयता और निरंतरता का सर्वाधिक अनुकूल स्थल है: श्री पीयूष गोयल कतर व्यवसायी संघ (क्यूबीए) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए इन्वेस्ट कतर और इन्वेस्ट इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-कतर की भावी साझेदारी का आधार स्थिरता, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता तथा ऊर्जा है। श्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में भारत-कतर व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महामहिम शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी इस सत्र के मुख्य अतिथि थे। श्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी विश्वास, व्यापार और परंपरा की बुनियाद पर टिकी है। मंत्री महोदय ने कहा कि व्यापार की शर्तें बदल रही हैं, ऊर्जा व्यापार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), क्वांटम कंडक्टिंग, सेमीकंडक्टर आदि जैसी उभरती हुई तकनीकें भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा खतरों और दुनिया भर में स्थानीयकरण पर ध्यान केंद्रित करने के संदर्भ में सम्पूर्ण विश्व एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और कतर एक दूसरे के पूरक हैं और समृद्धि तथा बेहतर भविष्य के लिए संयुक्त रूप से कार्य कर सकते हैं। श्री गोयल ने कहा कि दोनों देश मिलकर व्यापार, निवेश के मामले में बदलाव के लिए तैयार हैं और उन्होंने कतर व्यवसायी संघ (क्यूबीए) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बीच हस्ताक्षरित दो समझौता ज्ञापनों तथा इन्वेस्ट कतर और इन्वेस्ट इंडिया के बीच हस्ताक्षरित एक अन्य समझौता ज्ञापन का भी उल्लेख किया।

मंत्री महोदय ने व्यापार और वाणिज्य पर संयुक्त कार्य समूह को मंत्री स्तर पर उन्नत करने की भी घोषणा की। श्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि आज चाहे बड़े देश हों या वैश्विक मंच, भारत के प्रति विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने व्यापार जगत प्रमुखों से उसी भावना और आत्मविश्वास के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। श्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था, युवा आबादी के साथ एक समृद्ध जनसांख्यिकी, व्यापार के हर क्षेत्र में सुधार के अलावा कारोबार में सुगमता पर ध्यान केंद्रित करने और अपने औद्योगिक विकास केंद्रों में गुणवत्ता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत आज स्थिरता, विश्वसनीयता और निरंतरता का सर्वाधिक अनुकूल स्थल है। श्री गोयल ने कतर की कंपनियों को निवेश, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट शहरों के विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास में भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए भी आमंत्रित किया।

कृष्णांजलि नाट्यशाला में राजस्थानी नाइट का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ के तत्वाधान में आयोजित अलीगढ़ महोत्सव में आज कृष्णांजलि नाट्यशाला में राजस्थानी नाइट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह एवं ठाकुर श्यौराज सिंह जी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में कोहिनूर लहंगा ग्रुप ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर दर्शकों को और श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया राजस्थानी ग्रुप कि आई कलाकारों ने भवाई, कालबेलिया एवं चरि नृत्य के माध्यम से अपनी कला को प्रस्तुत किया कार्यक्रम की शुरूआत केसरिया बालम गीत के साथ हुई इसके बाद छाप तिलक सब छोड़ी तोसे नैना मिला के, होरीया में उड़े रे गुलाल आदि गीतों के साथ एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक मोनू अग्रवाल, हरी बाबू गुप्ता, संजय पंडित, पवन राजपूत, लोकेश गुप्ता, सुशांत वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, अंकित अग्रवाल, संजीव कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

पुरानी पेंशन बहाल करा कर रहेंगे ---डॉ नरेश कुमार

दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का वार्षिक सम्मेलन राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णजलि सभागार में संपन्न हुआ ' सम्मेलन की अध्यक्षता परिषद के पूर्व मंडल अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर सिंह ने की इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय महामंत्री शिव बरन सिंह यादव व अपर महामंत्री डॉ नरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे '

संगीतका कला केंद्र की छात्राओं द्वारा मीनाक्षी नागपाल के निर्देशन में लोकगीतों के जरिए अपनी प्रस्तुति दी 'महामंत्री शिव बरन सिंह यादव ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता का ही परिणाम है की सरकार एनपीएस पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर हुई और अंतिम वेतन का 50% पेंशन के रूप में देने के लिए तैयार हुई ' यूपीएस में अनेक कमियां है इन पर मिलकर लड़ना होगा 'आठवें वेतन आयोग पर भी सतर्क नजर रखनी पड़ेगी, आपकी एकजुटता के परिणाम स्वरूप आठवें वेतन आयोग का गठन हुआ है ' परिषद का मत है की वेतन और भक्तों में पूरे देश व प्रदेशों में एक समानता होनी चाहिए '

अपर महामंत्री डॉ नरेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति की जानी चाहिए, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की कमी के कारण विभागों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं ' इसके अतिरिक्त आउटसोर्स और संविदा के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन के सिद्धांत को कड़ाई से पालन किया जाए व उनकी एक नियमावली बनाई जाए जिससे एक तय अंतराल के बाद उनको नियमित नियुक्ति मिल सके ' सरकार के सामने पुरानी पेंशन बहाली ही अंतिम विकल्प है '

परिषद के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ने एकजुट रहने पर बल दिया और सभी अतिथियों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया ' सम्मेलन का संचालन परिषद के जिला मंत्री शिवकुमार सिंह ने किया '

इस अवसर पर परिषद के मंडल अध्यक्ष सतेंद्र चौहान एटा के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव हाथरस के अध्यक्ष हाकिम सिंह जिला मंत्री सरदार सिंह कासगंज के जिला मंत्री रमेश वर्मा बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सक्सेना ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह मंत्री अरविंद कुमार ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री राम बहादुर सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अध्यक्ष चेतन राज मंत्री युवराज सिंह वेटरनरी फार्मासिस्ट संघ के अध्यक्ष रजत भारद्वाज प्रचार मंत्री आशीष सिंह संयुक्त मंत्री मुकेश सोलंकी आईटीआई के अध्यक्ष हुकुम सिंह मंत्री जितेंद्र पाठक डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के जनपद सचिव प्रदीप राज टेबल टेक्निकल एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शर्मा मंत्री सत्यवीर सिंह ग्राम विकास अभिकरण के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंदेल राजस्व संग्रह अमीन संघ के प्रमोद सक्सेना प्रेम बाबू शर्मा मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ से अध्यक्ष शकुंतला देवी कुसुम सिंह इंजीनियर बीके गर्ग कुशल पाल दीक्षित प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सिंचाई संघ के पृथ्वी सिंह सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने प्रतिभाग किया।

खैर अड्डे के ठेके के सामने नशेड़ियों का आतंक जनता परेशान

अलीगढ़ : थाना देहली गेट क्षेत्र के खैर अड्डे पर देशी शराब का ठेका है ठेके के सामने ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है ठेके के पास अवैध कैंटीन खुली हुई है । ठेके से शराब खरीदने के बाद शराब पीने के लिए ठेके के पास ही भारी मात्रा में इकट्ठे होते रहते हैं। क्षेत्र की जनता इनसे काफी परेशान है । थाना दहेली गेट पुलिस नही कर रही है इनके खिलाफ कोई कार्यवाही । ठेके के पास ही शराब के खाली पाउच से नाला भरा हुआ है । स्वच्छ भारत मिशन की जमकर उड़ रही धज्जियां । खुले रोड पर शराब पीने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

31 मार्च तक समाधान योजना का लाभ उठाएं

अलीगढ़ : अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मीनू राणा ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 द्वारा 26 दिसम्बर 2024 में समाधान योजना के लागू होने के पूर्व तक योजित किसी भी स्टाम्प वाद/स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी वाद में यदि पक्षकार संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि को नियमानुसार देय ब्याज, के साथ जमा करने का इन्छुक है तो वह सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने बताया कि संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि की पुष्टि के उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय पक्षकार को पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि व ब्याज एवं 100 रूपया टोकन अर्थदण्ड की धनराशि को नियमानुसार एक सप्ताह में कोषागार में मद संख्या 0030, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में जमा करते हुये अवगत करायेगें। उक्तानुसार धनराशि जमा करने के उपरान्त पक्षकार समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना 31 मार्च 2025 तक ही लागू रहेगी।

कावड़ मार्ग को गड्ढा मुक्त और प्रकाश की व्यवस्था हेतु सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण - अहोराम राजौरिया

अलीगढ़ : महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अलीगढ़ जनपद की सीमाओं से लाखों श्रद्धालु कांवड़िया कांवड़ लेकर निकलेंगे लेकिन जिस मार्ग से वह गुजरेंगे वह जगह-जगह पर काफी जर्जर स्थिति में है जिसके चलते उन श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा । इस ज्वलंत समस्या को लेकर आज पूर्व विधायक विवेक बंसल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह व महानगर अध्यक्ष नवेद खान की ओर से जिलाधिकारी अलीगढ़ को संबोधित एक ज्ञापन एसीएम प्रथम श्री सुधीर कुमार जी को दिया । ज्ञापन के द्वारा मांग की गई कि श्रद्धालू कांवड़ियों की कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले अलीगढ़ जनपद की सीमा में खराब पड़ी समस्त सड़कों को तत्काल सुचारू बनाए जाए और इसके साथ साथ कांवड़ मार्ग में समुचित प्रकाश व्यवस्था की जाए । इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि भगवान शिव की आराधना में लगने वाले श्रद्धालु कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो यह शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है लेकिन दुख इस बात का है कि देश में और प्रदेश में घोर हिंदूवादी सरकार होने के बावजूद भी श्रद्धालू कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए इस ओर कोई किसी का ध्यान नहीं जाता है । समाज में विद्वेष फैलाने के उद्देश्य से फिरकापरस्ती के फरमान तो जारी किए जाते हैं लेकिन जो इन श्रद्धालुओं को मूल भूत सुविधाओं की आवश्यकता है उसकी ओर इन भाजपा साकारों का कोई ध्यान नहीं है । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनो में मोहम्मद सोहेल अख्तर, अनिल सिंह चौहान, कैलाश वाल्मीकि, आमिल हुसैन, पुरानचंद देशमुख, ओमप्रकाश जी, शाहिद खान, शाहरुख खान, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, डॉ राकेश सारस्वत, अमजद हुसैन, तल्हा अबरार, यामीन खान मेव, संतोष नौटियाल, नादिर खान, नरेंद्र मिश्रा, जितेंद्र कुमार तोशी, महेश गर्ग, ज्ञान सिंह दिवाकर, आनंद बघेल, आमिर मुंतज़िर, रईस गाजी, पप्पू आजाद, बाबुद्दीन अब्बासी, संजय यादव, शादाब फजल, अतर सिंह, बिरजू जाटव, मोहनलाल पप्पू, मोहम्मद दिलशाद, सुमित कुमार कालू, मोहम्मद मंसूर, विकार गुड्डू, नौशाद मिर्जा, मोहम्मद सलमान, बिहारी लाल सैनी, हेमप्रकाश सैनी, डॉ लालता प्रसाद त्यागी, नबी जान, अजय बघेल, राहुल कुमार, शहजाद आलम, अकील अहमद कस्सार, मोहम्मद आसिफ, राजेश जाटव, नीरज कुमार, पीतांबर सिंह, राहुल गौतम, प्रमोद कुमार, मोहम्मद शादाब आदि थे ।

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं के लाभ के लिए करें अधिकाधिक ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं उद्योग स्थापित करने के लिए नवयुवक-युवतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-2025 में विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजना में जनपद की तहसीलो के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डो में से किसी भी एक-एक विकास खण्ड मुख्यालय पर विभागीय एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाना है।

उन्होंने आमजन नवयुवक-युवतियों को सूचित किया है कि विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रतिभागी अपना नामांकन व आवेदन वेबसाइट ूएनचाअपइण्हवअण्पद पर आनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत कर सकते है और आयोजित होने वाले विभागीय एक दिवसीय जागरूकता शिविर में अधिक से अधिक उपस्थित होकर विभागीय योजानओं की जानकारी प्राप्त कर विभागीय योजनाओं में लाभान्वित होकर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस 25 फरवरी को

अलीगढ़ : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में क्वार्सी फार्म परिसर स्थित किसान कल्याण केंद्र में 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र कुमार चौधरी ने उक्त जानकारी देते हुए सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वह अपनी समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण के लिए नियत समय व स्थान पर किसान दिवस में प्रतिभाग करने का कष्ट करे।

जिससे किसान भाइयों की समस्याओं का उचित समाधान किया जा सके।

एफएस विश्वविद्यालय में हुई प्रतियोगिताये

दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

शिकोहाबाद। एफएस विश्वविद्यालय के खेल मैदान में सत्र 2024.25 की खेल.कूद प्रतियोगिताओं का मंगलवार शुभारम्भ किया गया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. जिसमें छात्र-छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेल.कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ आये हुए मुख्य अतिथि चंदन पाण्डेय सहायक आयुक्त खाद्य विभाग, कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव,प्रतिकुलाधिपति

डॉ. योगेश यादव, डॉ. राहुल यादव, डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज,महानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने सरस्वती मॉ कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने कहा कि विद्यार्थीयों के लिए शिक्षा के साथ खेल-कूद होना भी अति आवश्यक है। तभी सभी विद्यार्थियों का सर्वांगीकरण विकास संभव है। अतिथियों ने क्रिकेट टीम के दोनों कप्तानों को बुलाकर टॉस कराया एवं दोनों टीमों के सभी सदस्यों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जीतने के लिए शुभकामनाएं दी। खेल.कूद प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ.मनोज यादव तथा डॉ. शैलेन्द्र सिंह चैहान रहे। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, बॉलीवॉल, कबड्डी, वैडमिंटन,टेबल टेनिस,शतरंज,दौड़ 100मी, 200 मी, 500 मी तथा गोला फैंक के अतिरिक्त और भी कई खेल प्रतियोगिता शामिल है। खेल.कूद प्रतियोगिता में लगभग 700 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं।

महाकुंभ के 144 साल बाद पढ़ने पर प्रतियोगिता संपन्न !

दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज के तत्वावधान में मंगलवार को प्रात. 12:30 बजे अंग्रेजी विभाग के द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय महाकुभ 2025 के 144 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "India: The Land of Sages" रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ० अंजु शर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में लगभग 40 छात्राओं ने पूरे उत्साह से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि राजनीति विज्ञान विभाग की असि० प्रो० डॉ० अंकिता ठाकुर थी। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी, डॉ० अंकिता ठाकुर एवं डॉ० रिचा सिंह रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गौसिया खानम B.A. VIth Sem. द्वितीय स्थान हिफजा B.A. VIth Sem. व तृतीय स्थान अलवीना B.A. VIth Sem. पर रहीं। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन से छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० ज्योति अग्रहरि ने प्रतियोगिता के लेखन मानदंड को बताते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं कार्यक्रम की सह-संयोजिका श्रीमती कीर्ति वर्मा ने भी अपने उद्बोधन की छात्राओं को आगे होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में दिनांक 18 फरवरी 2025 को एक जिला एक उत्पाद विषय पर विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक तथा परास्नातक की समस्त छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया छात्राओं ने इस सेमिनार में एक जिला एक उत्पाद योजना से देश को होने वाले लाभ के विषय में विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने बताया कि इस योजना से देश के संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिला है तथा प्रत्येक जिले के मुख्य उत्पाद के विपणन एवं निर्यात में वृद्धि हुई है साथ ही इस योजना से स्थानीय व्यवसायों को सुरक्षित रखने में सफलता मिली है एवं देश की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित रखने में भी सहायता मिल रही है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर प्रीति अग्रवाल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना अग्रवाल द्वारा छात्राओं के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

ऑटो से सड़क पर गिरी युवती की अज्ञात वाहन के रोदने से मौत

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद थाना मक्खनपुर क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की शाम किसी वाहन की टक्कर से ऑटो में सवार युवती की अज्ञात वाहन द्वारा रोदने से मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है

सिरसागंज थाना सिरसागंज क्षेत्र के मियां बाजार निवासी करीब 25 वर्षीय मुस्कान पुत्री मंसूर अली सोमवार को ऑटो में सवार होकर अपने मामा थाना रसूलपुर क्षेत्र के 30 फूटा निवासी शकील के यहां से घर वापस लौट रही थी वह थाना मक्खनपुर के अंगदपुर के समीप पहुंची ही थी तभी किसी वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप मुस्कान सड़क पर गिर गई लोग कुछ समझ पाते तब तक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रोद दिया दुर्घटना देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई वह शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई इधर घटना की जानकारी मिलते ही युवती के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए उन्होंने उसके शव की पहचान 25 वर्षीय मुस्कान पुत्री मंसूर अली निवासी मियां बाजार थाना सिरसागंज के रूप में की है परिजनों में शव को देख कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है

मथुरा में एक बार फिर प्रतिबंधित क्षेत्र में मांस से भरी पिकअप मिला

गौ रक्षा दल ने की कार्रवाई खून टपकता देख पुलिस और नगर निगम को किया सूचित

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मथुरा

मथुरा।ब्रजनगरी मथुरा में गौ रक्षा दल की टीम ने प्रतिबंधित क्षेत्र सुखदेव नगर में एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मांस से लदी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा, जिससे खून टपक रहा था। गौ रक्षा दल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को थाना कोतवाली ले गई। थाने में मौजूद गौ रक्षा दल भारत और बजरंग दल के कार्यकताओं चंद्रशेखर, कृष्णा चौधरी, ललित शर्मा, माहिर प्रकाश राजपूत, अभिषेक चतुवेर्दी, विष्णु चौहान और गोविंद ने बताया कि उनकी टीम पिछले कुछ दिनों से ऐसी कई गाड़ियों को पकड़ चुकी है। आज की कार्रवाई भी सूचना के आधार पर पुलिस के साहयोग से की जब यह पूछा गया कि क्या यह गौ मांस था, तो कार्यकताओं ने स्पष्ट किया कि मांस किसी भी जानवर का हो, प्रतिबंधित क्षेत्र में इसका लाना और बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। गौ रक्षा दल ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।

जिला कारागार में सजा काट रहे बंदी फल और सब्जियों से बना रहे रंग-गुलाल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मथुरा

मथुरा।ब्रज में होली का उल्लास शुरू हो गया है। जिला कारागार में बंदी भी फल और सब्जी से गुलाल और रंग बनाने में जुट गए हैं। पूरी तरह से प्राकृतिक गुलाल और रंगों की बिक्री के लिए जेल प्रशासन स्टॉल लगाएगा ताकि लोगों को पूर्ण प्राकृतिक रंग आसानी से उपलब्ध हो सकें।

होली के त्योहार को देखते हुए दुकानदारों ने रंग और गुलाल का स्टॉक करना शुरू कर दिया है। बाजार में रंग और गुलाल बिक्री के लिए उपलब्ध होने

लगे हैं। केमिकल रंगों से लोगों को नुकसान होता है। इसलिए जिला जेल में 15 बंदी फल और सब्जी से पांच तरह के रंग और गुलाल बना रहे हैं। जेल अधीक्षक अशुमन गर्ग ने बताया कि बंदी लाल, पीला, हरा, नीला और गुलाबी रंग तथा गुलाल बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि लाल गुलाल और रंग में चुकंदर और गाजर, हरे रंग में पालक, नीले रंग में नील, गुलाबी रंग और गुलाल में चुकंदर और पीले रंग में हल्दी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो बंदी रंग और गुलाल बना रहे हैं उन्हें पहले से यह कार्य आता था। प्राकृतिक रंगों से गुलाल बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने 15 किलो रंग और गुलाल सैंपल के तौर पर बनाकर तैयार कर लिया है। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी जो रंग और गुलाल बनाएंगे उसकी बिक्री के लिए जिला कारागार के बाहर स्टॉल लगाया जाएगा। इसके अलावा शहर में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी स्टॉल लगाया जाएगा। ताकि लोगों को पूरी तरह से प्राकृतिक वस्तुओं से बना रंग और गुलाल आसानी से उपलब्ध हो जाए।

छात्रों व समाज को जागरूक बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर प्रारम्भ

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मथुरा

मथुरा।सामाजिक,शिक्षा स्वास्थ्य व स्वच्छता की मूल भावनाओं के प्रति छात्रों व समाज के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने के भाव के साथ बीएसए कॉलेज मथुरा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम व द्वितीय इकाईयों का एक सम्मिलित शिविर महावन के श्री गुरु कार्ष्णि इण्टर कॉलेज में प्रारम्भ हुआ। इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के 50-50 छात्र/छात्राओं और कार्यक्रम अधिकारियों के इस दल की बस को प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व आध्यात्मिक गुरु संत हरदेवानन्द महाराज कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश मिश्र विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र कुमार मिश्र प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर सिंह प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने माँ सरस्वती एवं बाबू शिवनाथ जी के चित्रपट पर द्वीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही धर्म है और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम से जुड़कर छात्र देश, समाज और स्वयं का बेहतर विकास कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों को छात्र जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। साथ ही इस तरह के शिविरों से समाज और विद्यार्थियों में एक बेहतर समन्वय स्थापित होता है जो कि अन्ततः ज्ञान भाव और विद्या भाव की स्थापना में सहयोगी बनता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शान्तनु एवं डॉ. चंचल शर्मा ने बताया कि प्रथम दिन शिविर में छात्रों ने श्री गुरु काणि इण्टर कॉलेज परिसर में एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया तथा द्वितीय सत्र जागरूकता कार्यक्रमों के नाम रहा जिसमें शिविर के आस-पास की बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल-कल्याण, महिला कल्याण से जुड़े हुए मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. एसके कटारिया प्रो यूके त्रिपाठी प्रो बीके गोस्वामी प्रो रवि शर्मा डॉ. चंचल शर्मा डॉ. रेखा राय शांतनु कुमार डॉ. सत्येंद्र त्रिपाठी डीआर अपर्णा शर्मा रविंद्र सिंह रघुवीर सिंह चंद्र मोहन गोविंद सैनी डॉ. वी पी राय प्रोफेसर मुकेश चंद्र प्रो मुकेश चंद्र प्रो. एसके सिंह प्रो. बी बी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मथुरा में अधिवक्ताओं के लिए तैयार किया गया नया मोनोग्राम लोगों

नए मोनोग्राम से धोखाधडी एवं गलत काम पे लगेगी लगाम भानु प्रकाश गौतम

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मथुरा

मथुरा न्याय क्षेत्र की स्थिति में बढ़ते हुए धांधली को रोकने के लिए मथुरा बार एसोसिएशन की और से एक और नया पहल जानकारी देते हुए बार के उपाध्यक्ष भानु प्रकाश गौतम ने दी जानकारी बार एसोसिएशन सहित सभी सदस्यों के मांग पर लिया गया नया फैसला जैसा कि सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन में कभी कभी धोखाधडी एवं 420 जैसे मामले देखने को मिल जाते है जैसे फर्जी आईडी बना कर उस क्षेत्र गैर कानूनी काम कराने वाले पकड़े जाते है जिससे वैधिक क्षेत्रों पे उंगली उठाई जाती है इन्हीं चीजों को रोकने के लिए कार्य किए जा अब मथुरा न्याय अधिवक्ताओं को मिलने जा रहा है उनका नया चिन्ह मोनोग्राम लोगों जिसको नया रूप प्रदान किया गया है बता दे सुरक्षा की दृष्टि से उठाए गए इस पहल को बार एसोसिएशन मथुरा की तरफ से इस मोनोग्राम को मंजूरी मिल चुकी है जल्द ही सभी सभी रजिस्टर्ड अधिवक्ताओं को उपलब्ध करा दिया जाएगा इसका मुख्य उद्देश्य है जो अधिवक्ता नहीं है फिर भी अधिवक्ताओं के चिह्न का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए नजर आते हैं जैसे आम तौर पर वाहन पर लगाए नजर आते है उनके ऊपर लगाम लगाई जाए नए न्याय मोनोग्राम लोगों के डिजाइन को बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भानु प्रकाश गौतम ने तैयार किया है जल्द ही सभी रजिस्टर्ड अधिवक्ताओं को उपलब्ध करा दिया जाएगा सभी अधिवक्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है।

दुद्धी में है रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं

- पलायन पर रोक के लिए नौजवानों को अनुदान दे सरकार
- रोजगार अधिकार अभियान के तहत रासपहरी में हुई गोष्ठी

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

म्योरपुर/ सोनभद्र। आदिवासी बाहुल्य दुद्धी तहसील में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। बशर्ते सरकार इस क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें। आज हालात यह है कि दुध्दी मजदूरों के पलायन का बड़ा केंद्र बन गया है। गांव में आमतौर पर 90 फीसदी नौजवान बाहर काम पर जाने के लिए मजबूर है। हालत इतनी बुरी है कि तमाम गांव में लड़कियां भी काम की तलाश में बाहर जा रही यदि यहां कनहर सिंचाई परियोजना में नहरे बनाकर खेतों को पानी दिया जाए। तो बड़े पैमाने पर सब्जी से लेकर अन्य फसलों का उत्पादन होगा और खेती समृद्ध हो जाएगी। इतना ही नहीं इस क्षेत्र से पूंजी का भी बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सोनभद्र जनपद के लोगों की बैंकों में जमा 69 प्रतिशत पूंजी दूसरे प्रदेशों में पलायन कर जा रही है और यदि दुध्दी की बात की जाए तो यह और भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। ऐसी स्थिति में पलायन रोकने के लिए सरकार यहां की पूंजी से नौजवानों को

कम से कम 10 लाख रुपए का अनुदान प्रदान करें। जिससे नौजवान नए उद्योग को शुरू कर सके। यह बातें आज रासपहरी में रोजगार अधिकार अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में उठी।

गोष्ठी में मौजूद किसानों ने कहा कि यदि कनहर सिंचाई परियोजना में नहरें बनाकर खेतों को पानी दिया जाए। तो बड़े पैमाने पर सब्जी से लेकर अन्य फसलों का उत्पादन होगा और खेती समृद्ध हो जाएगी। यहां अरहर व उड़द की दाल, हल्दी, लहसुन, आलू, अदरक, टमाटर और मिर्च जैसे सब्जियों के उत्पादन पर जोर दिया जाए और इनके संरक्षण के लिए सरकारी कोल्ड स्टोरेज और चटनी के उद्योग स्थापित किए जाएं तो न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ेगी बल्कि लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। किसानों का यह भी कहना था कि इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मधुमक्खी पालन के जरिए से शहद भी पैदा किया जा सकता है जिस पर व्यवस्थित रूप से सरकार को ध्यान देना चाहिए।

गोष्ठी में नौजवानों ने कहा कि यहां तापीय परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर राख निकल रही है। एनजीटी का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी तापीय परियोजना के 100 किलोमीटर के दायरे के अंदर इस राख से बनी हुई ईट का ही निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाएगा। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को सभी सरकारी कामों में इन ईंटों के ही उपयोग का निर्देश देना चाहिए। इस ऐश ईट के उद्योग को लगाने के लिए सरकार को नौजवानों को मदद देनी चाहिए। गोष्ठी में कहा गया कि सरकारी आईटीआई और पॉलिटेक्निक के जरिए बड़े पैमाने पर कौशल विकास का काम भी होना चाहिए। ताकि सार्थक रोजगार के लिए सक्षम नौजवानों को तैयार किया जा सके।

बैठक में मौजूद महिलाओं ने बताया कि यहां बड़े पैमाने पर प्राईवेट माइक्रोफाइनेंस कंपनियों काम कर रही हैं। जो 17 से लेकर 30 परसेंट तक प्रतिवर्ष ब्याज लोगों से वसूल रही है। यहां तक कि सरकारी महिला स्वयं सहायता समूह में भी 12 फीसदी वार्षिक ब्याज दर है। जबकि बैंकों से लोन लेने पर कम ही ब्याज दर है। मांग की गई कि महिला स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार अनुदान दे। दोना पत्तल, साबुन, अगरबत्ती, महुआ, अलसी और तिल के लड्डू, अदरक की बर्फी जैसे तमाम छोटे-मोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर और उनके उत्पादन की खरीद की सरकार द्वारा गारंटी सुनिश्चित करके इस इलाके में समृद्धि लाई जा सकती है। गोष्ठी में रोजगार अधिकार अभियान की संचालन समिति और सलाहकार समिति के विस्तार के लिए छात्रों, नौजवानों समेत समाज सरोकारी नागरिकों से संवाद करने का भी निर्णय हुआ।

गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर मौजूद रहे जिन्होंने विस्तार से बातचीत को रखा। गोष्ठी की अध्यक्षता मजदूर किसान मंच के अध्यक्ष जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोंड ने की और संचालन युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड ने किया। गोष्ठी को एआईपीएफ के जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका, मजदूर किसान मंच के तहसील संयोजक रामचंद्र पटेल, एआईपीएफ जिला प्रवक्ता मंगरु प्रसाद श्याम, जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, युवा मंच की जिला अध्यक्ष रूबी सिंह गोंड, मनोहर गोंड, सुगवंती गोंड, रामविचार गोंड, महावीर गोंड आदि ने संबोधित किया।

राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुद्धी की बालिकाओं ने जीता 15 गोल्ड मेडल

ब्यूरो चीफ सोनभद्र।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र (दुद्धी) - उ० प्र० माध्यमिक शिक्षा अभियान लखनऊ के तत्वाधान में सोनभद्र में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण 3 महीने कार्यक्रम राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुद्धी का समापन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. रीतिका श्रीवास्तव और नोडल शिक्षक डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के बारे में बताया गया। जिसमें आत्मरक्षा के लिए ताईक्वांडो एन आई एस कोच रवि सिंह द्वारा शिविरों में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए इन शिविरों में प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा के साथ-साथ बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, किशोरावस्था में कौशल विकास, साइबर काइम के बारे में भी जानकारी दी गई मार्शल आर्ट, पंचेस ब्लॉकिंग, हैंड मूवमेंट, किक गले का छुड़ाना, हाथ का छुड़ाना, बाल का छुड़ाना, कन्धे का छुड़ाना आदि सुरक्षा के दॉव-पेंच बताये गये कि हमे सड़क पर अगर कोई छेड़ता है तो उनको कैसे जवाब देना है और अपनी सुरक्षा कैसे करनी है आदि के उपयोगी गुर सिखाए गए। राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुद्धी कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाओं ने लगभग 1450 बालिकाओं प्रशिक्षण लिया जिसमें एन आई एस कोच रवि सिंह द्वारा गोल्ड मेडल 15 बालिकाओं को आज के प्रभारी प्रधानाचार्या शोभा यादव द्वारा मेडल पहनाया गया रिया गुप्ता, शमा खान, पिंकी कुमारी, पूजा गुप्ता, अन्नु यादव, आशू कुमारी, सपना कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी सिंह, जोया खान, शाहिन, आर्ति चौबे, राधा कुमारी, अंजली, आकांक्षा कुमारी को गोल्ड मेडल साथ सम्मानित किए गए। विद्यालय कुसुम सिंह, वर्षा, अर्चना, गीता, मनीष कुमार, रतना तिवारी, मंजूलता, जितेंद्र तिवारी आदि लोग भी उपस्थित रहे।

त्रिवेणी एक्सप्रेस में लगी आग, यात्रियों में मची भगदड़।

ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण

करमा/ सोनभद्र। प्रयागराज से आ रही त्रिवेणी एक्सप्रेस में लगी आग, यात्रियों में मची भगदड़। ड्राईवर के सुझबुझ से अनहोनी होते होते बची।
प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय थाना अंतर्गत मंगलवार को दोपहर डिलाही

के समीप त्रिवेणी एक्सप्रेस में लगी आग ड्राईवर के सूझ बूझ से सही समय पर आग पर काबू पा लिया गया सभी यात्रीगण सुरक्षित हैं। आग से यात्रियों में भगदड़ मच गई। यात्री ट्रेन छोड़ कर बस पकड़ने के लिए मुख्य मार्ग मिजार्पुर सोनभद्र पर आकर सवारी गाड़ी में बैठ कर अपने गंतव्य तक गए। यात्रियों की मानें तो इस ट्रेन में आग दो बार लग चुकी, पहले लूसा के करीब लगा है फिर यहां भी लग गई है कोई नुकसान नही हुआ है सभी लोग ट्रेन से उतर गए थे कुछ लोग बस से चले गए आग किस कारण लगी पता नही चल पाया। आग किस कारण से लगी कोई बताने को तैयार नहीं था। इस सम्बन्ध में सेल फोन पर बातचीत खैराही स्टेशन मास्टर बी पी सिंह ने कहा कि ट्रेन के चक्के में ब्रेक लग गए थे जिसके कारण धुएं उठने लगे थे। किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ट्रेन चोपन के लिए रवाना हो गई।

मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी ने फीता काट कर तेजस्वी किसान मॉर्ट का किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ सोनभद्र।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। आज उत्तर प्रदेश का पहला स्टोर सोनभद्र जनपद तेजस्वी किसान मार्ट का इमलीपुरा में हुआ उद्घाटन जिसमें मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी हरे शंकर मिश्रा जी द्वारा फीता काटकर नारियल तोड़कर पूजन करते हुऐ तेजस्वी किसान मार्ट का शुभारंभ किया गया। इस स्टोर का मुख्य उद्देश्य किसानों के द्वारा उत्पादित सब्जियों को उचित मार्केट उपलब्ध कराने हेतु पहल किया जा रहा है। जिला अधिकारी द्वारा किसानों को रसायन मुक्त खेती करने हेतु जागरूक किया गया। और शहद उत्पादन, मशरूम उत्पादन, पिपरमिंट की खेती हेतु जानकारी उपलब्ध कराया गया।

ई. प्रकाश पाण्डेय जी द्वारा बताया गया की सोनभद्र में देश का पहला हरी सब्जियों के कार्य हेतु स्थापित किया गया। जिससे जनपद के (किसान उत्पादक कंपनियों) एफ.पी.ओ को इस मुहिम में आगे बढ़ कर साथ आने का आवाहन किया। एवम जनपद के औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही आगामी स्टोर प्रारंभ करने की बात कही गई। श्रीमान सुरेंद्र जी के द्वारा बताया गया क्षेत्र के किसानों के उत्पाद को उचित मूल्य दिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल सिंह वैद्य प्रबंध निदेशक, श्रीमान संतोष कुमार कोषाध्यक्ष, संजय सिंह, संतोष कुमार मौर्य, प्रदीप पांडेय, यूनिवर्सल सोनांचल फार्मर एसोसिएशन श्रीमान बालेंद्र सिंह पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजस्वी संगठन, के फार्म हाउस का विजिट किया गया जिला कृषि अधिकारी द्वारा एवम फार्म हाउस में उपलब्ध सेव, नारियल, कटहल, इत्यादि का निरीक्षण किया गया। श्रीमान विशेष पांडेय, प्रभास द्विवेदी, ओम जी, सुरेश कुमार, अशोक सिंह, विनय पटेल, सौरभ कुमार, राकेश सिंह, रामपोष सिंह, राजकुमार मौर्य, रामा मौर्य, गुड्डू सिंह, एवम सह संचालक राकेश पाण्डेय जी द्वारा किसानों के सहयोग हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन प्रस्तावित एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 अधिवक्ता हित में नहीं है

ब्यूरो चीफ सोनभद्र।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिवक्तागण उपजिलाधिकारी सदर सोनभद्र के माध्यम महामहिम राष्ट्रपति महोदय न्यू दिल्ली को नौ सूत्रीय ज्ञापन पत्र एडवोकेट एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में सौंपा गया। इस अवसर पर एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एड ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन हेतु विधायक का प्रारूप और उसमें प्रस्तावित संशोधन के संक्षिप्त प्रावधानों को जनसाधारण के लिए अवलोकनार्थ और राय प्राप्त करने हेतु जारी किया गया है जो कि अधिवक्ताओं के हित में नहीं है अतएवं अधिवक्ता अधिनियम में किसी भी प्रकार का संशोधन करना भारत की न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रासंगिक नहीं है और एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 को रद्द किया जाए !

महामंत्री एड प्रदीप कुमार मौर्य ने कहा कि एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 के प्रमुख प्रावधान में अधिवक्तागण के हित में कोई प्रावधान नहीं हैं बल्कि उनके स्वतंत्रता पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्राविधान हैं जिससे अधिवक्ता आम जनमानस को न्याय न दिला सके, इससे सम्पूर्ण समाज का अहित है, इस बिल का विरोध सशक्ति से करे। सरकार आप के मत की मांग 28 फरवरी 25 तक विरोध दर्ज.करावे। विनोद कुमार शुक्ल एड, राजेश यादव एड, सुरेश सिंह एडकुशवाहा, राजेश कुमार मौर्य एड, रामगुल्ली यादव एड, शाहनवाज आलम खां, वी पी सिंह एड, रियाजुदीन खान एड, अशोक कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

ओबरा पुलिस टीम द्वारा काफी समय से फरार चल रहे कुल पांच वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए किया गया रवाना

संवाददाता शिव प्रताप सिंह।
दैनिक समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 28 फरवरी 2025 को उ0नि0 रामलोचन उ0नि0 धर्मनारायण भार्गव, मु0आ0 हेमंत बारी हे0का0 राधे गोविंद सिंह थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के द्वारा भिन्न-भिन्न मुकदमे से संबंधित काफी समय से फरार चल रहे आरोपी अभियुक्तों को-01- मु0न0-8094/2021 धारा 60 इ एक्स एक्ट से संबंधित आरोपी वारंटी राजेश पुत्र रामचंद्र निवासी सेक्टर नंबर 4 राम मंदिर थाना ओबरा सोनभद सोनभद्र उम्र 42 वर्ष , मु0नं0-321/ 2023 धारा 224, 324, 332, 353,504 भावदि व धारा3 (1) द, 3(1) ध3(2)(वी)क एससी/ एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त वारंटी चंद्रजीत सिंह पुत्र राजेश्वर सिंह निवासी विनोद गुप्ता के मकान डेलिस होटल के पास चोपन रोड थाना ओबरा सोनभद्र, उम्र 38 वर्ष,मु0नं0 8113 /2021धारा 60 इ एक्स एक्ट से संबंधित आरोपी वारंटी सुखदेव पुत्र जुगल किशोर थाना ओबरा सोनभद्र 62 वर्ष, मु0नं0-6645/2023 धारा 323,504,506 भादवि से संबंधित आरोपी वारंटी 1-गुड्डू उर्फ पवन पुत्र राम आधार हनुमान मंदिर के बगल गली में बिल्ली मारकुंडी थानाओबरा सोनभद्र उम्र 28 वर्ष, सुनील पुत्र कैलाश निवासी कमला पेट्रोल पंप के पास दिल्ली गांव थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को संबंधित धारा में माननीय न्यायालय पेश करने के लिए रवाना किया गया।

बोर्ड परीक्षा को सकुशल व पारदर्शिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

सदर संवाददाता अल्ताफ कादरी।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आज स्वामी हरसेवा नन्द सीनियर सेकेण्डरी स्कूल चुर्क में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट वर्ष-2025 के परीक्षा को पारदर्शिता व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षा सहायकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न-पत्र, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था, परीक्षा व्यवस्था से जुड़े केन्द्र व्यवस्थापको को परीक्षा को बेहतर व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने यू0पी0 बोर्ड परीक्षा से जुड़े अधिकारी व कार्मिकगण से अपील करते हुए कहा कि जनपद में नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराया जाये। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को दायित्वबोध कराते हुए कहा कि वे अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के लिए बखूबी जिम्मेदारी निभाते हुए हर हाल में नकल विहीन परीक्षा कराये। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थाओं के साथ पूरी सतर्कता के साथ परीक्षा को नकल विहीन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में प्रश्न-पत्र लीक न होने पायें, इसलिए सी0सी0टी0वी0 की रिकार्डिंग शत-प्रतिशत सुरक्षित रखी जाये। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों में जो परीक्षाएं होती थी वो लगभग महीने तक चलती थी, अब 24 फरवरी,2025 से शुरू होकर 12 मार्च,2025 को समाप्त होगी यानी 12 दिनों में परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी कराने में अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रश्न-पत्र वितरण के समय विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि जिस पाली में जो विषय है, उसी प्रश्न पत्र का सावधानी पूर्वक वितरण किया जाये, यह सुनिश्चित करना सम्बन्धित का परम दायित्व है। परीक्षा केन्द्र के आस-पास फोटो स्टेट की दुकान, लोगों का भीड़-भाड़ न हो। जनपद स्तर पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था कर ली गयी है, परीक्षार्थियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या न होने पायें, इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता हेतु मेडिकल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल उपलब्ध कराने, विद्युत व्यवस्था ठीक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। परीक्षा से जुड़े किसी भी कार्मिकगण को किसी प्रकार की समस्या होने पर एक दूसरे से जानकारी साझा करते हुए कार्य किया जाये, ताकि गलत कार्य न होने पायें, जनपद सोनभद्र में पूर्व वर्षों में जो परीक्षा सम्पन्न हुआ है, वह बेहतर था, इस परीक्षा को भी बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जाये।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगा दी गयी है, इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए जो भी अधिनियम जारी किया गया है, इसी के निदेर्शानुसार परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराया जाना है। परीक्षा में परीक्षार्थी द्वारा नकल करते पकड़े जाने पर परीक्षा की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाना सुनिश्चित किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुछ लोग नकल जैसी प्रवृत्ति के लिए रास्ते ढूढ़ते रहते हैं, किन्तु जनपद में पुलिस भी सतर्क दृष्टि बनायी रखी है, जिससे गलत करने वाले के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। परीक्षा को लेकर शासन भी गंभीर है, हमें भी बखूबी ड्यूटी को निभाना है। परीक्षा से जुड़े किसी प्रकार की फेकन्यूज को शोसल मीडिया पर शेयर न किया जाये, अगर किसी प्रकार की समस्या है, तो उच्च स्तर पर अवगत करायें। शोसल मीडिया पर जिस भी व्यक्ति द्वारा गलत अफवाह शोयर की गयी, समाग्री प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

बोर्ड परीक्षा के तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बताया कि जिले में 24 फरवरी, 2025 से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा जो 06 मार्च, 2025 तक चलेगी, जिले के 77 विद्यालयों में परीक्षा देने वाले 46 हजार 787 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल के परीक्षा में कुल 26 हजार 242 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें 13 हजार 121 छात्र व 13 हजार 121 छात्राएं हैं। इसी प्रकार से इण्टरमीडिएट के कुल 20 हजार 545 परीक्षार्थी हैं, जिसमें 9 हजार 775 लड़के व 10 हजार 770 लड़किया परीक्षा में शामिल होंगीं। उन्होंने बताया कि जनपद को तहसील स्तर के 04 परीक्षा जोन में बांट कर उप जिलाधिकारी को 04 जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती की जा चुकी है। इसी प्रकार से जनपद में 12 सेक्टर में बॉटकर सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा चुकी है और जनपद में 77 परीक्षा केन्द्रों पर प्रधानाचार्य के समकक्ष विभिन्न विभागों से स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती हो चुकी है। इसी प्रकार से जनपद के समस्त 77 परीक्षा केन्द्रों पर जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र द्वारा केन्द्र व्यवस्थापकों व 07 सचल दल की तैनाती हो चुकी है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा श्री विवेक सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी श्री निखिल यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जयराम सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिकगण आदि मौजूद रहें।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 22 मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

सदर संवाददाता अल्ताफ कादरी।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र में 22 मार्च को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में नवीनतम अनुसंधान, विकास, और तकनीकी प्रगति पर विचार-विमर्श करना है। संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित विशेषज्ञ, शोधकर्ता और शिक्षाविद् अपनी महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ देंगे।

इस संगोष्ठी में उच्च शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और उनके समाज में प्रभावी उपयोग पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में चर्चा की जाएगी।

संगोष्ठी के समन्वयक एवं विद्युत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह संगोष्ठी विद्यार्थियों और शोधकताओं को अपने ज्ञान को विस्तारित करने नए विचारों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। इस तरह के कार्यक्रम हेतु प्रोत्साहन और सहयोग हेतु संस्थान के निदेशक प्रोफेसर जी.एस. तोमर, कुलसचिव डॉ. आमोद कुमार तिवारी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी.के. त्रिपाठी, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ हिमांशु कटियार का आभार भी व्यक्त किया।

संगोष्ठी में देशभर से भाग लेने वाले विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा, जिससे उनके कार्यक्षेत्र में सुधार और उन्नति की संभावना उत्पन्न होगी। उक्त जानकारी संगोष्ठी के प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ. विकास तिवारी व डॉ. रवि प्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

सदर संवाददाता अल्ताफ कादरी। दैनिक समाज जागरण

मधुपुर/ सोनभद्र। मधुपुर बाजार में स्थित निजी कोचिंग संस्थान एक्सपर्ट गाइडेंस एकेडमी में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह में छात्रों ने खूब मस्ती की। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर सिंह समाजसेवी नर्वदेश्वर उपाध्याय तथा ईश्वर दयाल सिंह सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात संस्थान के छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अमन श्रीवास्तव ने तेरी मन्द मन्द मुस्कनिया भजन व सुधीर के रुद्रमंत्रों ने पूरे प्रांगण को भक्तिमय कर दिया तो नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक नृत्य व गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के

कुलसचिव डॉ अमोद कुमार तिवारी ने कार्यक्रम के अंत मे बच्चों के कार्यक्रम की खूब प्रसंशा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया। अन्य अतिथि के रूप में ग्रामप्रधान प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह डॉ राकेश डॉ देवेन्दर श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत मे विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की प्रबन्ध निदेशक शिवांगी द्वारा किया गया अन्य शिक्षक के रूप में सुजाता मैम निधि पांडेय व नवीन उपस्थित रहे।

जन कल्याण ग्रामोद्योग सेवा आश्रम के सहयोग से किशोरी मेला आयोजित

सदर संवाददाता अल्ताफ कादरी।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। जन कल्याण ग्रामोद्योग सेवा आश्रम, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं परियोजना 'इग्नापवर हर' के संयुक्त सहयोग से ब्लॉक नगवा में संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत बलियारी में एक भव्य किशोरी मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में परियोजना क्षेत्र की लगभग 100 किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेले का उद्घाटन पनिकप खुर्द के प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार चौरसिया एवं स्वामी विवेकानंद विद्यालय बलियारी के प्रबंधक संतोष कुमार दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मेले में वे किशोरियां सम्मिलित हुईं जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ चुकी थीं या ड्रॉपआउट हो गई थीं। इन किशोरियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संस्था द्वारा संचालित पांच सामुदायिक शिक्षण केंद्रों में पढ़ाया जाता है और उन्हें पुनः विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मेले के दौरान किशोरियों ने विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां प्रस्तुत कीं, जिनमें विज्ञान से संबंधित मॉडलों के साथ-साथ कपड़े से बनाए गए डोर मैट, मेजपोश, इंडिया गेट, गुलदस्ते, थालपोश, सिक की झाड़ू, कुस की डलिया इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, चार्ट पेपर पर क्रांतिकारी महापुरुषों जैसे भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस के चित्र भी बनाए गए, जिन्हें दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कर उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर परियोजना क्षेत्र के कार्यकर्ता नीलम, पूनम, सुनीता, मुमन, प्रोग्राम मैनेजर कुतुबुद्दीन, ब्लॉक समन्वयक विजय कुमार प्रजापति एवं संस्था समन्वयक रोहित विश्वकर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने किशोरियों द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों की सराहना की और इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया।

अडानी फाउंडेशन, ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा द्वारा पनारी पंचायत के ओबरा गांव मे हेल्थ कैंप का आयोजन

शिव प्रताप सिंह
दैनिक समाज जागरण

ओबरा सोनभद्र। ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के ओबरा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। और कुल 134 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है।

इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के प्रमेश बालान, डॉक्टर अरुण चौबे, देवेन्द्र सिंह, सुरेश चन्द्र यादव, गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

श्रम अधिकारी की संलिप्तता से हो रहा श्रमिकों का शोषण

मामला उमरिया जिले का

दैनिक समाज जागरण

उमरिया ---उमरिया जिले में श्रमिकों का शोषण बदस्तूर जारी है, लेकिन श्रमिकों के हितों की रक्षा करने वाले श्रम विभाग पर इस शोषण को लेकर उंगलियां उठने लगी है । ऐसा ही संवेदनशील मामले के प्रकाश में आने के बाद प्रतीत होता है कि श्रमिकों के शोषण में श्रमिकों के हितों का संरक्षण करने वाला विभाग खुद ब खुद संलिप्त नजर आ रहा है । मामले के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रामकुमार पिता भीमसेन साहू निवासी बेलमना पोस्ट ओबरा तहसील बिलासपुर थाना चंदिया जो कि जल निगम ठेकेदार बारूनी इन्फ्राकांन प्राइवेट लिमिटेड के व्दारा जल निगम का काम कराया जा रहा था ।इस काम में रामकुमार बतौर चौकीदार 24 घंटे काम करता रहा । जिसे नौ हजार रुपए प्रतिमाह की दर से रखा गया,जिसका भुगतान 4500 चार हजार पांच सौ रूपए की दर से भुगतान किया गया,शेष राशि कार्य पूर्ण होने के पश्चात देने की शर्त रखी गई थी ।वारूनी इन्फाकांन लिमिटेड व्दारा उक्त शेष राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा । पीड़ित रामकुमार ने श्रम अधिकारी उमरिया को लिखित आवेदन पत्र देकर निवेदन किया था कि मैं उक्त ठेकेदार के यहां 2020 फरवरी से वर्ष 2023 जून तक नियमित रूप से 42 माह काम किया हूं ,जिसका वेतन भुगतान 1,89 000.00 रुपए अभी भी शेष है ,जिसका भुगतान संबंधित ठेकेदार व्दारा नहीं किया गया । पीड़ित रामकुमार ने बतलाया कि श्रम अधिकारी के व्दारा मुझे बुलाकर कहा गया कि शेष राशि में से आधी राशि मुझे देना हो तो भुगतान कराया जायेगा ।शर्त पूरी नही होने पर पीड़ित को आज भी न्याय के लिए भटक रहा है । जानकार सूत्रों का मानना है कि श्रम विभाग के व्दारा संबंधित ठेकेदार से सांठगांठ कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया है ।इस प्रकार से देखा जाए तो श्रम अधिकारी ठेकेदारो के कार्यो में संलिप्त होकर खुद ब खुद शोषण में सहभागी बनें हुए हैं । अपेक्षा है कि जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस ओर आवश्यक पहल करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने में महती भूमिका निभायेंगे ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नौरोजाबाद आगमन पर क्षेत्रीय जनों की आकांक्षाएं

दैनिक समाज जागरण

कोयला और ऊर्जा क्षेत्र के प्रख्यात उमरिया जिले में स्थापित 1340 मैगावाट का बिजली घर जिसकी छठवीं विस्तार इकाई का सर्वेक्षण दस साल पहले पूरा हो गया है और उसकी पूरी रिपोर्ट मध्य प्रदेश सरकार के समक्ष रखी गई है, यह पावर हाउस उमरिया जिले के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जोहिला नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम पोंडी के पास बनाए जाने के लिए प्रस्तावना है, जिसकी घोषणा संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट के 500 मेगावाट के उद्घाटन लोकार्पण के समय देश के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जी के द्वारा किया गया था तब मंच से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नई छठवीं विस्तार इकाई को बनाने की घोषणा की गई थी, यहां पर पावर प्लांट स्थापित किए जाने की समस्त भौतिक और इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा उपलब्ध है जिनमें जोहिला नदी पर बना विशाल बाँध, विकसित आवास कॉलोनी, आवागमन के लिए सड़क, नेशनल हाईवे 43,रेलवे लाइन के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे की बिलासपुर कटनी क्षेत्र की रेल लाइन और CIC कोयला क्षेत्र की पचासों कोयला खदानों होने के कारण यहां पर बिजली घर स्थापित करने पर काम से कम लागत पर बिजली उत्पादित हो पाएगी वही यहां के हजारों हजार शिक्षित बेरोजगार युवाओं और नागरिकों आदिवासियों मजदूरों को दशकों तक स्थायी रोजगार मिल सकेगा और इस आदिवासी क्षेत्र का निरंतर सरकार की मंशा के अनुरूप विकास हो सकेगा.

वन परिक्षेत्र कार्यालय मानपुर में हाथी मित्र(बांधव वीर)वनअग्नि नियंत्रण सह जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

दैनिक समाज जागरण

उमरिया ।वन परिक्षेत्र कार्यालय मानपुर में मानव हाथी द्वंद प्रबंधन एवं वन अग्नि नियंत्रण पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला 18 फरवरी 2025 को वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार मानपुर द्वारा आयोजित किया गया इस कार्यशाला के दौरान मानव हाथी द्वंद प्रबंधन, वन अग्नि नियंत्रण, वनोपजों के समर्थन मूल्य एवं सजग एप्प के बारे में चर्चा की गयी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित परिक्षेत्र सहायक, बीट प्रभारी, वन समितियां के अध्यक्ष/सचिव एवम हाथी मित्र दल (बांधव वीर) को संबोधित करते हुए रेंजर मुकेश अहिरवार ने वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों के इतिहास के बारे में बताया, एवं हाथियों में होने वाले जैनेटिक मैपिंग के बारे में समझाया। इस दौरान उन्होने जंगल में आग न लगाने की समझाईश देते हुए जंगली आग से होने वाले प्राकृतिक हानि के बारे में बताया। उन्होने समझाईश दी कि महुआ बिनने के दौरान पेड़ के नीचे आग न लगावें एवं नेट के माध्यम से फूड ग्रेड महुआ संकलन से होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में चर्चा किया। वनोपजों के बाजार मूल्य के बारे में भी जानकारी ली एवं समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर वनोपजों के विक्रय करने से मनाही किया प्रशिक्षण के दौरान हाथियों के सामान्य व्यवहार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया हाथियों से मुठभेड़ होने के दौरान किये जाने वाले व्यवहार के बारे में बताया एवं साथ ही साथ जंगली हाथियों की पहचान करने, प्रबंधन करने एवं हाथियों से सुरक्षा के उपाय के बारे में बताया ।वनों के विनाश से होने वाले जलवायु परिवर्तन के बारे में समझाया और वनों में आग न लगाने एवं आग लगने की घटना के दौरान उसे बुझाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रेंजर ने सजग एप्प को उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। ग्रामीणों को बताया कि किस तरह से सजग एप्प का उपयोग करके ग्रामीण हाथियों का लोकेशन एप्प में एन्ट्री कर सकते हैं। एन्ट्री के पश्चात वनविभाग उस एन्ट्री के माध्यम से किस भांति सजग सायरन का इस्तेमाल कर ग्रामीणों के लिए अलर्ट जारी करता है एवं मौके पर पहुंचकर सहयोग प्रदान करता है ।

5 एकड़ के रकवे में सजेगा माफिया का ताना बाना

गरीब नौकर को बना दिया जमीन का बादशाह

दैनिक समाज जागरण

मोहन सरकार और कलेक्टर के आदेश के बाद भी एक बार फिर भूमाफिया सक्रीय हो रहे हैं, भूमाफिया अब निजी के साथ साथ सरकारी भूमि पर अपना बुल्डोजर चलवा दिया है। उमरिया शहर में भूमाफिया ने एक बार अपनी ताकत दिखाई है और जिला प्रशासन ही नहीं सरकार को भी यह बताने का प्रयास किया है कि तुम डाल डाल तो मैं पात पात यह कहावत जरुर है मगर जिला प्रशासन और भूमाफिया के बीच सटीक ही बैठ रही है। नई प्लानिंग के साथ नया खेल शुरू हो गया है और प्लाटिंग के लिए बकायदा खंबे भी खड़े कर दिये गये हैं। यहां अबकी बार एक गरीब अपने नौकर को बली का बकरा बना दिया गया है, जिसके नाम से आदिवासियों की भूमि औने पौने दाम में खरीद कर उसे करोड़ों में बेचने की तैयारी की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि नौकर के नाम से करोड़ों रुपए की जमीन खरीद कर छोड़ दी गई है और आगे लगातार खरीदी भी जा रही है, वह फिल्म बाहुबली के कटप्पा का किरदार निभा रहा है, जो अपनी वफादारी एक रजिस्ट्री पर केवल दो हजार रुपए ही लेता है और उसे कुछ नहीं मालूम कि वह जमीन किसकी है, कैसी है और कितने में खरीदी जा रही है या बेची जा रही है, इस खेल को लेकर यह कहने में गुरेज नहीं होगा कि 5 एकड़ के रकवे में सजेगा भूमाफिया का ताना बाना।

ऐसे रचा षड्यंत्र

भूमाफिया के जेहन में रमपुरी स्थित एक जमीन जैसे ही खटकी वह उसे अपने नौकर के नाम से खरीद ली और अब उसे धीरे धीरे बेच रहा है, उसमें प्लाटिंग भी बड़ी ही चालाकी के साथ की गई है, दो खसरा नंबरों के बीच में सरकारी भूमि का सदुपयोग कैसे करना है यह वे भलि भांति जानते हैं। बताया जाता है कि जब खसरा बी 1 निकालों तो पता चलता है कि उमाशंकर कोल के नाम से पहले से ही इतनी जमीन है कि वह किसी भी सामान्य को उक्त भूमि बेच सकता है या फिर दान कर सकता है। रमपुरी स्थित बिकने वाली जमीन में बड़े बड़े घाघ भी भूमाफिया के साथ शामिल हो गये हैं, जो शासकीय और मीडिया से आने वाली हर अड़चन को निपटाने वादा भी कर चुके हैं।

पंचायत उपचुनाव के मतगणना हेतु मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण
विश्व नाथ त्रिपाठी

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन शिव सहाय अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं मतगणना डॉ दिव्या मिश्रा के कुशल निर्देशन में जनपद में पंचायत उपचुनाव के मतगणना को निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए विकास भवन सभागार में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। सुपर मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र ओझा, अशोक शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सभी मतगणना कार्मिकों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने कहा कि यह मतगणना बहुत ही संवेदनशील एवं बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसे पूरी सावधानी, पारदर्शिता, निष्पक्षता और कुशलता के साथ संपन्न कराए। यह मतगणना दो रिक्त प्रधान पदों क्रमश विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम पंचायत हरनाहर व विकास खण्ड शिवगढ़ के ग्राम पंचायत रैनीसतखरिया के लिए की जाएगी। डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने वैध और अवैध मतों के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया, धर्मेंद्र ओझा ने मतगणना की बारीकियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि किसी भी मतगणना कार्मिक एवं एजेंट के पास किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं मोबाइल नहीं रहेगा, ना ही कोई मतगणना की गोपनीयता भंग करेगा। अशोक शुक्ला ने बैलट बॉक्स खोलने एवं बंद करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर सभी मतदान कार्मिक, रणवीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

निलम्बित आरक्षी नागरिक पुलिस राजन मिश्रा जांचकर्ता क्षेत्राधिकारी टाण्डा के समक्ष उपस्थित हो,

दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार ने बताया है कि अम्बेडकरनगर जनपद में नियुक्त निलम्बित आरक्षी नागरिक पुलिस(पीएनओ नम्बर 1122 21892) राजन मिश्रा पुत्र त्रिवेणीधर मिश्रा निवासी ग्राम डडवा, पोस्ट माधवगंज थाना कोतवाली प्रतापगढ़ दिनांक 16 जून 2024 से बिना किसी स्वीकृत अवकाश/ अनुमति के स्वेच्छाचारिता अपनाते हुये लगातार अपने कर्तव्य से अनुपस्थित चल रहे हैं जिसके सम्बन्ध में प्रारम्भिक जांच क्षेत्राधिकारी टाण्डा अम्बेडकरनगर द्वारा सम्पादित की जा रही है। जांचकर्ता अधिकारी द्वारा निलम्बित आरक्षी नागरिक पुलिस को युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुये राजन मिश्रा के सेवाभिलेखों में अंकित स्थायी पते पर पत्राचार किया गया है किन्तु राजन मिश्रा उपस्थित नहीं हो रहे है। उन्होने निलम्बित आरक्षी नागरिक पुलिस राजन मिश्रा को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये सूचित किया है कि वह 07 दिवस के अन्दर जांचकर्ता अधिकारी क्षेत्राधिकारी टाण्डा अम्बेडकरनगर के समक्ष उपस्थित होकर प्रचलित जांच कार्यवाही में अपना सहयोग प्रदान करें, निर्धारित समयावधि के उपरान्त अब आगे कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। उन्होने यह भी कहा है कि राजन मिश्रा के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई जानकारी हो तो उसकी सूचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा अम्बेडकरनगर को मय पते सहित देने का कष्ट करें।

निर्दलीय का प्रचार करने वाले जयचंदों की चर्चा जोरों पर

दैनिक समाज जागरण

बिलासपुर। गौरेला मरवाही पेंड्रा जिले के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गौरेला में मतगणना संपन्न हो गई और परिणाम भी आ गया परिणाम आने के बाद अब देश के प्रमुख राजनीतिक दल के जयचंदों की चर्चा भी शुरू हो चुकी है और ऐसे जयचंद जिन्होंने अंदरूनी तौर पर निर्दलीय प्रत्याशी का प्रचार किया और मेहनत भी किया। हालांकि ऐसे जयचंदो को सफलता नहीं मिली। चचाओं के मुताबिक गौरेला नगर पालिका परिषद के अंतर्गत निवासरत जिन जयचंद्रों ने प्रमुख राजनीतिक दल के प्रत्याशी का विरोध किया वे पूर्व में प्रमुख राजनीतिक दल से ही टिकट मांग रहे थे और टिकट नहीं मिलने के कारण उन्होंने पार्टी से गद्दारी दिखाई। पड़ोसी प्रदेश में रहकर अपना व्यापार चलाने वाले ऐसे जयचंद पूर्व में जिला स्तर के पदाधिकारी भी रह चुके हैं।

तारकेश्वर एवं सचिन प्रबंध समिति के सदस्य मनोनीत

दैनिक समाज जागरण

उमरिया प्राप्त जानकारी के अनुसार तारकेश्वर तिवारी एवं सचिन मिश्रा

निवासी मैहर को राज्य शासन द्वारा मां शारदा शक्तिपीठ मैहर की प्रशासकीय प्रबंध समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। तारकेश्वर एवं सचिन मिश्रा के प्रबंध समिति का सदस्य बनने पर समाजसेवी दिव्य प्रकाश गौतम ने बधाई प्रेषित किए हैं।

प्रयागराज में कुंभ मेले में बढ़ती भीड़ के कारण लगते जाम में कैसे पहुंचेगे यूं पी बोर्ड के परीक्षार्थी ।

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़/ प्रयागराज।

यूपी बोर्ड की परीक्षा आगामी २४फरवरी से प्रस्तावित है ।कक्षा १०और१२के छात्र इस परीक्षा में शामिल होनेवाले हैं ।परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी ।प्रथम पाली जो सबेरे होती है उसमें कक्षा १०के छात्र परीक्षा देते हैं और दूसरी पाली जो दोपहर बाद होती है उसमें कक्षा१२के छात्र शामिल होते हैं। कुंभ मेला के कारण पूरा शहर और प्रत्येक गली जाम से परेशान हैं ।लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है। स्थिति यह है कि दूध और फेरी वाले भी अब सड़कों और गलियों में नहीं दिखाई देते ।ऐसी स्थिति में जो विद्यालय केंद्र के रूप में भीड़ वाले मुख्यमार्ग पर हैं जो नित्य जाम से जूझ रहे हैं वहां तक परीक्षार्थी कैसे पहुंचे गा। बता दें कि अग्रसेन इंटर कालेज ,एंग्लो बंगाली ,सी ए वी,केपी,राधारमण,के एन काटजू ,कर्नल गंज इंटर कालेज तो ऐसे संवेदनशील स्थान पर हैं जहां जाम से बचा ही नहीं जा सकता ऐसी विकट स्थिति में शिक्षा विभाग या जिलाधिकारी आदि की चुप्पी क्या बयां करती है अभिभावकों के समझ के परे है ।अफसरों का यह कहना कि हम छात्रों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने की कोशिश करेंगे इसमें संदेह ही नहीं पूर्ण रूप से गैर जिम्मेदाराना है । परीक्षा की तिथि का निर्धारण करते समय कुंभ मेले का ध्यान ही नहीं दिया गया और बच्चों को जानबूझ कर आफत में झोंकने का प्रयास किया जा रहा है या फिर सरकार को समस्या में डालकर उसकी लोक प्रीयतां पर प्रहार की साजिश का एक हिस्सा है । समय रहते सरकार ने चेती तो परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती है ।

भारत की राष्ट्रपति ने नए प्रारूप में गार्ड परिवर्तित समारोह देखा

आम जनता 22 फरवरी से समारोह देख सकेगी भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह (16 फरवरी, 2025) राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में नए प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड समारोह के उद्घाटन समारोह को देखा। यह समारोह अगले शनिवार यानी 22 फरवरी, 2025 से बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए खुला रहेगा

संरक्षक राजेश भल्ला का दावा : सभी समस्याओं को हल करेगा कानपुर का हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल

सुनील बाजपेई



कानपुर। यहां गोविंद नगर स्थित विद्यार्थी मार्केट महिलाओं के टॉयलेट समेत अनेक समस्याओं से सालों जूझ रहा है। ऐसा नहीं है कि इसके लिए प्रयास नहीं किए गए। किए अवश्य गये लेकिन न केवल संबंधित विभागों बल्कि किसी भी जनप्रतिनिधियों ने भी आज तक पार्किंग सहित निर्माण कराने के रूप में महिलाओं की पिंक टॉयलेट वाली समस्या का भी निराकरण आज तक नहीं किया, जिससे विद्यार्थी मार्केट में बड़ी संख्या में आने वाली महिलाओं को भी बहुत परेशानी होती है। महिला टॉयलेट के साथ ही यहां की दूसरी बड़ी समस्या पार्किंग की भी है। इसका भी निस्तारण आज तक संभव नहीं हो सका है। फिलहाल इसके लिए हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल का प्रयास लगातार जारी भी है। और इसमें जल्द सफलता भी इसलिए मिल सकती है ,क्योंकि आजकल जुझारू संरक्षक के रूप में हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल की कमान हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले परोपकारी स्वभाव के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल व्यापारी नेता और चर्चित वरिष्ठ समाजसेवी राजेश कुमार भल्ला के हाथ में है। विद्यार्थी मार्केट के दुकानदार व्यापारियों की समस्याओं के खिलाफ शुरू से ही अनवरत संघर्ष में जुटे रहने वाले हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल के संरक्षक के साथ ही गोविंद नगर के चार ब्लॉक स्थित श्री हनुमान मंदिर के अध्यक्ष, अखंड हिंद फौज में कानपुर मंडल के अध्यक्ष, श्री राम श्याम मित्र मंडल के उपाध्यक्ष, नवयुवक दशहरा कमेटी और स्वर्ग आश्रम सेवा समिति गोविंद नगर के उप चेयरमैन तथा बेहद सहयोगी स्वभाव के व्यापारी नेता समाजसेवी राजेश कुमार भल्ला के मुताबिक अध्यक्ष सचिन दुआ और महामंत्री विपुल शाहा आदि पदाधिकारियों के साथ हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल अपना संघर्ष तब तक जारी रखेगा जब तक महिला पिंक टॉयलेट और पार्किंग समेत ग्राहकों, व्यापारियों और दुकानदारों की हर समस्या का पूर्ण रूप से निस्तारण नहीं हो जाएगा। अवगत कराते चलें कि कानपुर के प्रसिद्ध बाजारों में से एक विद्यार्थी मार्केट घरेलू समेत ग्राहकों की जरूरत का हर सामान उपलब्ध कराने वाला दक्षिण का प्रमुख बाजार है। यहां लगभग 400 से अधिक हर तरह की दुकानें हैं। इस विद्यार्थी मार्केट में शॉपिंग का अच्छा सामान चूड़ी, कपड़े, चप्पल, मिट्टी का सामान, बर्तन, घर का सामान, मसाले और जड़ी-बूटियां तक मिल जाती हैं। सौंदर्य प्रसाधन से लेकर कपड़ों साड़ियों समेत हर तरह का सामान मिलने से इस विद्यार्थी मार्केट में बड़ी संख्या में महिलाएं भी खरीदारी के लिए आती हैं, लेकिन उनके लिए यहां पिंक टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है ,जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। पार्किंग समेत महिलाओं की पिंक टॉयलेट वाली इस समस्या के निराकरण के लिए संरक्षक राजेश कुमार भल्ला की अगुवाई में हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल का प्रयास लगातार जारी भी है, लेकिन इसमें सफलता का झंडा कब लहराएगा। यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया

भारत टेक्स दुनिया भर के नीति निमार्ताओं, सीईओ और उद्योग जगत के नेताओं के लिए व्यवसाय, सहयोग और साझेदारी का एक मजबूत मंच बन रहा हैः प्रधानमंत्री भारत टेक्स हमारे पारंपरिक परिधानों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करता हैः प्रधानमंत्री पिछले साल भारत ने कपड़ा और परिधान निर्यात में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी, और वर्तमान में यह दुनिया में कपड़ा और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक हैः प्रधानमंत्री कोई भी क्षेत्र उत्कृष्टता तभी हासिल करता है जब उसके पास कुशल कार्यबल हो और कपड़ा उद्योग में कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका हैः प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकी के युग में हथकरघा कारीगरों की प्रामाणिकता बनाए रखना महत्वपूर्ण हैः प्रधानमंत्री दुनिया पर्यावरण और सशक्तिकरण के लिए फैशन की दूरदर्शिता को अपना रही है, और भारत इस संबंध में अग्रणी भूमिका निभा सकता हैः प्रधानमंत्री भारत का कपड़ा उद्योग ह्यफास्ट फैशन वेस्ट को अवसर में बदल सकता है, कपड़ा रीसाइक्लिंग और अप-साइक्लिंग में देश के विविध पारंपरिक कौशल का लाभ उठा सकता हैः प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी भी देखी। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स 2025 में सभी का स्वागत किया और कहा कि आज भारत मंडपम भारत टेक्स के दूसरे संस्करण का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारी विरासत के साथ-साथ विकसित भारत की संभावनाओं की झलक भी दिखा रहा है, जो भारत के लिए गर्व का विषय है। श्री मोदी ने कहा, ह्यभारत टेक्स अब एक जबरदस्त वैश्विक टेक्सटाइल कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने कहा कि इस बार मूल्य श्रृंखला के स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी बारह समुदाय इस आयोजन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि एक्सेसरीज, गारमेंट्स, मशीनरी, केमिकल्स और रंगों की भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत टेक्स दुनिया भर के नीति निमार्ताओं, सीईओ और उद्योग जगत के नेताओं के लिए व्यवसाय, सहयोग और साझेदारी का एक मजबूत मंच बन रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की। श्री मोदी ने कहा, आज भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि प्रत्येक प्रदर्शक को 120 से अधिक देशों के सामने प्रदर्शित करने का मौका मिला, जिससे उन्हें स्थानीय से वैश्विक स्तर पर अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि नए बाजारों की तलाश करने वाले उद्यमियों को विभिन्न वैश्विक बाजारों की सांस्कृतिक आवश्यकताओं का अच्छा अनुभव मिल रहा है। कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी में अपनी यात्रा को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कई स्टॉल देखे और उद्यमियों से बातचीत की। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अनेक प्रतिभागियों ने पिछले साल भारत टेक्स में शामिल होने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बड़े पैमाने पर नए खरीदार पाने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने की सूचना दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन कपड़ा क्षेत्र में निवेश, निर्यात और समग्र विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहा है।

श्री मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र के उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करने का आग्रह किया ताकि उनके व्यवसाय का विस्तार करने में मदद मिल सके तथा रोजगार और अवसर पैदा हो सकें। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत टेक्स हमारे पारंपरिक परिधानों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करता है।" उन्होंने कहा कि पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक, भारत में पारंपरिक परिधानों की एक विस्तृत श्रृंखला है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के परिधानों पर प्रकाश डाला, जैसे लखनवी चिकनकारी, राजस्थान और गुजरात से बांधनी, गुजरात से पटोला, वाराणसी से बनारसी सिल्क, दक्षिण से कांजीवरम सिल्क और जम्मू-कश्मीर से पश्मीना। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे कपड़ा उद्योग की विविधता और विशिष्टता को बढ़ावा देने और इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजनों का यह सही समय है। पिछले साल उन्होंने कपड़ा उद्योग के लिए पाँच कारकों पर चर्चा की थीः खेत, फाइबर, कपड़ा, फैशन और विदेशी, इस पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह विजन भारत के लिए एक मिशन बन रहा है, जो किसानों, बुनकरों, डिजाइनरों और व्यापारियों के लिए विकास के नए रास्ते खोल रहा है। उन्होंने बताया, "पिछले साल भारत ने कपड़ा और परिधान निर्यात में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी, और अब यह दुनिया में कपड़ा और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है।" उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा निर्यात ₹3 लाख करोड़ तक पहुँच गया है, जिसे 2030 तक ₹9 लाख करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इस बात पर जोर देते हुए कि कपड़ा क्षेत्र में सफलता एक दशक के लगातार प्रयासों और नीतियों का परिणाम है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले एक दशक में कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा, "कपड़ा उद्योग देश में रोजगार के सबसे बड़े अवसरों में से एक है, जो भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत का योगदान देता है।" उन्होंने इस बजट में घोषित मिशन मैन्युफैक्चरिंग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश और विकास से करोड़ों कपड़ा श्रमिकों को लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतियों का समाधान करना और भारत के कपड़ा क्षेत्र की क्षमता को साकार करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले दशक के प्रयास और नीतियां इस वर्ष के बजट में परिलक्षित होती हैं। उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय कपास आपूर्ति सुनिश्चित करने और भारतीय कपास को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने और मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए, कपास उत्पादकता मिशन की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीकी वस्त्र जैसे उभरते उद्योगों और स्वदेशी कार्बन फाइबर और इसके उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केनद्रित किया जा रहा है। उन्होंने टिप्पणी की कि भारत उच्च श्रेणी के कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री ने वेलनेस विशेषज्ञों के साथ गेटवे ऑफ इंडिया से ह्यफिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल की अगुवाई की गई और मोटापे से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री के संदेश को आम लोगों तक पहुंचाया

फिट इंडिया मूवमेंट का प्रमुख कार्यक्रम, संडेज ऑन साइकिल आज सुबह मुंबई के प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित किया गया, जिसका लक्ष्य लोगों में साइकिल चलाने के जरिए फिट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता पैदा करना था और इसके साथ-साथ प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी था। इस राइड को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाई गई, जिसमें देश भर से वेलनेस विशेषज्ञों, विभिन्न साइकिल क्लबों और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही लोगों से मिलकर बने 500 से अधिक साइकिल चालक शामिल हुए, जो आकर्षक मरीन ड्राइव से होते हुए गिरगांव चौपाटी पर समाप्त हुआ। साइकिल सवारों की अगुवाई केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया, जिन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक फिट राष्ट्र के विजन और खासकर शहरी युवाओं में मोटापे की समस्या से लड़ने के उनके हालिया आह्वान के अनुरूप ह्यसंडेज ऑन साइकिल अभियान की शुरूआत की। इसलिए, अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के अलावा, इस सप्ताह के संडेज ऑन साइकिल का मुख्य संदेश डॉ. मांडविया के साथ अन्य प्रतिष्ठित मुंबईकर भी शामिल हुए, जिनमें विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वेलनेस विशेषज्ञ डॉ. मिकी मेहता, डिजाइनर, सामाजिक कार्यकर्ता और फिटनेस उत्साही शाइना एनसी, यूपीए-लोकायुक्त, महाराष्ट्र श्री संजय भाटिया जो हार्टफुलनेस मेडिटेशन ट्रेनर भी हैं; और श्री कृष्ण प्रकाश, आईपीएस, एडीजी, मुंबई और आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा करने वाले पहले आईपीएस अधिकारी शामिल थे। श्री मयंक श्रीवास्तव, आईपीएस, भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक और श्री पांडुरंग चाटे, क्षेत्रीय निदेशक, एसएआई, मुंबई, भवानी नाइक जोशी, सीईओ, बीवाईसीएस इंडिया फाउंडेशन और उभरती हुई अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी, एसएआई एथलीट और मुंबई के साइकिलिंग क्लब के सदस्य भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा, ह्यहमारे माननीय प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना तभी मूर्त रूप ले सकता है, जब देश के नागरिक फिट हों, क्योंकि फिट लोग राष्ट्र निर्माण में कहीं ज्यादा योगदान दे सकते हैं। ह्यसंडेज ऑन साइकिल की यह पहल फिट जीवन जीने की अहमियत को आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ शून्य कार्बन फुटप्रिंट वाले परिवहन के साधन का उपयोग करके पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए योगदान देने की एक कोशिश है। मैं सभी से, विशेष रूप से युवा लोगों से, आग्रह करता हूं कि जब भी संभव हो, वे साइकिल का उपयोग करें।

बीएएमएस के छात्र-छात्राओं ने पीएचसी हरहुआ का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी।

समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ का राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज चौकाघाट वाराणसी के बीएएमएस द्वितीय वर्ष के 30 छात्र - छात्राएं ने डॉ0 विजय राय,डॉ0 रचना निगम तथा डॉ0राम निहोर तापसी के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार ने समस्त संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए स्थलीय व्यस्थाओं से परिचित कराया। प्रसव कक्ष, कोल्ड चेन पॉइंट, प्रयोगशाला कक्ष, टीवी कक्ष, मे चल रहे समस्त प्रोग्राम की जानकारी दी तथा राष्ट्रीय प्रोग्राम एड्स, लेप्रोसी, मानसिक, वेक्टर बोर्न , एल्डरली डिजीज, एनसीडी, तथा अन्य योजनाओं की जानकारी की भी विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ0नंद आसरे, डॉ0 राजकुमार, डॉ0मनु चतुवेर्दी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता, एआरओ श्रीनाथ यादव, फार्मासिस्ट राकेश कुमार, बीपीएम बसंत लाल श्रीवास्तव,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह, स्टाफ नर्स संजू यादव, एसटीएल एस मुन्ना लाल जयसवार ने अपने -अपने कार्यो की प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े कार्य सेवा आधारित कार्य है जिसको सेवा भाव से किया जाता है। इसे व्यवसाय के नजरिये से नहीं अपनाना चाहिए। सेवा,साधन व साध्य भावनाओं का संतुलन बनाती है। पीएचसी हरहुआ की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार कराया गया और विदा किया गया।

एडवोकेट एक्ट में अमेंडमेंट अधिवक्ता हित कारी नही--एके सिंह अधिवक्ता

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । समाज और आम जन मानस की न्याय लड़ाई लड़ने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले वकीलों के लिए केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता विधेयक में हो रहे संशोधन को लेकर वकीलों में नाराजगी है। उक्त बाते युवा अधिवक्ता एके सिंह ने कही।उन्होने कहाकि सरकार इस विधेयक में जो संशोधन करने जा रही है, उससे यह साफ है कि सरकार इस विधेयक के माध्यम से वकीलों की फ्रीडम ऑफ स्पीच को खत्म करने का प्रयास कर रही है।संशोधन अधिवक्ताओं पर जबरन थोपने का प्रयास किया जा रहा है। धारा 19 (1) अ के अंतर्गत जो बोलने की स्वतंत्रता दी गई है, उस पर सरकार द्वारा अंकुश लगाने पका प्रयास किया जा रहा है।इस कानून के तहत वकीलों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है।वकील जब किसी मामले की जिरह करता है तो कई बार उसे आक्रामक रुख दिखाना पड़ता है, लेकिन इस कानून के बाद वकीलों में डर पैदा हो जाएगा।धारा 35-अ को शामिल करना, इसमें न्यायालय के काम से बहिष्कार करने पर रोक लगाने का प्रावधान है।कोर्ट के काम से बहिष्कार या न्यायालय के कामकाज या कोर्ट परिसर में बाधा डालने के सभी आह्वान धारा 35ए(1) के अनुसार निषिद्ध हैं। प्रावधान का कोई भी उल्लंघन कदाचार माना जाएगा। हालांकि, मसौदे पर लोगों की राय मांगी गई है, और सभी वकीलों द्वारा इस पर अपनी बात को रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस विधेयक के तहत न्यायाधीश या कोई भी न्यायिक पदाधिकारी लापरवाही व अनुशासनहीनता पर वकील का लाइसेंस रद्द कर सकता है।जिसका हम अधिवक्ता निन्दा करते है।

मंदीप के हत्यारोपियों व जाम करने वालों के तलाश में जुटी

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के कठिराव (जंगलपुर) निवासी युवक मंदीप सोनकर के ग्राम प्रधान के समर्थकों के द्वारा पिटाई से हुई मौत के बाद शव रखकर कठिराव चौराहे पर चक्का जाम कर दिया था। जाम करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज के बाद पुलिस गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गई। वही मौत के आरोपितों के घर पर भी पुलिस ने दबिश दी। लेकिन कोई गिरफ्तारी नही कर पाई।पुलिस मंदीप सोनकर के मौत के मामले में ग्राम प्रधान बरही कला राय साहब समेत 4 लोगों के खिलाफ 304 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वही चक्का जाम करने वालों में कठिराव के ग्राम प्रधान पति राजू पटेल समेत 21 ज्ञात व 50 अज्ञात के खिलाफ 191(2), 190,285, 125बी, 132, 127 (2) व 7 क्रिमिनल एबेडमेंट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। अब लोग अपने नाम की जानकारी होने पर घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस आरोपियों के तलाश में जुट गई। वही इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मंदीप के आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बताते चलें कि हत्या के विरोध में 19 घण्टे तक लगातार जाम करने से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। जिससे पूरा प्रशानिक अमला भी परेशान हुआ।

सड़क पर बनाया सीढ़ी, आवागमन प्रभावित

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।

कपसेठी थाना क्षेत्र के कपसेठी चौकिया गांव का सार्वजनिक चकरोड जो गांव को जोड़ता है और गांव की आधी आबादी इस मार्ग से होकर अपने घर तक पहुंचती है जिस पर ग्राम सभा द्वारा इंटरलॉकिंग भी कराया गया है जिस पर गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग मार्ग पर अतिक्रमण कर लिए हैं तथा सीढ़ी आदि बनाकर सड़क के अस्तित्व को समाप्त करना चाहते हैं जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है वहीं पर स्थित एक पुराने कुएं को भी लोग कब्जे में ले लिए हैं तथा उसको भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं गांव के लोगों द्वारा इस मामले में उप जिला अधिकारी राजा तालाब समेत कई अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की अधिकारियों ने कपसेठी पुलिस को अतिक्रमण हटाने का निर्देश भी दिया लेकिन पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।। अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में गांव के अफरोज अंसारी, रियाज अंसारी समेत एक दर्जन लोगों ने कहा है कि गांव के ही रफीक अहमद, वारिस अली, समेत आधा दर्जन लोग गोल बंद होकर सड़क और कुएं के अस्तित्व को मिटाना चाहते हैं इस मामले में उप जिला अधिकारी राजा तालाब ने पुलिस को तत्काल अतिक्रमण हटवाने व कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया था लेकिन पुलिस अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जिससे अतिक्रमण कारियों का हौसला बुलंद होता जा रहा है मामले को लेकर गांव में तनाव भी बढ़ रहा है ।

सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर ने भारत में विज्ञान के संचार की आवश्यकता और महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर) ने नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में "भारत में विज्ञान संचार की आवश्यकता और महत्व" पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार के मौजूदा प्रयासों का मूल्यांकन करना और भारत के विविध भाषाई समुदायों में विज्ञान के साथ सार्वजनिक जुड़ाव बढ़ाने की रणनीतियों का पता लगाना था। अपने स्वागत भाषण में, सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल ने वैज्ञानिक अनुसंधान और समाज के बीच की खाई को पाटने में विज्ञान संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समावेशिता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान संचार के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, "वास्तविक वैज्ञानिक प्रगति समावेशी होती है। क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान को बढ़ावा देने से यह सुनिश्चित होता है कि ज्ञान समाज के हर कोने तक पहुंचे।" पीएमई के प्रमुख डॉ. नरेश कुमार ने क्षेत्रीय भाषाओं में वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार की आवश्यकता पर जोर देते हुए परिचयात्मक टिप्पणी की। सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक और भारतीय भाषा परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. मनीष मोहन गोरे ने कहा कि देश की क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रामाणिक जानकारी को प्रसारित करने के लिए सार्वजनिक जुड़ाव आवश्यक है। कार्यशाला में विभिन्न वैज्ञानिक और मीडिया संस्थानों के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की चचाएँ की गईं। वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के सहायक निदेशक श्री दीपक कुमार ने "विज्ञान शब्दावली का वर्तमान स्वरूप, समस्याएँ और उपयोगिता" विषय पर चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट के डिजिटल मीडिया संचार प्रमुख श्री बालेंदु शर्मा ने "एआई और डिजिटल दुनिया का वर्तमान और भविष्य" विषय पर जानकारी दी। भारत के राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के कार्यकारी सचिव डॉ. संतोष कुमार शुक्ला ने "भारतीय भाषाओं में विज्ञान लेखन और लोकप्रिय विज्ञान साहित्य" विषय पर चर्चा की, जबकि डिजिटल और सोशल मीडिया विशेषज्ञ सुश्री नेहा त्रिपाठी ने "वैज्ञानिक सामग्री के विभिन्न स्रोत और उनकी प्रामाणिकता" विषय पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. कृष्णानंद पांडे, पूर्व वैज्ञानिक-एफ, आईसीएमआर ने "भारतीय समाज में जागरूकता पैदा करने में स्वास्थ्य संचार की भूमिका" पर प्रकाश डाला। सुश्री अंकिता मिश्रा, संपादक, एनआरडीसी ने "सोशल मीडिया युग में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में प्रिंट मीडिया की उपयोगिता और महत्व" पर प्रकाश डाला। दोपहर के सत्र में क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की गई। श्री शिवनंदन, कार्यक्रम कार्यकारी, आकाशवाणी ने "रेडियो और कृषि विज्ञान कार्यक्रमः प्रकृति और संभावनाएँ" पर अपने विचार साझा किए। श्री समीर गांगुली, विज्ञान लेखक ने "विज्ञान कथा कहानियों के सामाजिक संदर्भ" पर प्रकाश डाला। कार्यशाला ने विशेषज्ञों, संचारकों और प्रतिभागियों को सार्थक बातचीत में शामिल होने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। चचाओं से भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार को मजबूत करने के लिए नीतिगत सिफारिशें प्राप्त हुईं, जिसमें अकादमिक-सरकार-मीडिया सहयोग बढ़ाने और विज्ञान संचारकों के बीच क्षमता निर्माण के लिए रणनीतियों पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय और सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर के संकाय और छात्रों के साथ-साथ वैज्ञानिकों, शोधकताओं और नीति निमार्ताओं सहित 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 08 वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें से 06 ऑनलाइन और 02 व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जिससे विचारों का समृद्ध आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम का समापन छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र और प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसके बाद सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक और कार्यशाला के समन्वयक डॉ. मनीष मोहन गोरे ने समापन भाषण दिया और धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला ने भारत में सुलभ और समावेशी विज्ञान संचार को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर के बारे में सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (एनआईएससीपीआर) भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत एक मूल प्रयोगशाला है।

मंगारी में ग्राम प्रधान के लिए होगा आज मतदान

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । पिंडरा विकास खण्ड के मंगारी ग्राम सभा का रिक्त ग्राम प्रधान पद पर चुनाव बुधवार को होगा । पोलिंग पार्टियां बूथ पर पहुच गई। ग्राम प्रधान पद के लिए 3302 मतदाता तीन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मंगारी ग्राम प्रधान रहे नंदलाल जायसवाल के निधन पर रिक्त हुए पद पर चुनाव 19 फरवरी बुधवार को होना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई। अपराह्न बाद पोलिंग पार्टी भी प्राथमिक विद्यालय मंगारी प्रथम पहुच गई। मतदान के लिए कुल 5 बूथ बनाये गए है। 3302 मतदाता तीन प्रत्याशियों डॉ कमल कुमार पटेल, स्वतंत्र कुमार गुप्ता व विजय कुमार के भाग्य का फैसला करेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि मतदान के तैयारी पूर्ण कर दी गई है। मतदान सुबह 7 बजे से 5 बजे तक होगा। निर्वाचन जारी कोई भी पहचान पत्र के आधार पर मतदान दे सकते है। वही मतदान के एक दिन पूर्व लोग मतदान की रणनीति बनाने में जुटे रहे।

पुराने बाउंडरी वाल को ही रंग रोगन कर नया दिखाने पर ग्रामीणों ने रोका काम

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । पिंडरा विकास खण्ड के थानारामपुर पेयजल नलकूप के चहारदीवारी में अनियमितता मिलने पर ग्रामीणो कार्य को रोकवाते हुए उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों के समक्ष जांच कराने की मांग डीएम से की

है। ग्रामीणों ने बताया कि थानारामपुर स्थित पेयजल नलकूप के चहारदीवारी का निर्माण के लिए लाखों रुपये की स्वीकृति एन एल टी को दिया। उक्त कम्पनी एक ठीकेदार को निर्माण कार्य करने का ठीका दिया। लेकिन उक्त ठीकेदार द्वारा बिना पुरानी बाउंडरी वाल को बिना तोड़े ही उसपर एक चार इंच का लिंटर बिना छड़ के लगाकर काम पूरा कर दिया। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और काम को रोकवा दिया। ग्रामीणों ने जब ठीकेदार से चहारदीवारी की ले आउट मांगा तो इधर उधर की बाते करने लगे। जिसपर ग्रामीणों ने काम को रोकवाते हुए जिलाधिकारी से त्वरित जांच कर कार्रवाई की मांग की। विरोध करने वालो में शशिकांत सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, गिरीश सिंह, नितेश गुप्ता, निशल गुप्ता समेत अनेक ग्रामीण रहे।

भटके श्रद्धालुओं को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर (वाराणसी)

कपसेठी थाना क्षेत्र के तक्खू की बावली से पुलिस ने भटके हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों को बुलाकर सकुशल सौंप दिया। बताया जाता है कि

झारखंड प्रदेश के दहियारी पारस बनी बोकारो के रहने वाले रुकदेव गोप पुत्र रामदयाल गोप कुंभ नगरी प्रयागराज अमृत स्नान करने गए हुए थे जहां से भटककर उपरोक्त थाना के तक्खू की बावली बाजार चले आए थे। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके खाने-पीने की व्यवस्था करते हुए उनके परिजनों को बुलाकर सकुशल सौंप दिया।

आग से जल निगम की पाइप जल गई

समाज जागरण दानगंज संवादाता ओंकार

दानगंज चोलापुर थाना के नियार में आज दोपहर के समय किसी कारण वश सरपत (घास) में आग लग गई जिससे जमीन पर रखी जल निगम की पाइप जल गई आग की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर पानी डालकर आग पर काबू पाया लेकिन दर्जन भर पाइप जल गई ।

स्वस्थ रहने हेतु किसानों को रासायनिक खेती का त्याग कर गोवंश आधारित जैविक खेती अपनाना होगा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य

*जैविक किसान मेले में प्रगतिशील किसानों को स्कोप सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बढ़ती हुई असाध्याय एवं गंभीर बीमारियों को देखते हुए सरकार द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए जागरूक करने हेतु उपनिदेशक कृषि अखिलेश सिंह की निर्देशन में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कृषि विभाग व मार्क एग्री जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में हरहुआ विकास खंड क्षेत्र के घमहापुर गांव में आज मंगलवार को आयोजित जैविक किसान मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने प्रगतिशील किसानों को स्कोप सर्टिफिकेट वितरण कर सम्मानित करते हुए कहा कि आज हमारे समाज में हो रहे गंभीर बीमारियो से निजात पाने तथा स्वस्थ रहने के लिए किसानों को अब गो आधारित जैविक खेती को अपनाना होगा। जैविक विशेषज्ञ वक्ता अर्पित सिंह,अभिषेक सिंह राहुल कुमार ने किसानों को देसी गाय पालन तथा मिट्टी में जीवांश बढ़ाने,गो मूत्र व गोबर गुड़,चने का बेसन,जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग,लाइन में फसलों की बुवाई करने,मिलवा खेती करने,बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग,देशी बीज का प्रयोग करने हेतु जानकारी दिया। जैविक किसान मेला में जनपद के सभी विकास खण्डों में एफपीओ से जुड़े कलस्टरों के जैविक उत्पादो(काशी जैविक उत्पाद)का लगाए गये स्टालो का अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना किया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत मार्क एग्री जेनेटिक के प्रोजेक्ट मैनेजर अखिलेश तिवारी ने पुष्प गुच्छ,अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पवन कुमार सिंह 'अजय',विनय कुमार सिंह 'हिटलर',प्रेमशंकर सिंह ,देवेंद्र नारायण, सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय, कृषि रक्षा प्रभारी नवीन कुमार, कृषि सखी गीता कुमारी सहित क्षेत्र के सैकड़ो महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रोजेक्ट संयोजक अखिलेश तिवारी तथा संचालन प्राविधिक सहायक बच्चूलाल ने किया।

प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम में वार्षिकोत्सव संपन्न

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर (वाराणसी) भारतीय संस्कृति व संस्कार ने आध्यात्मिक चेतना के साथ ही विद्या ,ज्ञान ,त्याग ,मूल्य ,परोपकार ,सहयोग ,समन्वयन सहित भावनात्मक प्रेरणा प्रधान जीवन शैली प्रदान किया है जिसके द्वारा व्यक्ति देशभक्ति ,स्वस्थ समाज की रचना किया और जीवन शैली को सुखमय ,भक्तिमय बनाया। इस रचना के कर्णधार ,शिल्पी शिक्षक ही रहे जो अपना नैतिक दायित्व संस्कारों के द्वारा प्रदान कर पहचान बनाया। बच्चों के भविष्य निमार्ता शिक्षक बच्चों के भावनाओं को समझते हुए उन्हें संस्कारित करें। उक्त बातें प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर प्रथम के वार्षिकोत्सव अवसर पर उपस्थित सम्मानित अतिथियों ,अभिभावकों ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की। वार्षिकोत्सव में पुरातन छात्रों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए बच्चों ने भारतीय संस्कृति आधारित गीत ,नृत्य ,भाषण ,नाटक की प्रस्तुति की। प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान डॉ0 रामप्रसाद ,प्रधानाध्यापक सत्येंद्र नारायण त्रिपाठी,अशोक कुमार मिश्र,अशोक कुमार सिंह,विनोद कुमार,शिक्षक गण विजय कुमार गुप्ता ,अजीत कुमार ,ज्वाला प्रसाद, अखिलेश सिंह,संजीव कुमार तिवारी, बेबी कुमारी,बृजेश कुमार मौर्य सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

बड़ागांव में ग्राम प्रधान उपचुनाव आज

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी- ग्राम प्रधान के उपचुनाव को लेकर बड़ागांव विकास खंड में तैयारी पूरी कर ली गई ।उप चुनाव संपन्न कराने हेतु बूथ पर पोलिंग पार्टी पहुंच गई हैं ।वही पुलिस ने मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस बल ने पूरे क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की अपील की। बड़ागांव में ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव बुधवार को होगा। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया चुनाव संपन्न कराने हेतु आज सभी कर्मचारी को अपने बूथ पर भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अतुल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दौरान क्षेत्र में शराब की दुकानें और बाजार बंद रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

पटना स्थित कुरथौल पंचायत के मुखिया गीता देवी को किया गया पदमुक्त

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ प्रखंड के कुरथौल पंचायत की मुखिया गीता देवी को बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग ने उनके खिलाफ की गयी शिकायतो को जांच में दोषी पाया और उन्हें पदमुक्त कर दिया। पंचायती राज विभाग की कार्रवाई से प्रखंड के जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया है। वहीं इस फैसले से नाराज मुखिया गीता देवी ने हाई कोर्ट जाने का फैसला किया है। मुखिया के प्रतिनिधि रामबचन राय ने बताया कि राजनितिक प्रतिद्वंदिता के कारण ऐसा फैसला लिया गया है। मुखिया के खिलाफ लगाए गए सारे आप और पक्षपात करने का आरोप सरासर गलत है। रामबचन राय ने बताया कि मुखिया गीता देवी लगातार दूसरी बार इस पंचायत से निर्वाचित हुई है। जिस मामले में सुनवाई किया गया है वह पहले वाले कार्यकाल का मामला चल रहा है अगर वह इस बार चुनाव नहीं जीतते तब या आदेश किसके खिलाफ लिया जाता? उन्होंने बताया कि हम जल्द ही हाई कोर्ट में इस फैसले को चुनौती देंगे। फुलवारी शरीफ प्रखंड के कुरथौल पंचायत की मुखिया गीता देवी को मुखिया पद से हटाए जाने की खबर से फुलवारी शरीफ प्रखंड में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया। बताया जाता है कि कई विकास योजनाओं में धांधली, पक्षपात एवं ग्राम सभा के बगैर ही विकास योजनाओं को पास करने, अभिलेखों को पंचायत सचिव या पंचायत भवन में रखने के बजाय अपने निजी भवन में रखकर उसका दुरुपयोग करने सहित कई आरोपों में नियमानुसार

सुनवाई के पश्चात उन्हें दोषी पाया गया है। तत्पश्चात मुखिया गीता देवी को पदमुक्त कर दिया गया। नियम अनुसार अगले 5 वर्षों तक पंचायत के किसी भी पद पर उम्मीदवार नहीं हो सकती है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में उन्हें लेटर मिला है अब इसका अवलोकन करने के बाद आगे नियम अनुसार उप मुखिया को यहां का मुखिया का पद भार सौंपने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बताया जाता है की मुखिया गीता देवी, मुखिया के विरूद्ध आरोप है कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत कुरथौल में उदयपुर किराना दुकान से होते हुए प्राथमिक विद्यालय, विशुनपुर पकड़ी तक रोड ढलाई एवं नाले जिसकी लम्बाई लगभग 28 फीट एवं चौड़ाई 10 फीट का निर्माण कार्य कराया जाना है(यह योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के GPDP में अंकित है)परन्तु योजना का कार्यान्वयन कराने हेतु प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी-सह-तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति, फुलवारीशरीफ द्वारा कई बार निदेश दिया गया, उसके बावजूद योजना का कार्यान्वयन नहीं किया गया। इसके अलावा एक ही दुकान मां लक्ष्मी ट्रेडर्स से ही विकास योजनाओं की सामग्री खरीद किए जाने का आरोप है। सरकारी दस्तावेज जो पंचायत भवन या पंचायत सेवक के पास होना चाहिए वह मुखिया अपने निजी आवास में रखती है इसके अलावा ग्राम सभा के बगैर ही कई विकास योजना को पास किया जाता है। इन आरोपों के संबंध में मुखिया गीता देवी का कहना है कि जिस दर पर विकास योजनाओं की सामग्री खरीद की जानी है उसी दर पर मां लक्ष्मी ट्रेडर्स से खरीद की गई एवं पंचायत का दो कमरों का भवन काफी वर्षों से जर्जर है इसके बाद सरकारी अभिलेख दस्तावेज रखना सुरक्षित नहीं है जिसके चलते हुए इसे अपने आवास पर रखते हैं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन ने पशुधन क्षेत्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया

भारत में पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय पशु चिकित्सा प्रयोगशालाओं में, एफएमडी मुक्त क्षेत्रों और स्वस्थ्य वैक्सीन मूल्य श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया गया;

भारत में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक वर्ष के भीतर एक पशुचिकित्सा संबंधी पीपीपी नीति विकसित करने की आवश्यकता हैः सचिव डीएएचडी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) के सहयोग से 11 से 13 फरवरी 2025 तक नई दिल्ली में डब्ल्यूओएएच पीवीएस-पीपीपी (पशु चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन-सार्वजनिक निजी भागीदारी) केन्द्रित सहायता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य वैक्सीन प्लेटफॉर्म, पशु चिकित्सा कार्यबल विकास, संस्थागत बुनियादी ढांचे और खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) मुक्त क्षेत्रों के निर्माण जैसे क्षेत्रों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना था। चर्चा का मुख्य विषय पशु चिकित्सा संबंधी पीपीपी भागीदारी के माध्यम से भारत में पशु चिकित्सा सेवाओं में महत्वपूर्ण अंतराल को खत्म करना था, जिसमें निम्नलिखित पर जोर दिया गयाः जिला स्तर पर एनएबीएल-मान्यता प्राप्त पशु चिकित्सा प्रयोगशालाओं की स्थापना सहित पशु चिकित्सा बुनियादी ढांचे का विस्तार करना। उन्नत निगरानी और एफएमडी मुक्त क्षेत्र विकास के माध्यम से रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को मजबूत करना। पशु चिकित्सा संबंधी प्रशिक्षण और ज्ञान-साझाकरण प्लेटफार्मों के माध्यम से पशु चिकित्सा कार्यबल क्षमता का निर्माण करना। एक मजबूत टीका मूल्य श्रृंखला विकसित करके पशु चिकित्सा टीका उत्पादन में आत्मनिर्भरता को मजबूत करना। पशु चिकित्सा अनुसंधान, निदान और विस्तार सेवाओं में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता को एकीकृत करने के लिए एक व्यापक पीपीपी नीति ढांचे को परिभाषित करना। डीएएचडी की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय ने पशुधन क्षेत्र को समर्थन देने में पशु चिकित्सा सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जो भारत के कृषि सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 30% से अधिक का योगदान देता है। उन्होंने एनएबीएल मान्यता के साथ पशु चिकित्सा प्रयोगशालाएं स्थापित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया और इस बात पर बल दिया कि रोग निगरानी, कार्यबल क्षमता और टीका उत्पादन के लिए निजी क्षेत्र का सहयोग आवश्यक है। इस कार्यशाला ने पशु चिकित्सा सेवाओं में संरचित पीपीपी जुड़ाव के लिए एक मंच तैयार किया है । उन्होंने कहा कि चचाएँ एक ऐसे रोडमैप में योगदान देंगी जो राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को बढ़ाती हैं, पशु चिकित्सा बुनियादी ढांचे का विस्तार करती हैं और पशु स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करती हैं। सुश्री उपाध्याय ने पशु चिकित्सा सेवाओं में दीर्घकालिक निवेश और निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक वर्ष के भीतर एक पशु चिकित्सा संबंधी पीपीपी नीति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

विवेक आनंद ओबेरॉय बॉक्स ऑफिस की उड़ान से आई पी ओ तक की कामयाबी का सफर

दैनिक समाज जागरण
मुख्य संवाददाता

न्यू दिल्ली। यू ए ई बेस नई कंपनी बी एन डब्ल्यू के लाजपत नगर नई दिल्ली ऑफिस की ओपनिंग के मौके पर कंपनी के एमडी विवेक आनंद ओबेरॉय ने यहां मीडिया से अपने मुंबई फिल्म नगरी से दुबई तक के कामयाब सफर पर खुलकर बातचीत की। उत्तर भारत में पहले बी एन डब्ल्यू के पहले भव्य ऑफिस की शुरूआत पर आए विवेक ने सबसे पहले यहां बने मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर विवेक ने अपने बिजनेस पार्टनर अंकुर अग्रवाल को मिस करते हुए कहा मैं अंकुर को मिस कर रहा हु जो जरूरी बिजनेस मीटिंग्स की वजह से यहां आ नहीं पाए। विवेक से जब हमने आई बी ओ यानी इंडियन बॉक्स ऑफि स से आई पी ओ , रीयल एस्टेट तक के सफर के बारे में पूछा तो उनका जवाब था मैने अपने माता पिता से बचपन से यही सीखा कि जो भी करो, पूरी ईमानदारी, मेहनत लगन और उसमें समर्पित होकर करो, मैं और मेरा परिवार आध्यात्मिक है हम सब प्रभु का हमेशा शुकराना करते

है कि प्रभु ने हमे इतना कुछ दिया, मेरे हर दिन की शुरूआत घर में बने मंदिर से होती है हम सब पूजा अर्चना करने के बाद ही रूटीन कार्य शुरू करते है, विवेक कहते है आज यूएई में मेरा करीब 400 लोगों का परिवार है , मैं अपने बिजनेस के साथ जुड़े हर स्टाफ सदस्य को अपने परिवार का सदस्य मानता हूं, इन्हीं सब की कड़ी मेहनत का ही रिजल्ट है आज सेबी में हमारी 9 कम्पनियां रजिस्टर है और अगले दो तीन महीने में हम चार और कंपनियां रजिस्टर करा रहे है, आज दुबई में हमारे करीब 20 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट है सभी लग्जरी स्टाइल है, आज हमारी कंपनियों की नेट वर्थ वैल्यू 1200 हजार करोड़ से ज्यादा है, देश विदेश के निवेशकों को हमारे हर प्रोजेक्ट में इतना ज्यादा भरोसा है कि हमारे अधिकतर प्रोजेक्ट कंप्लीट होने से पहले ही बिक जाते है। विवेक कहते है मेरे फिल्मी करियर में ऐसा दौर भी आया जब मेरी आंखों में आंसू आ जाते तब मेरी मम्मी कहती अपने आंसुओं को पोछने के साथ साथ दूसरों के भी आंसू पोछना शुरू कर दो तुम्हारे आंसू अपने आप थम जायेंगे, मै इतना ही जानता हु कि किसी का विश्वास कभी मत तोड़ो जिन्होंने तुम पर भरोसा किया है मैं अपनी हर कंपनी के निवेशकों और कस्टमर्स का भरोसा कभी टूटने नहीं दूंगा।

बी एन डब्ल्यू लाजपत नगर दिल्ली ऑफिस में आए निवेशकों, मीडियापर्सन और मेहमानों से बातचीत करते विवेक आनंद ओबेरॉय कहते है अब दुबई और मुंबई दोनों ही मेरा घर है, दुबई में इतना ज्यादा प्यार मिला कि उसे बयां करने के लिए शब्द ही नहीं, मुंबई ने मुझे सबसे पहले पैसा और शोहरत दिया, मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं मुझे फिल्मों और बिजनेस में अपना मुकाम बनाने के किए बहुत ज्यादा स्ट्रगल नहीं करना पड़ा, मेरा मानना है कि अगर आप सब कुछ प्रभु पर छोड़ देते है तो प्रभु भी आपकी उंगली थामकर आपको मंजिल तक ले जाता है, मेरे साथ ऐसा ही हो रहा है, ।

मेरी नजर में आज इस कंपनी के एमडी विवेक आनंद ओबेरॉय यकीनन एक समझदार व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बना चुके है , विदेशों के टॉप निवेशक उनकी कंपनियों में निवेश करते है ,वह दुबई कई तो टॉप ब्रांडों के साथ साझेदारी कर रहे हैं विवेक कई फिनटेक कंपनियों के मालिक हैं। विवेक समाज के प्रति विवेक अपनी जिम्मेदारी समझते है एक एनजीओ को चलाने में विवेक की भागीदारी है।

एक सवाल के जवाब में विवेक ने कहा ज्यादा पैसा कमाना एक कभी खत्म न होने वाला एक जुनून है एक के आगे चाहे जितनी भी जीरो जोड़ते जाए लेकिन यह भी याद रखिए कि ऐसा न हो कि इन जीरो का जोड़ते जोड़ते कही आप भी जीरो न हो जाए।

जस्मीन शाह की किताब 'द दिल्ली मॉडल' अमेरिका के हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में हुई लॉन्च

दैनिक समाज जागरण
मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी

*बोस्टन/नई दिल्ली, 18 फरवरी दिल्ली सरकार के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के पूर्व उपाध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह की किताब "द दिल्ली मॉडल" का अमेरिकी संस्करण 15 फरवरी को बोस्टन में आयोजित हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में लॉन्च किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में किताब का विमोचन जस्मीन शाह, हार्वर्ड केनेडी स्कूल के प्रोफेसर गौतम नायर और सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के पूर्व अध्यक्ष व ब्राउन यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फेलो यामिनी अय्यर, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के फैकल्टी सदस्य, छात्रों और प्रोफेशनल्स सहित सहित कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में किया गया और इन्होंने अपने विचार साझा किए।

गत 15 और 16 फरवरी को हार्वर्ड केनेडी स्कूल और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार, व्यापार जगत और नागरिक समाज के प्रमुख विचारकों ने भारत के विकास के लिए नए और प्रभावशाली विचारों पर चर्चा की। 'द दिल्ली मॉडल' के अमेरिकी संस्करण के लॉन्च के दौरान "आप" के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने सार्वजनिक सेवाओं के कुशल वितरण के लिए राज्य क्षमता निर्माण पर एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि किस तरह इस मॉडल ने स्वास्थ्य और शिक्षा को भारतीय राजनीति का मुख्य मुद्दा बना दिया है।

इस दौरान जस्मीन शाह ने कहा कि पिछले तीन दशकों में भारत ने एक असंतुलित विकास मॉडल देखा है, जहां अर्थव्यवस्था तो बढ़ी है, लेकिन मानव विकास में प्रगति ठप हो गई है। पिछले एक दशक में भारत का संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक में स्थान 130वें स्थान से गिरकर 134वें

स्थान पर आ गया है। दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह साबित करके दिखाया है कि आर्थिक विकास के लिए मानव विकास को त्यागने की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली मॉडल यह दिखाता है कि लोगों के स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना और उनकी कमाई की क्षमता बढ़ाना, अर्थव्यवस्था में मांग उत्पन्न करने और सतत विकास का सबसे उपयुक्त तरीका है।

सार्वजनिक सेवाओं के कुशल वितरण में कमजोर राज्य क्षमता और भ्रष्टाचार सबसे बड़ी बाधाएं हैं या नहीं, इस सवाल के जवाब में जस्मीन शाह ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में एक दशक के अंदर हुए बदलाव हुए। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में सार्वजनिक सेवाओं के कुशल वितरण में सबसे बड़ी चुनौती राज्य क्षमता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति है। "आप" सरकार ने 100 से अधिक सार्वजनिक सेवाओं को घर-घर पहुंचाने, आरटीओ कार्यालयों को बंद करने और सभी ड्राइविंग टेस्ट को ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक पर ले जाने जैसे कदम उठाकर भ्रष्टाचार पर नियंत्रण किया। यह वह क्षेत्र हैं, जहां अधिकांश सरकारें संघर्ष करती हैं।

जस्मीन शाह ने एक्स पर कहा कि पिछले हफ्ते बोस्टन में आयोजित हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में मेरी किताब 'द दिल्ली मॉडल' के अमेरिकी संस्करण का लॉन्च करना एक अद्भुत अनुभव था। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के फैकल्टी, छात्रों और अमेरिका से सम्मेलन में शामिल हुए लोगों ने किताब को बहुत गर्मजोशी से स्वीकार किया। किताब पर चर्चा करते हुए, मैंने इस बात पर बल दिया कि आम आदमी पार्टी का अनूठा शासन मॉडल, जो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में मानव पूंजी विकास को प्राथमिकता देता है, वह भारत के विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। मैंने यह भी कहा कि ह्यआपह्न के नेतृत्व में दिल्ली में एक दशक के अंदर स्वास्थ्य, शिक्षा और ऐसे कई क्षेत्रों में हुए बदलाव से पता चलता है कि भारत में सार्वजनिक सेवाओं के कुशल वितरण के लिए राज्य की क्षमता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति ही मुख्य बाधा है। अब यह किताब अमेजन यूएस पर उपलब्ध है (a.co/d/cOkM65K](a.co/d/cOkM65K)

वहीं, किताब के लॉन्च के मौके पर हार्वर्ड केनेडी स्कूल के प्रोफेसर गौतम नायर ने कहा कि दिल्ली मॉडल इस महत्वपूर्ण चुनौती पर केंद्रित है कि कैसे मानव पूंजी का निर्माण किया जाए। यह एक ऐसा काम है, जिसे भारत को विकसित देश बनाने के लिए सभी नेताओं को अपनी नीतियों का मुख्य हिस्सा बनाना चाहिए। इस किताब में "आप" सरकार का नजरिया पेश किया गया है। वहीं इसमें बहुत सा डेटा और विचार भी दिए गए हैं जो भारतीय जीवन में सरकार की भूमिका पर बड़े सवालों को उठाते हैं।

बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन है, ये किसी को पता नहीं – गोपाल राय

दैनिक समाज जागरण
मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी

*नई दिल्ली, 18 फरवरी आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा किए बगैर शपथ ग्रहण की चल रही तैयारियों को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। "आप" के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। आमतौर पर तो चुनाव में जीत के बाद पार्टी के विधायक दल की बैठक होती है, उसमें उसका

नेता चुना जाता है और वह एलजी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है। लेकिन यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है कि बारात तैयार है, मंडप भी तैयार है, उसका निरीक्षण भी हो रहा है, बस दूल्हा कौन होगा, ये किसी को नहीं पता। भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है जिसे वह छिपाना चाहती है। जिसकी वजह से केवल मुख्यमंत्री को छोड़कर सारी चीजें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि आम तौर पर परंपरा रही है कि चुनाव के पश्चात जो भी पार्टी जीती होती है, वह अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाता है जो मुख्यमंत्री का दावेदार होता है। वह अपना दावा प्रस्तुत करता है और साथ में राज्यपाल या राष्ट्रपति को अपने मंत्रीमंडल का नाम देता है। वहां से मंजूरी होने के बाद शपथ की तारीख दी जाती है और उसके बाद उसकी तैयारियां शुरू होती हैं। यहां सारी तैयारियां पहले ही हो रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका कोई अता-पता नहीं है। लेकिन यह भाजपा है, कुछ भी कर सकती है। इसलिए अगले पांच साल में ये लोग कई और रिकॉर्ड बनाएंगे।

नई पहल: वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में किया गया सघन वृक्षारोपण

पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है दिल्ली विश्वविद्यालयः कुलपति प्रो. योगेश सिंह

दैनिक समाज जागरणनई दिल्ली, 18 फरवरी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने गैर-सरकारी संगठन ह्यग्रीन यात्राह्न के साथ मिलकर ह्यशहरी सघन वृक्षारोपणह्न करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कुलपति की प्रतिबद्धता से प्रेरित यह हरित पहल शहरी परिवेश में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। मंगलवार को डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस सघन पौधरोपण का उद्घाटन करते हुए स्वयं भी एक नींबू का पौधा लगाया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल है।

कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जहां भी वृक्ष बीच में आते हैं, उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए कई बार वृक्षों को हटाना तो पड़ता है, इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके सघन वृक्षारोपण पर और भी काम होना चाहिए, ताकि हरियाली कायम रहे। कुलपति ने कहा कि यह उद्यम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता

के लिए हमारे विश्वविद्यालय के समर्पण को दशार्ता है, बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में भी कार्य करेगा। कुलपति ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटना और हमारे शहरों में पारिस्थितिकी संतुलन बहाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने बताया कि डीयू आर्ट्स फैकल्टि के पास 300 वर्ग मीटर के एक छोटे से भूखंड पर विकसित यह शहरी वृक्षारोपण जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा अग्रणी प्रसिद्ध मियावाकी तकनीक के आधार पर बनाया गया है। यह तकनीक घने समूहों में देशी पेड़ों और झाड़ियों के रोपण पर जोर देती है, जो इसे सीमित भूमि संसाधनों वाले शहरी क्षेत्रों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है। मियावाकी पद्धति न केवल छोटे स्थानों में हरित आवरण को अधिकतम करती है बल्कि विकास को भी गति देती है, जैव विविधता को बढ़ाती है और वायु गुणवत्ता में सुधार करती है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से जैविक है, जिसमें मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए चावल की भूसी, सरसों की खली, वर्मीकम्पोस्ट, गौमूत्र, गुड़ और चने के पाउडर का पारंपरिक उपयोग किया जाता है। इस हरे भरे क्षेत्र में अब 41 प्रजातियों के लगभग 750 पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह एक प्रयोगात्मक पहल है। यदि यह सफल साबित होता है, तो हम परिसर के भीतर उपलब्ध अन्य छोटे भूखंडों में भी सघन वृक्षारोपण तकनीक का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं।

पौधरोपण का उद्घाटन करते हुए कुलपति ने स्वयं अपने हाथों से एक नींबू का पौधा लगाया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर साउथ कैंपस के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रंजन त्रिपाठी द्वारा भी अन्य देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

मोतीलाल नेहरु कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास

- सलाना पचास लाख की होगी बचत
- शिक्षक छात्र गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली : दिल्ली विश्वविद्यालय मोतीलाल नेहरु कॉलेज में लगभग एक हजार लोगो की सुविधा वाला ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ. कॉलेज के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा ने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण से कॉलेज का लगभग पचास लाख रूपए का वार्षिक बचत होगा. कॉलेज अभी

हर गतिविधि के लिए टेंट की व्यवस्था पर निर्भर रहता था इससे मुक्त हो कर बनेगा आत्मनिर्भर. वहीं मोतीलाल नेहरु कॉलेज सांध्य के प्राचार्य संदीप गर्ग ने कहा कि बचत एक मसला है पर ऑडिटोरियम के निर्माण से जुड़ा हैं ही पर इसके कारण हमें कभी बड़े कार्यक्रम की सोच भी नहीं सकते लेकिन जब हमारे पास हजार बारह सौ की कैपेसिटी वाला ऑडिटोरियम होगा तो आप राष्ट्रीय अंर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे मे आसानी से कर पाएंगे. भूमि पूजन और शिलान्यास के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे दक्षिणी परिसर के निदेशक श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि ऑडिटोरियम का निर्माण छात्र शिक्षक गतिविधियों को गति देगा. कॉलेज के शिक्षक और छात्रों को बधाई .कॉलेज के शिक्षक छात्रों ने निर्माण कार्य के शुरू होने पर खुशी जाहिर की और जल्द निर्माण की कामना की. कार्यक्रम के दौरान मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य)

पंजाब

शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है,शिक्षा से बनते हैं विद्यार्थी अच्छे नागरिक: विधायक

- विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने नकल न करने और पानी व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया
- पुलिस विभाग ने किया हिट एंड रन सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक
- स्वास्थ्य विभाग से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र प्रजापत बहल)

बहल-भिवानी। स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी लोक सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुति के साथ दी गईं । इस अवसर पर हिट एंड रन सड़क सुरक्षा, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण, नकल न करने व नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फिजिकली चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने की। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य महंत चरण दास महाराज का रहा। कार्यक्रम में संयोजक सदाचारी शिक्षा समिति की अध्यक्ष सावित्री यादव रही।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पुलिस विभाग से शहर थाना प्रभारी सत्यनारायण, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मनीष श्योरान, अनुराग बैंकेट हाल के निदेशक रामनिवास, झज्जर से शिक्षाविद विजेंद्र यादव, विद्यालय प्राचार्या समी यादव, स्वास्थ्य कर्मी सुभाष यादव,राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्त्ता सतीश यादव, जेसी आई भिवानी स्टार के अध्यक्ष संदीप मुन्ना,संजय कुमार, सुशील गुप्ता, स्वास्थ्य कर्मी वंदना, सामाजिक कार्यकर्त्ता अंजु शर्मा, सुभम शर्मा, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति संकल्प में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

विद्यार्थी की फेयरवेल पार्टी में बोलते हुए भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ और पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है और इन्हीं के द्वारा देश को मजबूत किया जा

सकता है। इनमें से कोई देश का अधिकारी बनेगा तो इन्हीं में से नेता व डॉक्टर बनेगा।कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है और एक अच्छी शिक्षा के बल पर ही हमें देश को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और अपने माता-पिता व शिक्षकों के साथ-साथ समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करें।

वहीं पुलिस अधीक्षक की तरफ से शहर थाना प्रभारी सतनारायण ने हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान और साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उजागर किया कि सड़क हादसों एवं साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए और कैसे सावधान रहा जाए। वहीं स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मनीष श्योरान ने भी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति टिप्स दिए। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ते हैं और आगे बढ़ाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। विदाई पार्टी का उद्देश्य यह नहीं कि हम किसी को छोड़कर जा रहे हैं बल्कि विदाई पार्टी का उद्देश्य यही होता है कि हम अगली मंजिल को प्राप्त करने के लिए अपने एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या समी यादव,शिक्षाविद बिजेंद्र यादव, स्वास्थ्य कर्मी सुभाष यादव,कंट्रोलर सतीश कुमार यादव अजीतपुर, शिक्षाविद सर दयानंद ,मास्टर कमल शर्मा,शिक्षाविद सरला अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता उर्मिला सैनी, शकुंतला देवी, सुषमा देवी, समाजसेवी अंजु भारद्वाज, डिंपल गोयल, अनिता सैनी, कविता रानी, बबीता देवी, ललिता देवी, सुनना देवी, जानकी देवी, मास्टर अमित कुमार, इंग्लिश प्रवक्ता कपिल वर्मा ,सुमित मलिक, रामा सैनी ,उषा देवी, मास्टर अमन कुमार, अनीता रानी, कविता रंगा,सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लोहारू नगर पालिका चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी

- वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद के उम्मीदवार अमरचंद का नामांकन पत्र योग्यता पूर्ण न करने के कारण रद्द कर दिया गया
-19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी नाम वापसी

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र प्रजापत बहल)

बहल-लोहारू, 18 फरवरी। लोहारू नगरपालिका चुनाव 2025 के लिए कुल 74 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 49 पार्षद पद और 25 अध्यक्ष पद के लिए नामांकन हुए हैं। मंगलवार 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की गई।

जांच के दौरान वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद के उम्मीदवार अमरचंद पुत्र नोरंग लाल का नामांकन पत्र योग्यता पूर्ण न करने के कारण रद्द कर दिया गया। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मनोज दलाल ने बताया कि जांच के दौरान वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद के उम्मीदवार अमरचंद पुत्र नोरंग लाल का नामांकन पत्र योग्यता पूर्ण न करने के कारण निरस्त कर दिया गया। यह वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है, लेकिन अमरचंद 10वीं पास नहीं होने के कारण अयोग्य पाए गए, जिससे उनका नामांकन रद्द किया गया।

एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके बाद, 19 फरवरी दोपहर 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसी दिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची तथा मतदान केंद्रों की जानकारी सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर दी जाएगी।

मतदान 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से होगी।

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नामांकन प्रक्रिया जांच के दौरान तहसीलदार नवनीत, नायब तहसीलदार शेखर नरवाल , सचिव तेजपाल तंवर, दीपक शर्मा ,श्यामसुंदर सांगवान ,अनिल मेंचू जगबीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बेटी के जन्म पर जलवा मनाकर लिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र प्रजापत बहल)

बहल-भिवानी 18 फरवरी। स्थानीय अम्बेडकर कॉलोनी निवासी जय भगवान यादव (जय) के घर बेटी ने जन्म पर सभी घरवालों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इस खुशी को जलवा पूजन कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प लेकर मनाया।

स्थानीय अंबेडकर कॉलोनी निवासी जय भगवान श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है। उनके घर बेटी ने जन्म लिया जिसका नाम दिव्यांशी रखा गया है, पूरे परिवार में बेटी के जन्म पर खुशी की लहर दौड़ गई और परिवार द्वारा आज घर में लक्ष्मी रूपी बेटी होने अपनी खुशी का इजहार जलवा पूजन कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संकल्प को धारण किया । बेटी को जन्म देने वाली मां सोनिया और पिता जयभगवान का कहना है कि बेटी घर की लक्ष्मी होती है तथा बेटी घर का गौरव होती हैं। हमे अपनी बेटी पर गर्व करना चाहिए और आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। इसलिए हमें उनमें कोई भेद भाव नहीं करना चाहिए और उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर निर्मला देवी, फूला देवी,सुमन,रेखा यादव, सोनू ,मोनू ,पूनम यादव, सोनिया (सोनी) एवम यादव परिवार के सभी सदस्य, मित्रगण एवम रिश्तेदार उपस्थित हुए और बेटी के जन्म की खुशी मनाई गई।

ब्यूटी पार्लर एकेडमी ने किऐ प्रमाण पत्र वितरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गांव मे आर. वी . इंटरनैशनल संस्था के सहयोग से घुमान मेकअप स्टूडियो व एकेडमी बड़ागुढ़ा में ब्यूटी पार्लर पर प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट और फेशियल किट देकर सम्मानित किया गया। पार्लर संचालिका अमृत घुमान ने बताया कि 45 दिन ब्यूटी पार्लर कोर्स शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य हुनर अपनाएं -रोजगार पाएं को ध्यान में रखकर किया गया था। उन्होंने बताया कि यह कोर्स 25

दिसम्बर 2024 से 10 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया था। इस कोर्स में छात्रों को छह सप्ताह में छह अलग अलग विषयों पर ट्रेनिंग दी गई। कोर्स को पूरा होने पर छात्राओं को संस्था के द्वारा उन्हें सर्टिफिकेट और फेशियल किट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर रवि तलवंडी, पार्लर संचालिका अमृत घुमान , कुलविन्दर सिंह, सुपरवाइजर अनिल धवन मौजूद रहे। प्रशिक्षण पाने वाली गुलशन कुमारी, हर्षदीप कौर, अमनदीप कौर, पारूल, लिजा, अमीषा, सुखविंद्र कौर, नेमपाल कौर, मोनिका, मनप्रीत कौर, अंजुबाला, सनप्रीत कौर, सुमित्रा रानी, रवीना, परमजीत कौर, सुमन रानी व परमजीत कौर को सम्मानित किया गया। वहीं डॉयरेक्टर रवि तलवंडी ने सभी छात्राओं को उज्वल भविष्य की कमाना की।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रशासन सख्त, नकल रोकने और बेहतर सुविधाओं पर जोर

- सुरक्षा और सुविधा पर विशेष जोर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में मंगलवार को संजय कम्यूनिटी हॉल में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी केंद्र व्यवस्थापकों को नकलमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही परीक्षार्थियों के लिए सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष 125 परीक्षा केंद्रों पर कुल 99,436 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। ये अधिकारी परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे और सचल दलों के रूप में परीक्षा की व्यवस्था का आकलन भी करेंगे।

सुरक्षा और सुविधा पर विशेष जोर

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही, बिजली, पेयजल और शौचालय की सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीआईओएस अजीत कुमार को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं।

इस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारिक, अपर नगर मजिस्ट्रेट, डीआईओएस, सभी केंद्र व्यवस्थापक, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशासन की सख्ती से यह स्पष्ट है कि इस बार बोर्ड परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सख्त निगरानी में कराई जाएगी ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और छात्रों को एक निष्पक्ष परीक्षा माहौल मिल सके।

रोडवेज बस और कार की भीषण टक्कर, मशहूर कव्वाल सईम और अकरम की मौत, छह गंभीर घायल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। शाही के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें पीलीभीत के मशहूर कव्वाल सईम (55 साल) और अकरम(32 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अरशद कव्वाल समेत उनकी टीम के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

अलीगढ़ से लौट रहे थे कलाकार

अरशद कव्वाल, जिन्हें अरशद काम्बली के नाम से जाना जाता है, पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गहलुईया गांव के निवासी हैं। वे अलीगढ़ में एक कव्वाली कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में धौंरेरा गांव के पास उनकी इनोवा गाड़ी टनकपुर डिपो की रोडवेज बस से टकरा गई। बस टनकपुर से बरेली की ओर आ रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

घटनास्थल पर हुई दो की मौत

इस हादसे में सईम कव्वाल और उनके सहयोगी अकरम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरशद काम्बली, वहीद बेग, जावेद और शोहरत गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नवाबगंज पुलिस ने इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि बाकी घायलों का इलाज जारी है।

कव्वाली जगत में शोक की लहर

कव्वाली जगत में शोक की लहरइस दुखद हादसे से बरेली और पीलीभीत के लोग सदमे में हैं। अरशद काम्बली और उनकी टीम कव्वाली की दुनिया में एक बड़ा नाम हैं, जिनके लाखों प्रशंसक हैं। इस घटना ने उनके चाहने वालों को गहरे दुख में डाल दिया है।

सड़क सुरक्षा को लेकर उठने लगी है सवाल

यह हादसा सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोग और पीड़ितों के परिजन ने प्रशासन से इस हाईवे पर सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने की मांग की है।

प्रशासन ने जारी किया बयान

पुलिस प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, हादसे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आएगी।

स्पा सेंटर पर छापा, आपत्तिजनक हालत में मिले लड़के और लड़कियां, पुलिस ने 6 लोगों को दबोचा

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । प्रेमनगर पुलिस ने डीडीपुरम स्थित एक स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई की। जहां दो लड़के और चार लड़कियों को पकड़ा गया है। पुलिस सभी को थाना ले आई। स्पा सेंटर से क्या सामान बरामद हुआ है। इसकी जानकारी पुलिस देर रात तक नहीं दे सकी।

प्रेमनगर पुलिस को सूचना मिली के डीडीपुरम स्थित एक स्पा सेंटर पर अनैतिक कार्य होता है। इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ स्पा सेंटर पर पहुंचे।

बताया जाता है कि सेंटर पर दो लड़के और चार लड़कियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस को देखते ही सभी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने दबोच लिया और थाने ले आई। पकड़े गए लड़के और लड़कियों से पुलिस दे रात तक पूछताछ करती रही। सूत्रों के अनुसार स्पा सेंटर से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई हैं। पकड़े जाने पर लड़कियां महिला पुलिस कर्मियों के सामने गिड़गिड़ाती रहीं, लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। पहली बार में पुलिस चार लड़कियों और दो लड़कों को पकड़ कर थाने ले आई। बाद में पता चला कि स्पा सेंटर में आपत्तिजनक वस्तुएं भी हैं। तब पुलिस टीम दोबारा पहुंची और तलाशी ली। मौके से आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं। हालांकि, प्रेमनगर पुलिस ने अभी इस संबंध में कोई जानकारी देने से मना कर दिया है।

शराब पीने से मना करने पर किया जानलेवा हमला, बाइक छोड़कर भागे बदमाश

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली / फतेहगंज पूर्वी । नगर की नई कॉलोनी बिलपुर निवासी प्रदीप राठौर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह नेशनल हाईवे पर हनुमान मूर्ति के सामने चाट पकौड़ी की दुकान लगाता है। सोमवार शाम के समय में बह अपनी दुकान पर था,तभी नई कॉलोनी निवासी राकेश, जितेंद्र, अभिषेक मौर्य व एक अज्ञात उसकी दुकान पर आए और शराब पीने लगे।जब उसने दुकान पर शराब पीने से मना किया।तो उन लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बही दुकान पर मौजूद प्रदीप का भांजा सोमवीर भी मौजूद था।उस पर भी

दबंगो ने धारदार हथियार से हमला कर दिया,जिससे बह घायल हो गया। उसके बाद उन लोगों ने उसकी गर्दन इतनी जोर से दवाई,जिससे उसकी सांसे भी रुक सकती थी।चीखने चिल्लाने की आवाज पर मौके पर भीड़ जमा होने लगी।उसके बाद वह चारों एलानिया धमकी देते हुए फरार हो गए। चारों लोग अपनी दोनों मोटरसाइकिल उसकी दुकान के सामने ही छोड़ गये।पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है।मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली, पुलिसकर्मी भी घायल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । पुलिस मुठभेड़ में चोरी और लूट के दो बदमाशों को इज्जतनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान तीन बदमाश मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। एक पुलिसकर्मी के भी चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सोमवार रात इज्जतनगर पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी इज्जतनगर क्षेत्र में गल्हपुर पुलिया के पास संदिग्ध लोगों की गतिविधियां देखी गईं। इसके बाद पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने बाइक की रफ्तार बढ़ाकर भागने लगे और साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मी को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने पीछा किया और धीमरी मोड़ के पास घेराबंदी कर बदमाशों को रोकने की कोशिश की। ऐसे में जब बदमाशों ने खुद को घिरता देखा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सचिन सैनी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने सीबीगंज के मथुरापुर

निवासी सचिन सैनी उर्फ चुटकुला व बारादरी के कांकरटोला निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके से फरार होने वाले अमरसिया निवासी सुनील, कैंट के बरी नगला निवासी शेर सिंह उर्फ शेरा और छोटी बाजार निवासी राहुल शर्मा उर्फ टीनू है।

ये सामान हुआ बरामद

पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपियों से एक 32 बोर तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारसूत, 2 मोबाइल फोन, एक डंडा और 3900 रुपये बरामद हुए हैं।

आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे

गिरफ्तार बदमाशों ने बरेली के कई थाना क्षेत्रों (सीबीगंज, फतेहगंज, मीरगंज, भुता, बिथरी चैनपुर और भोजीपुरा) में लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है। सचिन सैनी उर्फ चुटकुला शातिर अपराधी है और 2024 में न्यायिक अभिरक्षा से भी फरार हो चुका है। सचिन पर 22 मुकदमे दर्ज हैं, वहीं अभिषेक पर 23 मुकदमे दर्ज हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में इज्जतनगर इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह, दरोगा, संजय कुमार, अनूप सिंह, जयप्रकाश वर्मा, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र अवस्थी, विपुल कुमार, कांस्टेबल विशाल, धनीष सक्सेना, राजेश, कामिल शामिल रहे।

डंपर की टक्कर से छात्रा गंभीर घायल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । आंवला में भूतेश्वर मंदिर के समीप रामनगर रोड पर डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार हाईस्कूल की छात्रा गंभीर घायल हो गई। आंवला के मोहल्ला मिजार्पुर निवासी मनु (15 वर्ष) पुत्री मनोज कुमार मंगलवार सुबह करीब नौ बजे कोचिंग से लौट रही थी। भूतेश्वर मंदिर के समीप बरेली की तरफ से आ रहे डंपर ने छात्रा को चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने छात्रा को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया। उसे मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा के पिता सेना में हैं। वह 15 दिन पहले छुट्टी खत्म होने के बाद वापस ड्यूटी पर गए थे। छात्रा की हालत गंभीर बताई गई है। उधर, हादसे के बाद डंपर लेकर चालक फरार हो गया। स्थानीय युवकों ने डंपर चालक का करीब 10 किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ नहीं सके। हालांकि युवक ने डंपर को नंबर नोट कर लिया है।

बंदरों का आतंक, समाजवादी मजदूर सभा ने डीएम से बंदर पकड़वाने की मांग की

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गाँव अहियापुर मानपुर में बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान ग्रामीणों ने समाजवादी मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जिलाधिकारी से इस समस्या का समाधान करने की मांग की

है। ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों ने गाँव में भारी उत्पात मचा रखा है, जिससे कई वृद्ध महिलाएं और बच्चे बुरी तरह काटे जा चुके हैं। कुछ महिलाएं बंदरों के हमले के कारण छत से गिरकर घायल भी हो चुकी हैं।

समाजवादी मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष दीपेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बंदरों को पकड़ने और गाँव की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा, ग्रामीणों ने आधार कार्ड संशोधन, किसान रजिस्ट्री और किसान सम्मान निधि के नाम पर हो रही उगाही की शिकायत भी की।

ज्ञापन देने वालों में यशवीर सिंह यादव, मुकेश यादव, दीपेंद्र यादव, विवेक गुर्जर, गिरीश कुमार, केशव दिवाकर, शनि दिवाकर, पुष्पेंद्र कुमार और सुभाष सिंह गुर्जर जैसे कार्यकर्ता शामिल थे।

डासना और तिहाड़ जेल में रह चुका राजीव चौधरी अब बना पत्रकार

0 पहले दैनिक भास्कर कार्यालय में की थी चोरी, फिर किया डोमेन ट्रेडमार्क का दुरुपयोग

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । पत्रकारिता की दुनिया में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। डासना और तिहाड़ जेल की सलाखों के पीछे रह चुका राजीव चौधरी अब पत्रकार बनकर सक्रिय है। इससे पहले वह दैनिक भास्कर के बरेली कार्यालय में चोरी के आरोप में पकड़ा गया था, जिसके बाद तत्कालीन ब्यूरो चीफ धीरेंद्र सिंह धीरू ने उसे पदमुक्त कर दिया था।

डोमेन चोरी और ट्रेडमार्क का दुरुपयोग धीरेन्द्र सिंह धीरू के अनुसार , राजीव चौधरी ने अपने पद का दुरुपयोग कर ह्यभास्कर टुडेह्ल ऐप का डोमेन और ट्रेडमार्क हड़प लिया। यही नहीं, बाद में उसने डोमेन का

पासवर्ड बदल दिया, जिससे असली हकदारों की पहुंच भी बंद हो गई।

पहले से ही संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था आरोपी

राजीव चौधरी पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। दैनिक भास्कर कार्यालय में हुई चोरी के दौरान आंतरिक दस्तावेजों से छेड़छाड़ की आशंका जताई गई थी। इस घटना के बाद से ही उसकी संदिग्ध गतिविधियों पर सवाल उठने लगे थे। अब जब उसने पत्रकारिता में कदम रखा है, तो उसके पुराने कारनामे फिर से चर्चा में आ गए हैं।

क्या होगी अब कार्रवाई

पत्रकारिता जगत में ऐसे फर्जी और संदिग्ध व्यक्तियों के बढ़ते प्रभाव पर सवाल उठने लगे हैं। क्या प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई करेगा, या फिर राजीव चौधरी बिना किसी बाधा के अपना नया खेल जारी रखेगा? यह देखना दिलचस्प होगा।

डॉ. रजनीश सक्सेना हुये खान टाटा मैमोरियल राष्ट्र रत्न, ग्लोबल पीस अवार्ड, अर्न्तराष्ट्रीय मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । दिल्ली चाणक्यपुरी के इन्टरनेशनल यूथ हॉस्टल के सभागार का जहाँ आरोग्यम सुख संपदाम ग्लोबल ट्रस्ट यूथ फ्रेटरनिटी फाउन्डेशन, टीएचएचएचडब्लूडब्लू, वीजीबीएफ, जीएआरसीआई, एचसीएसी के संयुक्त तत्वावधान में 25 वें अर्न्तराष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. सच्चिदानंद के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर गणमान्य मुख्य अतिथियों में सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसीटर मोती प्रसाद (ऐड.), सुप्रीम कोर्ट के असिस्टेंट (ऐड.) जनरल श्रेष्ठ कुमार जैन, सेटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3012 के अध्यक्ष सी.ए. अनुज जैन, न्यूज 7 के मुख्य सम्पादक शिव कुमार, योगा लवर्स के संस्थापक सुनिल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रजनीश सक्सेना, महेश जैन, राकेश शर्मा, जयमुनि गोयल, जिया लाल, त्रिरवा, रमेश पांड्या, डॉ. रोहित भंडारी, डॉ. अजहर खान, डॉ. लुबना कमाल, डॉ. उर्मिला ग्रोह आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में माँ वाणी की वन्दना राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा

सामुहिक नृत्य के रूप में प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में भारत माता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज,माँ प्रकति, माँ गंगा एवं गौ माता के लिये संयुक्त प्रतिज्ञा ग्रहण सामुहिक रूप से किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में पिछले 39 वर्षों से राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर श्री गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ देश बचाओ के साथ रक्तदान महादान को प्रयासरत अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. रजनीश सक्सेना को राष्ट्र, समाज, प्रकृति के हित में अमूल्य योगदान देने के लिये तिरंगा पगड़ी, पटका, जयपुरी माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर रतन टाटा मेमौरियल राष्ट्र रत्न सम्मान, ग्लोबल पीस अवार्ड-2025 से नवाजते हुये सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण एस. आई.एस. यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए., ईबीयू, म्बिरण, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ईराक, जी एस टी एस इंटल, नाईजीरिया आदि अर्न्तराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से बरेली शहर को अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रजनीश सक्सेना को अन्तर्राष्ट्रीय मानद डॉक्टरेट उपाधि सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर पूर्व की भांति डॉ. रजनीश सक्सेना ने सभी को श्री गंगा, गौ, बेटी, पर्यावरण बचाओ-देश बचाओ के साथ रक्तदान महादान के प्रति जागरूक करते हुये शपथ दिलाई। अन्त में आभार संयोजक डॉ. सच्चिदानन्द शांडिल्य ने गणमान्य अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन कर किया।

एसपी यातायात को डंडा लेकर उतरना पड़ा सड़क पर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मथुरा

मथुरा।जनपद में बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए एसपी ट्रैफिक को डंडा लेकर सड़क पर उतरना पड़ा। दो घंटे तक पैदल चलते हुए 24 चालान कटवाए। सफेद पट्टी के अंदर खड़ी कार को क्रेन से उठवाया। एसपी ट्रैफिक की कार्रवाई से टेंपो, ई-रिक्शा के साथ कार व बाइक सवारों में

अफरा-तफरी मची रही।।नए बस स्टैंड से भूतेश्वर चौराहे तक सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहन, टेंपो व ई-रिक्शा शहर में जाम की समस्या बनाए हैं। नए बस स्टैंड, बीएसए कट, भूतेश्वर तिराहा, अग्निशमन ऑफिस कट, सौंख रोड, कृष्णा नगर चौराहा और गोवर्धन चौराहे पर कई टीएसआई समेत कांस्टेबल तैनात हैं। फिर भी सड़क पर सफेद पट्टी के अंदर वाहनों का खड़ा होना कम नहीं हुआ। एसपी यातायात मनोज कुमार यादव नए बस स्टैंड पहुंचे। यहां पर सड़क को घेरे खड़े आड़े-तिरछे टेंपो व ई-रिक्शों को देख डंडा लेकर हटवाना शुरू कर दिया। टेंपो व ई-रिक्शा चालकों को सड़क किनारे लाइन से चलने की नसीहत दी। इसके बाद पैदल चलते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों 24 वाहनों के चालान कटवाए।

बंदर और आवारा कुत्तों के हमले से चार घायल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली । अलग-अलग स्थान पर बंदरों और कुत्तों के हमले में कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के शाहाबाद मोहल्ले में स्थित भूड़पट्टी निवासी 45 वर्षीय विनोद पुत्र स्वर्गीय रामपाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि विनोद अपने घर की छत पर बैठे थे तभी अचानक बंदरों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया खुद को बंदरों से बचने के लिए विनोद नाम छत से नीचे छलांग लगा दी सड़क पर गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया शोर सुनकर मौके पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे ।

इसके अलावा आंवला थाना क्षेत्र के गांव मनोना धाम निवासी 5 वर्षीय अर्नब पुत्र विकास को भी घर वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि वह रोजाना

की तरह आज सुबह अपने घर के आंगन में खेल रहा था तभी अचानक कई बंदरों ने उसे पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया उसके रोने की आवाज सुनकर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले गए फिर जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया। वहीं इज्जत नगर के गांव मुढ़िया अहमदनगर निवासी 5 वर्षीय अयान पुत्र इबादत को भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने बताया कि वह आज सुबह घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था इसी दौरान अचानक कुछ बंदरों ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया शोर सुनकर पहुंचे गांव वालों ने उसे बचाया और घर वालों को जानकारी दी जो उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाये।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के 27 वर्षीय अरविंद पुत्र जगदीश प्रसाद सुबह गली में अपने जा रहा था इस दौरान आवारा कुत्ते ने उनके हाथ में काट लिया अरविंद इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

मजदूरों से भी कम वेतन पर बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षामित्र बोले घर चलाना हुआ मुश्किल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। बहेड़ी उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों का भविष्य संभालने में जुटे शिक्षा मित्र आज भी उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। मजदूरों से भी कम में बच्चों को तालीम देने वाले शिक्षामित्र महज 10 हजार रुपये महीने की नौकरी कर मजदूरों से भी कम में बच्चों को तालीम दे रहे है समायोजन से कुछ उम्मीद जागी थी जो कि रद्द होने पर फिर वही हालत हो गई। बेसिक स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते शिक्षामित्र लगाए गए थे शिक्षकों के बराबर काम कर रहे शिक्षामित्रों को

इस समय मात्र 10 हजार रुपए मानदेय के रूप में मिल रहे है। जबकि आज के समय मे एक मजदूर 400 से 500 रुपए मजदूरी ले रहे है। इस हिसाब से उनके 12 से 15 हजार रुपये महीने की आमदनी बनती है। जबकि उनको एक माह में मात्र 10 हजार मिलते है। इतने कम रुपयों में घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाता है।

नवाबगंज सबस्टेशन के जेई को अधीक्षण अभियंता ने किया निलंबित

- ओटीएस योजना में लापरवाही करने पर गिरी गाज

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

बरेली। बिजली विभाग की एक मुश्त समाधान योजना में लापरवाही करने पर नवाबगंज सबस्टेशन के जेई को अधीक्षण अभियंता ने निलंबित कर दिया है। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जेई सुनील कुमार ने एक मुश्त समाधान योजना के दौरान एलएमवी 2, 4 और 6 के उपभोक्ताओं से शत प्रतिशत की वसूली नहीं की और बिना अधिकारियों को सूचना दिए अपने कार्यस्थल और मुख्यालय से गायब रहे। बिजनेस प्लान समेत अन्य योजनाओं में रुचि नहीं लेने पर लापरवाही मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में वह अधिशासी अभियंता कार्यालय में अटैच रहेंगे।

पंजाब में बस - ट्रक की टक्कर में महिला सहित 5 लोगों की मृत्यु, बस सेमनाले में गिरी

रघुनंदन पराशर समाज जागरण
पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो (पंजाब)18 फरवरी : यहां से 28 किलोमीटर दूर पंजाब में फरीदकोट-कोटकपूरा रोड पर शाही हवेली फरीदकोट के पास एक भयंकर सड़क हादसा हुआ है। सूत्रों के अनुसार एक तेज रफ्तार बस और ट्रक में अचानक टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस अनबैलेंस होकर रेलिंग तोड़ती हुई सेमनाले में गिर गई। यात्रियों से भरी बस में नाले में गिरते ही पलट गई और पैसेंजरों में चीख पुकार मच गई।हादसे में एक महिला सहित 5 लोगों की मौत हुई है और लगभग 26 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पुलिस ने लोगों की मदद से बाहर निकाला।हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस और आस-पास रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। फरीदकोट एस.एस.पी.डॉ.प्रज्ञा जैन ने हादसे की पुष्टि और घायलों के खतरे से बाहर होने की पुष्टि की है।हादसा होने के कारणों का पता लगाया जाएगा तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह जांच भी की जाएगी कि हादसे का कारण कोई टेक्निकल फॉल्ट तो नहीं है। आज सुबह अबोहर से श्री अमृतसर साहिब जाने के लिए एक प्राइवेट बस निकली थी। कोटकपूरा से फरीदकोट आते हुए सेमनाले के पास बस सामने से आ रहे ट्रक से भीड़ गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सब अनबैलेंस होकर सेमनाले में गिर गई। सुबह हल्की धुंध भी थी, लेकिन हादसे का कारण तेज रफ्तार है। लोगों की चीख पुकार सुनकर राहगीर जुट गए। हादसे की सूचना राहगीरों ने ही पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके दी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस बल और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। लोगों की मदद से डैमेज बस से लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।मरने वालों में महिला भी शामिल एस.एस.पी.डा. प्रक्षा जैन ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधीश विनीत कुमार, ए.डी.सी. ओजस्वी अलंकार, एस.डी.एम. वरुण कुमार भी मौके पर पहुंचे। बस में करीब 35 लोग सवार थे, जिनमें से महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। घायलों का उपचार गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फरीदकोट में चल रहा है।

वैष्णव लोग वो होते हैं जो दूसरों का दर्द समझते हैं: बिट्टू बादल

रघुनंदन पराशर समाज जागरण
पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो/पंजाब,18 फरवरी : लायन आई केयर सेंटर जैतो दशकों से लगातार नेत्र रोगियों का ऑपरेशन करता आ रहा है। जहां पर कैंप चेयरमैन नरेश मित्तल के नेतृत्व में करीब 200 किलोमीटर के क्षेत्र में स्थानीय समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से कैंप आयोजित कर मरीजों की आंखों की जांच की जाती है। यहां से सर्जरी के लिए पात्र मरीजों को जैतो स्थित लायन अस्पताल लाया जाता है और फेको मशीन के माध्यम से उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। इन मरीजों को ऑपरेशन के बाद एक रात जैतो में रुकना पड़ता है। उनका नाश्ता, दोपहर का भोजन और आवास लायंस क्लब द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसी श्रृंखला के तहत शाम के भोजन के दौरान भारत माता अभिनंदन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल, अश्वनी अरोड़ा, राजीव सिंगला, विकास गोयल विक्की एवी इंडस्ट्री, कश्मीरी लाल घनीये वाले, सुधांशु जिंदल सुखबीर एग्रो व खुशाल सिंगला खैवी ने अपने कर कमलों से मरीजों को भोजन परोसा।बिट्टू बादल ने लायन क्लब के उपरोक्त कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंडी के लोगों को लायन आई केयर सेंटर जैतो को पूर्ण सहयोग देना चाहिए क्योंकि इससे क्षेत्र में जैतो का गौरव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वैष्णव वे हैं जो दूसरों के दर्द को समझते हैं। पंद्रहवीं शताब्दी के प्रसिद्ध वैष्णव भक्त नरसिंह मेहता द्वारा रचित भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीड़ पराई जान रे' की पहली पंक्ति में भी यही बात कही गई है। लायन क्लब के कैंप चेयरमैन नरेश मित्तल ने संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लायन आई केयर सेंटर के चेयरमैन राकेश रोमाणा, डायरेक्टर प्रदीप सिंगला, लायन क्लब के प्रधान कुलभूषण माहेश्वरी, सचिव सुरिंदर गर्ग (सेवानिवृत आर.ए.) तथा वित्त सचिव जीवन गर्ग रिंकू के कुशल नेतृत्व में यह संस्था एक जनरल अस्पताल भी चला रही है, जहां 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं। लायन क्लब में मरीजों को भोजन परोसते भारत माता अभिनंदन संगठन के पदाधिकारी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आंतरिक समिति की उच्च स्तरीय बैठक 21 को होगी

समाज जागरण रघुनंदन पराशर जैतो पंजाब चीफ ब्यूरो

पंजाब/अमृतसर,18 फरवरी (रघुनंदन पराशर): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आंतरिक कमेटी की सर्वोच्च स्तरीय बैठक 21 फरवरी को होगी। शिरोमणि कमेटी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन ने बताया कि अंतरिम कमेटी की बैठक 21 फरवरी, 2025 को दोपहर 12 बजे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य कार्यालय में निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि बैठक के बारे में सूचित करने के लिए एस.जी.पी.सी. की अंतरिम समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को पत्र भेजा गया है।

जैतो सहारा क्लब एन.जी.ओ. संगठन के अध्यक्ष संदीप लूम्बा ने अब तक 400 से अधिक पकड़े सांप

समाज जागरण रघुनंदन पराशर
पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो(पंजाब)18 फरवरी : जैतो सहारा क्लब एन.जी.ओ.,जैतो शहर में बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने वाली संस्था है। सहारा एन.जी.ओ.के मुख्य सेवक समाजसेवी संदीप लूंबा द्वारा अब तक 400 से अधिक विषैले व विषहीन सांपों को पकड़कर घनी आबादी से दूर शहर के बाहर जंगल में छोड़ा जा चुका है। शहर में कहीं भी किसी घर, दुकान, फैक्ट्री, गोदाम या अन्य किसी स्थान पर सांप निकला तो लोग सहारा एन.जी.ओ.को कार्रवाई करेगी।हम संदीप लूंबा के संस्थापक को याद करते हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। उनका मानना है कि सांप फसलों के मित्र होते हैं, लेकिन सांपों के बारे में जानकारी के अभाव में केवल 8 प्रतिशत सांप ही जहरीले पाए जाते हैं। उनमें से बहुत कम जहरीले सांप मालवा क्षेत्र की धरती पर पाए जाते हैं। धामन और सफेद कोबरा जैसे अधिकांश गैर-जहरीले सांप बरसात के मौसम में पाए जाते हैं। हालांकि, कुछ सांप जहरीले भी होते हैं, जिसके कारण लोग पूरे साल उनसे डरते हैं। संदीप लूंबा ने समाज से अनुरोध किया है कि वे सांपों को न मारकर उस संस्था के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके जानकारी देकर खुद और सांपों की रक्षा कर सकते हैं। ये सेवाएं संदीप लूंबा द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों को बिल्कुल मुफ्त प्रदान की जाती हैं। हर कोई उन्हें नहीं मारता। इसके विपरीत सांप किसानों और फसलों के मित्र होते हैं। सांप खेतों को नुकसान पहुंचाने वाले सैकड़ों प्रकार के जानवरों को खा जाते हैं क्योंकि प्रकृति का नियम है कि हर बड़ा जानवर छोटे को खाता है। पंजाब में

स्वयं को आध्यात्मिकता से जोड़कर जीवन को सरल बनाए : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

पंजाब/जैतो,18 फरवरी : संत निरंकारी मिशन द्वारा उदयपुर में एक भव्य संत समागम का आयोजन हुआ, जिसमें राजस्थान और गुजरात सहित बाड़मेर जिले से बड़ी संख्या में भक्तजन एकत्रित हुए। परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं परमसत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में यह दिव्य संत समागम का आयोजन आध्यात्मिकता, प्रेम और विश्वबंधुत्व का संदेश लेकर आया।सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों में संगत को आत्मबोध का मार्ग अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब जीवन में अहंकार और भेदभाव मिट जाते हैं और परमात्मा की रोशनी से अंतर्मन प्रकाशित हो जाता है, तब जीवन सहज और सरल हो जाता है। क्षमा, प्रेम और सेवा की भावना को अपनाकर ही हम सच्चे आनंद को प्राप्त कर सकते हैं।राजपिता रमित जी ने अपने विचार रखते हुए सतगुरु के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु प्रेम और समर्पण का पाठ पढ़ाते हैं, और जब हम ईर्ष्या व द्वेष की दीवारों को गिराकर प्रेमभाव अपनाते हैं, तभी सच्ची आध्यात्मिकता को अनुभव कर सकते हैं।समागम में भजन और कविताओं की मधुर प्रस्तुतियों ने भक्तों को आध्यात्मिक रसधारा में सराबोर कर दिया। इस आयोजन की सफलता के लिए लंगर, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा। निरंकारी समागम के दौरान निरंकारी प्रदर्शनी भी मुख्य आकर्षण केंद्र बना रहा। इस दिव्य आयोजन से पूर्व तीन दिवसीय 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने की प्रेरणा दी गई। इस विशेष सत्र में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और छह तत्वों पर आधारित विचार-मंथन ने युवाओं को एक नई दिशा दी। समापन दिवस पर उदयपुर के महाराज कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।यह समागम न केवल एक आध्यात्मिक मिलन था, बल्कि सेवा, समर्पण और प्रेम की भावना से ओत-प्रोत एक दिव्य संगम था, जिसने हर हृदय को आनंद और आत्मिक शांति से भर दिया। भक्तों ने सतगुरु के आशीर्वाद से इस अनमोल अवसर का भरपूर लाभ उठाया और जीवन को सरल व सार्थक बनाने की प्रेरणा प्राप्त की।
सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, राजपिता रमित जी व श्रद्धालुओं का हुजूम।

सोनभद्र

सप्लाई के पानी में, सीवर के गंदे पानी मिश्रित होने पर रहवासियों में जबरदस्त आक्रोश

रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 17 का मामला

सदर संवाददाता अल्ताफ कादरी। दैनिक समाज जागरण



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 रोडवेज गली में पिछले एक हफ्ते से सीवर का गंदा पानी सप्लाई होने पर रहवासियों में आक्रोश अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर मामले में संज्ञान लेने की लगाई गुहार।
रहवासी प्रीतम पाल सिंह, अजय कुमार, राधेश्याम, राजेश, पंकज कुमार आदि लोगों ने मंगलवार को रॉबर्ट्सगंज अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव को पत्र देकर अवगत कराया कि पिछले 7 दिनों से सप्लाई के पानी में सीवर का पानी मिल रहा है जिससे उनके रहन-सहन खान पान में काफी अशुद्ध जल उपलब्ध हो रही है, मामले में जल्द से जल्द निराकरण कराए जाने को पत्र देकर अवगत कराया गया।
वही अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है कहां से यह सप्लाई कैसे खराब पहुंच रही है जिसकी जांच के लिए संबंधितों को बता दिया गया है हर जगह सप्लाई साफ पानी की कराई जा रही है अब इन वार्डो में किन फाल्ट से यह उत्पन्न हो रहा है जल्दी इसका निराकरण कर दिया जाएगा।

अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व करेंगे नगर पंचायत ओबरा शिकायत मामले की जांच।

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता शिव प्रताप सिंह

ओबरा सोनभद्र।ओबरा नगर पंचायत ईओ व्दारा मुख्यमंत्री जी के व्दारा बनाये पोर्टल पर नियम विरुध्द आख्या अधिकारी कि जगह जनप्रतिनिधि व्दारा लगवाया गया व आउटसोर्स कर्मचारियों की जनसूचना अधिकार के तहत भ्रामक व अपूर्ण सूचना देकर किया जा रहा मनमानी इस पुरे मामले की गम्भीरता पूर्वक लेते हुये जाँच कराए जाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश केशरी द्वारा पत्र मुख्यमंत्री महोदय, निदेशक नगर निकाय, आयुक्त मिजार्पुर मण्डल,जिलाधिकारी सोनभद्र को 5 बिन्दुओं पर भेजा गया। नगर पंचायत ओबरा में भ्रष्टाचार की शिकायत किया गया था ।जो नगर विकास विभाग निदेशक महोदय को संबोधित था जिसकी जांच किसी उच्च स्तर जनपद के अधिकारी द्वारा कराया जाना चाहिए था परंतु उक्त जांच जनपद सोनभद्र ओबरा ईओ महोदय के पोर्टल/आई0जी0आर0एस पोर्टल पर प्रेषित कर दिया गया जिसकी ईओ ने कोई जांच नहीं किया न ही कोई निदान करने का प्रयास किया जिसमें फर्जी तरीके से मनमानी आख्या लगाया गया मुख्य बात तो यह है इस जनसुनवाई पोर्टल/ आई0 जी0 आर0 एस पर आख्या प्रारूप पर जांच अधिकारी/कार्मिक का हस्ताक्षर नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमती चांदनी देवी का हस्ताक्षर किया हुआ आख्या अपलोड कर दिया गया है जबकि जनसुनवाई पोर्टल/आई0जी0आर0एस पोर्टल या सरकारी विभाग में किसी भी पत्राचार में जनप्रतिनिधि कभी जांच अधिकारी नहीं हो सकता और जिसके खिलाफ जांच वही जांच अधिकारी बने यह विधि विरुद्ध है मुख्यमंत्री पोर्टल पर आखिर चेयरमैन का जांच अधिकारी वाला पत्र कैसे अपलोड हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश केशरी के शिकायत सभी बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह ने अपर जिलाधिकारी सोनभद्र सहदेव मिश्रा वित्त एवं राजस्व को जांच हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

संवाददाता राजा उर्फ.इमरान।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-18.02.2025 को श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।
इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

थाना चोपन पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

संवाददाता आदिवासी सुनील त्रिपाठी। दैनिक समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के

क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में आज दिनांक 18.02.2025 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त शिवकुमार उर्फ रामगरीब पुत्र स्व0 मुकुन्दरी निवासी बैष्णौ मंदिर के पिछे डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 59 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

दो दोषियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास

- 5-5 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- अभियुक्तगणों की जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी
- ढाई वर्ष पूर्व हुए जहरखुरानी का मामला
- अर्थदंड की धनराशि का 75 प्रतिशत पीड़ित को मिलेगा

संवाददाता राजा उर्फ.इमरान।
दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। ढाई वर्ष पूर्व हुए जहरखुरानी के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश रविंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों राजन केशरी व पिंटू उर्फ राकेश शाह को 5-5 वर्ष की कैद व 5-5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अर्थदंड की धनराशि का 75 प्रतिशत पीड़ित को मिलेगा।
अभियोजन पक्ष के मुताबिक शुभांशु पुत्र कमलेश चंद्र ने चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह बर्जर पेंट्स में डीएसओ पद पर कार्यरत है। कार्य के दौरान सुकृत से 26 अगस्त 2022 को अग्रहरि पेंट्स रेणुकूट जा रहा था। सुकृत में सुबह 10:45 बजे एक सफेद रंग की बोलेरो मिली, जिसपर ड्राइवर समेत दो लोग बैठे थे। उनलोगों ने पूछा कि कहां जाना है तो रेणुकूट जाना बताया तो गाड़ी में बैठा लिया। टोल प्लाजा चुर्क पर एक व्यक्ति शौचालय चला गया और दूसरे ने बोर्नविटा विस्कूट उसे भी खिलाया और खुद भी खाया। उसी समय अपने भाई शुभम को वाट्सएप भी किया था। उसके बाद वह अचेत हो गया। दोपहर बाद 1:06 बजे उसके मोबाइल से भाई के नम्बर पर काल गया। उसी सूचना पर परिवार वाले तेलगुड़वा से 5 किमी दूर बिहार जाने वाले रास्ते पर अचेतावस्था में उसे पाया। परिवार वाले उसे राबर्ट्सगंज के कीर्ति पाली क्लीनिक पर लाकर भर्ती कराया। उसी जगह से 112 नम्बर पुलिस को डायल कर सूचित किया गया। सायंकाल उसे हल्का होश आने पर उसे ज्ञात हुआ कि सोने की अंगूठी, लाकेट, डेविड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, जूता मोजा, बॉटल, पांच हजार रुपये नगद, मोबाइल आदि सामान गायब है। परिवार वालों ने उक्त कार्ड को बंद कराने की सूचना के बाद पता चला कि रेणुकूट में एटीएम से 32 हजार रुपये खाते से निकाल लिया गया था। इस तहरीर पर 29 अगस्त 2022 को पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राजन केशरी पुत्र काशी केशरी निवासी खरागिया अमाव, थाना चैनपुर, जिला कैमूर बिहार व पिंटू उर्फ राकेश शाह पुत्र प्यारे शाह निवासी अमाव, थाना चैनपुर, जिला कैमूर बिहार के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 7 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषियों राजन केशरी और पिंटू उर्फ राकेश शाह को दोषसिद्ध पाकर 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास व 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि का 75 प्रतिशत पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने बहस की।

भाकियू लोकशक्ति जनपद सोनभद्र का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से की मुलाकात

तहसील संवाददाता अरुण पांडेय (गुरूजी)
दैनिक समाज जागरण

घोरावल/ सोनभद्र। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जनपद सोनभद्र के जिला अध्यक्ष बिरजू कुशवाहा के नेतृत्व में सोनभद्र जनपद के घोरावल तहसील में ग्राम भैसवार में वर्षों से हो रहे चकबंदी प्रक्रिया में चकबंदी अधिकारियों द्वारा किये जा रहे अनियमितता के विरोध में आज दिनांक 18 फरवरी 2025 को केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी से मिजार्पुर अपना दल कार्यालय पर जाकर मुलाकात किया और इस अनियमित को दूर कर चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त करने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष बिरजू कुशवाहा के साथ जिला मीडिया प्रभारी सोनभद्र बृजेश कुमार सिंह, जिला महासचिव संजय यादव, रामपाल पटेल तहसील अध्यक्ष घोरावल, सोनभद्र आदि रहे।
इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश प्रमुख महासचिव बजरंगी कुशवाहा, जिला अध्यक्ष मिजार्पुर धर्मदेव उपाध्याय जिला सचिव मिजार्पुर परशुराम मिश्रा जसवंत आदि लोग उपस्थित रहे।

एएसपी ने समस्त थानों के सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ की मासिक बैठक

संवाददाता राजा उर्फ.इमरान। दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा जनपद के समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर्स व सीसीटीएनएस आरक्षियों/मुख्य आरक्षियों के साथ मासिक मीटिंग की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम कर्मियों का हाल-चाल जाना तथा थानों पर चल रहे सिस्टम कार्य की समीक्षा की गयी तथा सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से समय से निस्तारण के लिए बताया गया तथा कार्य में गुणवत्ता व कार्यकुशलता को बेहतर करने के लिए सभी कम्पयूटर ऑपरेटर्स व सीसीटीएनएस कर्मियों को जरुरी अपडेट के बारे में बताया गया तथा उनसे फिडबैक भी लिया गया।

थाना शाहगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता अरुण पांडेय (गुरुजी) दैनिक समाज जागरण

शाहगंज/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-01/2025 धारा 3(1) गैंगे0 अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनोद कुमार मौर्या पुत्र दिनेश्वर प्रसाद मौर्या निवासी जमुआंव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 29 वर्ष को दिनांक 17.02.2025 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

कुएं में गिरने से एक अबोध बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता आनन्द कुमार।
दैनिक समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। तहसील क्षेत्र अंतर्गत विंढमगंज थाना के सुखड़ा गांव में कुएं में गिरने से एक मासूम बालक की मौत हो गई। मृतक के दादा ने बताया कि मेरा नाती डेढ़ वर्षीय कृष्णा कुमार पुत्र गोरखनाथ निवासी सुखड़ा घर के बाहर स्थित कुएं में फिसल कर गिर गया। जिससे कुएं में डूबने से उसकी मौत हो गई। जिस वक्त यह घटना हुआ उस वक्त मृतक मासूम बालक की माँ खाना बना रही थी। वही सूचना पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। मासूम बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और रो रोकर बुरा हाल है।

नगर पालिका परिषद कार्यालय में नक्शा कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रणविजय सिंह मीरजापुर :

चुनार नगर पालिका परिषद सभागार में मंगलवार को नक्शा कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के नोडल अधिकारी, भूमि सर्वेक्षण अधिकारी लखनऊ बी0 पाण्डेय, उपजिलाधिकारी राजेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया इस योजना में नगरीय क्षेत्रों में डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड माडर्नाइजेशन प्रोग्राम के अन्तर्गत नगरीय आबादी के भूमि अभिलेखों का निर्माण सुनिश्चित किया जाना है। योजना के नोडल अधिकारी ने बताया कि जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में घरौनी योजना के अंतर्गत भू स्वामित्व का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है उसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में भी रहने वाले लोगों का सर्वे कर उनके स्वामित्व संबंधित अभिलेखों को तैयार किया जाएगा जिससे भूमि संबंधित विवादों को हल करने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन की सहायता से पहली बार में पूरे पालिका क्षेत्र का एक नक्शा तैयार किया जाएगा उसके बाद उसमें छोटे छोटे भाग होंगे जिनमे उस भाग में रहने वाले लोगों के स्वामित्व की जमीनों का विवरण होगा। तैयार अभिलेख एवं नक्शा को पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार किया जाएगा जिसमें भूमि के बारे में जानकारी किसी भी स्तर पर लोग देख सकेंगे जो प्रमाणित होगा। इस दौरान मेजर कृपा शंकर सिंह,विजय कुमार वर्मा, चन्द्रहास गुप्ता ज्योति प्रकाश सिंह, ,सभासद सुजीत यादव, गौतम जायसवाल, सुरेश यादव, किशन मोदनवाल विकास कश्यप, मन्नू साहनी,जलकल अवर अभियंता सौरभ सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि यादव, कर निरीक्षक अजीत यादव, प्रधान लिपिक शैलेश आदि प्रमुख मौजूद रहे।

पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार घायल दो की हालत गंभीर मण्डलीय चिकित्सालय रेफर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):

स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी बाजार से पहले एक ढाबा के पास मंगलवार की देर शाम तेजगति से आ रहे पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार युवक घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दो युवकों की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है जबकि दो युवकों का उपचार किया जा रहा है हलिया थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी 24 वर्षीय सीपू व गांव निवासी 18 वर्षीय लवकुश व 21 वर्षीय जयकृष्ण गौड़ अपने साथी मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद के चितरंगी थाना क्षेत्र के जड़कुड़ गांव निवासी 36 वर्षीय विजय कुमार जायसवाल के साथ बाइक से मध्य प्रदेश के बगदरा दोस्त की शादी में एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे की जैसे ही देवरी बाजार से पहले एक ढाबा के पास पहुँचे थी की तेजगति से आ रहे पिकअप वाहन चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने का बाद सीपू के दाहिने पैर व लवकुश के दाहिने पैर में गंभीर चोट को देखते हुए मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया जबकि विजय कुमार जायसवाल व जयकृष्ण का उपचार चल रहा है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की एक बाइक पर सवार चार लोग शादी में जा रहे थे की पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार चारों युवकों को घायलावस्था में उपचार के लिए लाया गया था प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों की हालत गंभीर देखकर रेफर कर दिया गया है

एक पिकअप को एआरटीओ ने पकड़कर की सीज कार्रवाई

दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):

एआरटीओ प्रवर्तन एस पी सिंह ने मंगलवार की देर शाम ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर तिराहे से कोरांव की ओर से बगैर प्रपत्र के फाइबर कुर्सी लादकर ड्रमंडगंज की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की। एआरटीओ एस पी सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम ड्रमंडगंज क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें एक पिकअप वाहन को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की गई है। एआरटीओ द्वारा लगातार चलाए जा रहे ओवरलोड व अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

मौसम में बदलाव होने से वायरल बुखार और सर्दी खांसी के बढ़ रहे मरीज

दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):

मौसम में बदलाव होने चलते क्षेत्र में वायरल बुखार और सर्दी, खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार को क्षेत्र के ड्रमंडगंज, बबुरा कलां, महोगढ़ी,देवहट आदि गांवों से आए वायरल बुखार, सर्दी खांसी और त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों ने न्यू पीएचसी में उपचार करवाया।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि अस्पताल में आए करीब दो दर्जन से अधिक मरीजों का उपचार किया गया डा0बालकृष्ण मिश्र ने बताया मौसम में बदलाव के चलते वायरल फीवर, सर्दी खांसी, त्वचा रोग के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है इस मौसम में सुबह-शाम गर्म कपड़े पहने और ठंडे पानी का सेवन करने से बचें। चिकित्सक ने बताया कि बदलते मौसम में खानपान का विशेष ध्यान देते हुए पौष्टिक आहार लेना चाहिए।इस दौरान फार्मासिस्ट सुभाष सिंह,एलटी राकेश पटेल मौजूद रहे।

टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम

टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम (टीटीपी) को इंटरैक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल (आईईआईसी) द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) के साथ साझेदारी में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन - 1 के अंतर्गत लॉन्च किया गया है। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) से पहले, यह चैलेंज गेम डेवलपर कॉन्फ्रेंस, 2025 में वेव्स और इंडिया पैवेलियन के अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की गेमिंग प्रतिभा की पहचान करेगा, मान्यता प्रदान करेगा और प्रदर्शित करेगा। 1,000 से अधिक पंजीकरण पहले ही हो चुके हैं, जबकि भारत का गेमिंग इकोसिस्टम टेक ट्रायम्फ सीजन 3 गतिशील और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त ड्राइव इन इंडिया टेक उद्योग के लिए देश की महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थायी प्रभाव डालने के लिए तैयार है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज विकासखंड मझवा में कैंप का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण
जिला रिपोर्टर –संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह

मझवा /कछवा (मीरजापुर)आज दिनांक 18 2 2025 दिन मंगलवार को विकासखंड मजावा की सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कैंप में काफी संख्या में क्षेत्र पंचायत मझवा के विभिन्न ग्राम सभाओं से काफी लाभार्थी आकर के अपने-अपने समस्याओं के बारे में डॉक्टर से संपर्क स्थापित कर अपना-अपना जांच करवाते हुए अपने विकलांगता का प्रमाण पत्र बनवाए किन्हे किस सामान की आवश्यकता है कौन कितने परसेंट विकलांग है उन सभी के कार्य को देखते हुए सब का सत्यापन किया गया और प्रमाण पत्र बनाया गया इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय प्रताप सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री कृष्ण उपाध्याय एवं ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार आशुतोष कुमार यादव अजय कुमार संतोष कुमार सिंह रागिनी चौधरी ग्राम पंचायत अधिकारी आकाश कुमार शर्मा प्रीति सिंह शिवराम सोनकर के साथ-साथ दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के जनपद स्तरीय कर्मचारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आए हुए समस्त डॉक्टर सहयोग में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला की ड्यूटी विंध्याचल कुंभ मेला में लगने के कारण उन्होंने अपनी जगह अपने अधीनस्थ चंद्रेश कुमार को दिव्यांगजन विभाग के सहयोग के लिए विकासखंड मझवा में ऑनलाइन करने के लिए लगा रखा था बड़े ही शांतिपूर्वक समस्त लाभार्थियों का जांचों प्रांत सभी का किस लाभार्थी को किस चीज की जरूरत है डॉक्टर के द्वारा उपकरण के बारे में सभी लाभार्थियों को अवगत करा दिया गया है इस कैंप में लगभग 500 के आसपास लाभार्थी मौजूद रहे जिसमें से की काफी लोगों का प्रमाण पत्र पहले ही बन चुका है

प्राथमिक विद्यालय सोठिया कला परिसर में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर दो माह से जला हुआ ऑनलाइन शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता हलिया (मीरजापुर):

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत सोठिया कला के प्राथमिक विद्यालय सोठिया कला के परिसर में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर दो माह से जला हुआ है शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग की लापरवाही से जला हुआ ट्रांसफार्मर आज तक नहीं बदला गया है जिससे विद्यालय में पेयजल की समस्या उतपन्न हो गई है पेयजल के लिए बच्चो को हैंडपंप का सहारा लेना पड रहा है ट्रांसफार्मर जलने के कारण पंचायत भवन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है पंचायत भवन का इन्वर्टर चार्ज नहीं हो पा रहा है जिससे विद्युत के अभाव में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है सामुदायिक शौचालय का सबमरसिबल पंप विद्युत अभाव में नहीं चल पा रहा है जबकि ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए ऑनलाइन टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अवर अभियंता हलिया दया शंकर प्रजापति की लापरवाही से जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है अवर अभियंता द्वारा पीआर नहीं बनाये जाने से जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है शासन द्वारा 72 घंटे में जला ट्रांसफार्मर बदलवाने की बात हवा हवाई साबित हो रही है ग्राम प्रधान सोठिया कला के प्रतिनिधि विजय बहादुर ने बताया की प्राथमिक विद्यालय सोठिया कला के परिसर में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर दो महीने से जला हुआ है ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के बाद भी विद्युत उपकेंद्र हलिया के अवर अभियंता की लापरवाही से जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है ट्रांसफार्मर जलने से प्राथमिक विद्यालय में पेयजल आपूर्ति के साथ पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय की आपूर्ति बाधित हो गई है इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है की अगर जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है तो अवर अभियंता से पीआर बनवा कर वर्क शाप भेजा जायेगा जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलवा दिया जायेगा

क्षय रोगियों को लिया गया गोद जागरूकता कार्यक्रम का अपर जिला जज ने किया शुभारम्भ

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो मीरजापुर :

कछवा क्रिश्चियन अस्पताल प्रांगण में महिला एवं बाल अधिकार विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं सोलह टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक प्राधिकरण विनय आर्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संचालित कार्यक्रम के दौरान अपर जिला जल द्वारा अपने संबोधन में आई हुई महिलाओं को उनके अधिकारों से परिचित कराते हुए उन्हें बताया कि आप किसी भी अपने से जुड़े उत्पीड़न संबंधित शिकायत को जिले में स्थापित उचित पोर्टल पर करके उत्पिड़न स्थिति से अपना बचाव कर सकती है, साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य देने के साथ ही साथ उन्हें साहसी एवं निर्भिज्ञ भी बनाएं जिससे कि वह अपने जीवन में आने वाले विपरीत परिस्थितियों का निडरता पूर्वक सामना कर सकें। वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रबंधक पूजा मौर्य द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें कई सरकारी निःशुल्क योजनाओं से भी परिचित कराने के क्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, किशोरियों के स्वास्थ्य माहवारी, दहेज , प्रबंधन शिक्षा के अधिकार अंतर्गत कक्षा एक से आठ तक निःशुल्क शिक्षा आदि सरकारी स्तर की कई योजनाओं की जानकारी उन्हें सबल बनाने के लिए विस्तार पूर्वक दी गई। वहीं आयोजित कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा उपस्थित जनों को टीवी रोग के प्रति जागरूक करने के क्रम में टीबी के समस्त लक्षणों एवं बचाव की उपाय बताए गए, तथा कहा गया कि टीबी रोग संबंधित जांच इलाज सभी सरकारी अस्पताल पर निःशुल्क देने के साथ-साथ सरकार द्वारा अब टीबी के रोगियों को ₹1000 प्रतिमाह भी पूरे इलाज अवधि तक दिया जा रहा है। अंत में यादव द्वारा लोगों से अपील की गई कि आप सभी अपने आसपास किसी भी व्यक्ति को यदि बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उन्हें तत्काल एक अच्छे इंसान का संबंध निभाते हुए लक्षण प्रभावित व्यक्ति को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने का सराहनीय कार्य करें जिससे कि इस रोग से 2025 तक हमारा देश टीबी मुक्त देश हो सके। कार्यक्रम के अंत में कछवा क्रिश्चियन अस्पताल द्वारा 10 एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डाक्टर पंधारी यादव द्वारा गोद लिए गए पांच टीबी रोगियों को पोषण पोटली मुख्य अतिथि के हाथों वितरित कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में कछवा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सीबी पटेल, डॉक्टर पंधारी यादव, डॉक्टर हनीश, डॉक्टर जॉर्ज, एएचटीयू थाना प्रभारी राम पाल मिश्रा, रागिनी , प्रेम, रामपाल के साथ साथ क्षय विभाग कछवा के प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, मनभावन, आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा ने झज्जर के एनसीआई-एम्स में दूसरे एम्स ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की स्थिति बदल रही है और एनसीआई जैसे संस्थानों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट संभव हुआ हैः श्री नड्डाआयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 26 करोड़ से अधिक लोगों की ओरल कैंसर, 14 करोड़ लोगों की ब्रेस्ट कैंसर और 9 करोड़ लोगों की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई एबी-पीएमजेएवाई के तहत नामांकित मरीजों के 30 दिनों के भीतर कैंसर के इलाज तक पहुंच में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई देश भर में फैली 217 अमृत फार्मेसियों के माध्यम से कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के लिए 5200 दवाएं सस्ती दर पर उपलब्ध कराई गई हैं 289 ऑन्कोलॉजी दवाइयां बाजार मूल्य से 50 प्रतिशत तक की छूट पर दी जा रही हैं, जिससे 5.8 करोड़ लाभार्थियों को कुल 6567 करोड़ रुपये की बचत हुई है झज्जर के एनसीआई-एम्स के लिए 720 अतिरिक्त पदों की घोषणा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज झज्जर के एम्स परिसर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में दूसरे एम्स ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। झज्जर के एम्स परिसर का राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) भारत में सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं में से एक है, जो अभिनव कैंसर देखभाल और अनुसंधान क्षमताएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। एम्स ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव का उद्देश्य भारत के सभी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) में ऑन्कोलॉजी के प्रमुखों विशेषज्ञों को एक साथ लाना है, ताकि कैंसर देखभाल, उपचार पद्धतियों और मौजूदा अनुसंधान पहलों में प्रगति पर चर्चा की जा सके। ब्रेस्ट कैंसर और सिर व गर्दन के कैंसर पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कॉन्क्लेव ने ऐसे कैंसर की रोकथाम और प्रबंधन में सहयोगी प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, श्री नड्डा ने 2019 में इसके उद्घाटन के बाद से एनसीआई के विकास और प्रगति पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि संस्थान 6 वर्ष की छोटी सी अवधि में एक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में विकसित हो गया है और समय के साथ, यह बहु-विषयक देखभाल तथा बेहतर रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने वाले एक रेफरल केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने इस दिशा में प्रगति के लिए संस्थान के डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और प्रशासन के समर्पण की सराहना की। श्री नड्डा ने एनसीआई में नवनिर्मित न्यूक्लियर मेडिसिन टार्गेटेड ट्रीटमेंट वार्ड और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) यूनिट का भी विशेष दौरा किया, जिसका उद्देश्य क्रमशः थायरॉयड कैंसर और हेमेटोलिम्फोइड कैंसर के लिए अत्याधुनिक उपचार विकल्पों के माध्यम से रोगी के परिणामों में सुधार करना है। इन विस्तार के महत्व को रेखांकित करते हुए, श्री नड्डा ने कहा ये नई सुविधाएं इस क्षेत्र के कई कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक देखभाल प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, भारतीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की स्थिति बदल रही है और एनसीआई जैसे संस्थानों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट संभव हुआ है।

उन्होंने न्यूक्लियर मेडिसिन टार्गेटेड ट्रीटमेंट वार्ड की उच्च-गुणवत्ता वाली सटीकता और उच्च-गुणवत्ता वाली सेवाओं की प्रशंसा की तथा रेखांकित किया कि ये सुविधाएं हार्डवेयर हैं जबकि संकाय सदस्य और डॉक्टर मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली विकसित करने के सॉफ्टवेयर हैं। श्री नड्डा ने यह भी कहा "कैंसर एक कठिन निदान है जो भय पैदा करता है- न केवल बीमारी का, बल्कि भविष्य का, आजीविका का, प्रियजनों को खोने का, और अपरिहार्य आर्थिक और भावनात्मक तनाव का।" उन्होंने इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा विकसति एनसीआई में विश्राम सदन का भी दौरा किया और सराहना की। यह मरीजों के परिचारकों (अटेंडेंट) के लिए किफायती आवास प्रदान करता है, जिससे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान परिवारों को सहायता मिलती है। यह जरूरतमंदों को मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक सहायता भी प्रदान करता है, जो अन्य के लिए एक मानक स्थापित करता है। संस्थान में नवाचार की सराहना करते हुए, श्री नड्डा ने कहा संस्थान स्टार्टअप के साथ सहयोग कर रहा है, पीएचडी छात्रों को शामिल कर रहा है और एम्स के वैज्ञानिकों को ऐसे अनुसंधान में शामिल कर रहा है, जिसमें न केवल बाजार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग होंगे। एक इनक्यूबेटर के रूप में, सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीएमआईई) स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और उनका सहयोग करने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय स्टार्ट-अप को एम्स के संकाय और वैज्ञानिकों के परामर्श व मार्गदर्शन का लाभ उठाने में सक्षम बनाकर और उन्हें नाममात्र भुगतान पर एम्स में उन्नत प्रयोगशाला उपकरणों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके, सीएमआईई नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उन बूट कैंपों की भी सराहना की, जिन्होंने उभरते स्टार्ट-अप और उद्यमियों को भारत में, भारत के लिए स्वास्थ्य सेवा समाधानों के बारे में विचार और निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 को संबोधित किया

बड़े राष्ट्र हों या वैश्विक मंच आज भारत में उनका विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है : प्रधानमंत्री विकसित भारत के विकास की गति उल्लेखनीय है : प्रधानमंत्री कई आकांक्षी जिले अब देश के प्रेरणादायक जिलों में बदल गए हैं : प्रधानमंत्री बैंकिंग सुविधा से वंचितों को जोड़ना, असुरक्षितों को सुरक्षित करना और गैर-वित्त पोषित लोगों को धन की उपलब्धता सुनिर्श्चित कराना हमारी रणनीति रही है : प्रधानमंत्री हमने व्यापार चिंता को कारोबार में सुलभता में बदल दिया है : प्रधानमंत्री भारत पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों से चूक गया, लेकिन चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाने को तैयार : प्रधानमंत्री भारत की विकसित भारत बनने की यात्रा में हमारी सरकार निजी क्षेत्र को एक प्रमुख भागीदार के रूप में देखती है : प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से उबरे : प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ईटी नाउ समिट के पिछले संस्करण में उन्होंने बड़ी विनम्रता से कहा था कि भारत अपने तीसरे कार्यकाल में नई गति से काम करेगा। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि यह गति अब स्पष्ट है और इसे देश से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा और नई दिल्ली के लोगों को विकसित भारत के प्रति प्रतिबद्धता के लिए अपार समर्थन दिखाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इसे इस बात की मान्यता के रूप में स्वीकार किया कि कैसे देश के नागरिक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

फ्रांस और अमेरिका की अपनी यात्रा से कल लौटे श्री मोदी ने कहा कि आज चाहे बड़े देश हों या वैश्विक मंच भारत में उनका विश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि यह भावना पैरिस में एआई एक्शन समिट में भी परिलक्षित हुई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक भविष्य की चचाओं के केंद्र में है और कुछ मामलों में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि यह 2014 के बाद से भारत में सुधारों की एक नई क्रांति का परिणाम है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत पिछले दशक में दुनिया की शीर्ष 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है, जो विकसित भारत के विकास की गति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि कुछ ही वर्षों में लोग जल्द ही भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देखेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे युवा देश के लिए यह आवश्यक गति है और भारत इसी गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि पिछली सरकारें कड़ी मेहनत न करने की मानसिकता के साथ सुधारों से बचती थीं। उन्होंने कहा कि आज भारत में जो सुधार किए जा रहे हैं, वे पूरे विश्वास के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस बात पर शायद ही कोई चर्चा हुई हो कि बड़े सुधार देश में कैसे महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में उपनिवेशवाद (गुलामी) के बोझ तले जीना एक आदत बन गई थी। आजादी के बाद भी ब्रिटिश काल के अवशेषों को ढोया जाता जाता रहा। उन्होंने एक उदाहरण दिया जहां 'न्याय में देरी, न्याय न मिलना है' जैसे वाक्यांश लंबे समय तक सुने जाते रहे, लेकिन इस मुद्दे के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि समय के साथ लोग इन चीजों के इतने आदी हो गए कि उन्हें बदलाव की जरूरत ही नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो अच्छी चीजों के बारे में चर्चा नहीं होने देता है और ऐसी चचाओं को रोकने में ऊर्जा लगाता है। श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में सकारात्मक चीजों पर चर्चा और मंथन होना महत्वपूर्ण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एक नैरेटिव बनाया गया है कि कुछ नकारात्मक कहना या नकारात्मकता फैलाना लोकतांत्रिक माना जाता है, जबकि अगर सकारात्मक चीजों पर चर्चा की जाती है, तो लोकतंत्र को कमजोर करार दिया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस मानसिकता से बाहर आना जरूरी है।

इस बात पर प्रकाश डाला कि हाल तक भारत में 1860 की दंड संहिताएं थीं, जिनका उद्देश्य औपनिवेशिक शासन को मजबूत करना और भारतीय नागरिकों को दंडित करना था। इस पर श्री मोदी ने कहा कि सजा पर आधारित व्यवस्था न्याय नहीं दे सकती, जिससे लंबे समय तक न्याय मिलने में देरी होती थी। उन्होंने कहा कि 7-8 महीने पहले नए भारतीय न्यायिक संहिता के कार्यान्वयन के बाद से उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि एक ट्रिपल मर्डर के मामले में एफआईआर दर्ज करने से लेकर सजा सुनाए जाने तक केवल 14 दिन लगे और इसमें अभियुक्त को उम्रकैद की सजा हो गई। इसी तरह एक नाबालिग की हत्या के मामले का निपटारा 20 दिन के अंदर कर लिया गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि गुजरात में 9 अक्टूबर, 2024 को दर्ज एक गैंगरेप के मामले में 26 अक्टूबर तक आरोप पत्र दायर किया गया और आज (15 फरवरी) अदालत ने आरोपियों को दोषी ठहराया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश का एक और उदाहरण दिया, जिसमें एक 5 महीने के बच्चे से जुड़े अपराध में अदालत ने अपराधी को 25 साल की सजा सुनाई। इस केस में डिजिटल साक्ष्य ने बड़ी भूमिका निभाई। एक अन्य मामले में ई-प्रिजन मॉड्यूल ने एक बलात्कार और हत्या के संदिग्ध का पता लगाने में सहायता की, जो पहले किसी अन्य राज्य में अपराध के लिए जेल जा चुका था, जिससे उसकी त्वरित गिरफ्तारी हुई। उन्होंने कहा कि अब ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों को समय पर न्याय मिल रहा है।

संपत्ति अधिकारों से संबंधित एक बड़े सुधार की ओर इशारा करते हुए श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन का उल्लेख किया जो दशार्ता है कि किसी भी देश में संपत्ति अधिकारों की कमी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में लाखों लोगों के पास संपत्ति के कानूनी दस्तावेजों का अभाव है। संपत्ति का अधिकार होने से गरीबी कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें इन जटिलताओं से अवगत थीं, लेकिन ऐसे चुनौतीपूर्ण कार्यों से बचती थीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के दृष्टिकोण से देश का निर्माण या संचालन नहीं किया जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना शुरू की गई, जिसमें देश के 3 लाख से अधिक गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण हुआ और 2.25 करोड़ से अधिक लोगों को संपत्ति कार्ड मिले। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में 100 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति को खोजा जा सका है उन्होंने कहा कि यह संपत्ति पहले भी मौजूद थी, लेकिन संपत्ति के अधिकार के अभाव के कारण इसका उपयोग आर्थिक विकास के लिए नहीं किया जा सका। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संपत्ति के अधिकार के अभाव के कारण ग्रामीण बैंकों से ऋण प्राप्त नहीं कर पाते थे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अब स्थायी रूप से हल हो गया है और आज देश भर से कई रिपोर्टें आ रही हैं कि स्वामित्व योजना संपत्ति कार्ड से लोगों को कैसे लाभ होता है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की एक महिला के साथ हाल ही में हुई बातचीत साझा की। उन्होंने बताया कि उस महिला को इस योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त हुआ। उसका परिवार 20 वर्षों से एक छोटे से घर में रह रहा था और जैसे ही उसे संपत्ति कार्ड मिला उसके बाद उसने एक बैंक से लगभग 8 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। इस पैसे से उन्होंने एक दुकान शुरू की और अब इस आय से वह परिवार चलाती है बच्चों की उच्च शिक्षा का खर्च पूरा करती है। दूसरे राज्य के एक अन्य उदाहरण को साझा करते हुए पीएम ने कहा कि एक ग्रामीण ने एक बैंक से 4.5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त करने के लिए अपने संपत्ति कार्ड का उपयोग किया और परिवहन व्यवसाय शुरू करने के लिए एक वाहन खरीदा। दूसरे गांव में एक किसान ने अपनी जमीन पर आधुनिक सिंचाई सुविधाएं स्थापित करने के लिए अपने संपत्ति कार्ड पर ऋण का उपयोग किया। प्रधानमंत्री ने ऐसे कई उदाहरणों पर प्रकाश डाला जहां गांवों और गरीबों को इन सुधारों के कारण आय के नए रास्ते मिले हैं। उन्होंने सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की वास्तविक कहानियां बताईं जो आमतौर पर समाचार पत्रों और टीवी चैनलों में सुर्खियां नहीं बनती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के बाद खराब शासन व्यवस्था की वजह से देश के कई जिले विकास से अछूते रह गए। श्री मोदी ने कहा कि इन जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उन्हें पिछड़ा करार दिया गया और उनके हाल पर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी उनके मुद्दों को हल करने को तैयार नहीं था और सरकारी अधिकारियों को सजा के रूप में पोस्टिंग कर वहां भेजा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने 100 से अधिक जिलों को आकांक्षी जिले घोषित करके इस दृष्टिकोण को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म स्तर पर प्रशासन में सुधार के लिए युवा अधिकारियों को इन जिलों में भेजा गया, जिन्होंने उन पैरामीटर्स पर काम किया, जिसकी वजह से ये जिले पिछड़ गए थे और प्रमुख सरकारी योजनाओं को मिशन मोड में लागू किया। उन्होंने कहा कि आज इनमें से कई आकांक्षी जिले प्रेरणादायक जिले बन गए हैं। एक उदाहरण का हवाला देते हुए श्री मोदी ने कहा कि 2018 में असम के बारपेटा में केवल 26 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात सही था, जो अब शत-प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के बेगुसराय में पूरक पोषण प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या 21 प्रतिशत थी और उत्तर प्रदेश के चंदौली में यह संख्या 14 प्रतिशत थी जबकि आज दोनों जिलों ने 100 प्रतिशत हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने बाल टीकाकरण अभियानों में उल्लेखनीय सुधार का भी उल्लेख किया। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में 49 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया, जबकि तमिलनाडु के रामनाथपुरम में यह 67 प्रतिशत से बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसी सफलताओं को देखते हुए देश में 500 ब्लॉकों को अब आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है और इन क्षेत्रों में तेजी से काम चल रहा है। शिखर सम्मेलन में मौजूद उद्योग जगत के दिग्गजों के व्यापार में दशकों के अनुभव को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने याद किया कि कैसे भारत में व्यावसायिक वातावरण उनकी इच्छा सूची का हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक दशक पहले भारतीय बैंक संकट में थे और बैंकिंग प्रणाली नाजुक थी, क्योंकि लाखों भारतीय बैंकिंग प्रणाली से बाहर थे। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में से एक है जहां ऋण तक पहुंच सबसे चुनौतीपूर्ण है। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार ने अलग-अलग रणनीति बनाई। इसके तहत बैंकिंग से वंचित लोगों को बैंक से जोड़ना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्त पोषित लोगों को धन देना शामिल है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन में काफी सुधार हुआ है, अब लगभग हर गांव में 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंक शाखा या बैंकिंग अभिकर्ता हैं।